

आज



राष्ट्ररत्न बाबू शिव प्रसाद जी गुप्त संस्थापक (आज)

श्रद्धेय सत्येन्द्र कुमार गुप्त जी

बरेली, रविवार 15 नवम्बर 2026 | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा उत्तराखण्ड से प्रकाशित | महानगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य 4 रुपया



बरेली संस्करण का 38 वें वर्ष में प्रवेश

रूहेलखण्ड की पावन धरती पर (**आज**) का प्रकाशन 37 वर्ष पूर्व 1989 में आज ही के दिन हुआ था। हमने इसका प्रकाशन जब यहां से प्रारंभ किया था तब न तो प्रसार संख्या बढ़ाने के लिये आज की तरह अनेक प्रकार के हथकंडे अपनाये जाते थे और न ही मिर्च मसाला लगाकर समाचारों को परोसा जाता था। बाजारवाद के इस युग में सब कुछ बदल गया है। समाचारपत्रों का प्रकाशन मुख्य रूप से व्यवसाय हो गया है। शायद यही वजह है कि इस क्षेत्र में आने की होड़ मची है। समाचारपत्रों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस दरम्यान कई आये और गये परन्तु हम आज भी अपनी जगह पर उसी तरह खड़े है। इसकी वजह आप पाठकगण है। 37 वर्ष पूर्व जो प्यार, स्नेह और सहयोग आपने हमें दिया था उसी वजह से हम इतना लम्बा सफर तय कर पाये है। प्रकाशन के पहले दिन जिस संकल्प के साथ हमने अपनी यात्रा शुरू की थी। वह आज भी कायम है। बाजारवाद के इस दौर में हम कम कीमत पर अखबार उपलब्ध कराकर अपनी प्रतिबद्धता का पालन कर रहे है। हमारी कोशिश है कि समाज के अंतिम आदमी तक अखबार पहुंचे। हमारा मकसद अखबार के माध्यम से लाभ कमाना नहीं रहा है। निर्भीक पत्रकारिता एवं आदर्शोन्मुख जनसेवा हमारी प्राथमिकता है। हम पाठकों को गुमराह कर अपनी प्रसार संख्या बढ़ाने में विश्वास नहीं रखते है। विरासत में मिली राष्ट्ररत्न बाबू शिव प्रसाद गुप्त की गौरवशाली परम्परा तथा यशस्वी सम्पादक सत्येन्द्र कुमार गुप्त के आदर्शों पर चलते हुये आज हम 38वें वर्ष में प्रवेश कर रहे है। इस दौरान हमें तरह-तरह की परेशानियों का भी सामना करना पड़ा, फिर भी हम अपने उद्देश्य से नहीं डिगे। आप हमारी पूंजी है। आपके विश्वास और सहयोग से ही इतना लम्बा सफर तय कर पाये है। हमारे लिये अखबार व्यापार नहीं मिशन है। सस्ती लोकप्रियता से हमें सख्त परहेज है। हमारी कोशिश होगी कि हम अपने पाठकों के समक्ष खरे उतरें। 1920 में जब (**आज**) का प्रकाशन वाराणसी से प्रारम्भ हुआ था तब समाचार पत्रों के प्रकाशन का उद्देश्य देश में जनजागरण पैदा कर बेहतर समाज बनाना था। इन्हीं शब्दों के साथ परम आदरणीय अम्मा जी को नमन करते हुये भी मेरा यही लक्ष्य है। ऐसे मौके पर हम आपको यह विश्वास दिलाते है कि चाहे जितने भी झंझावत आये हम अपने उद्देश्य से नहीं भटकेंगे और आपकी उम्मीदों पर उतरने का हर सम्भव प्रयास करेंगे।

आपके सुझाव का हम स्वागत करते है।

- शार्दूल विक्रम गुप्त

यूपी में अग्निवीरोंको 20 प्रतिशत आरक्षण-योगी

शहीद के परिवारों को 50 लाख की सहायता, वीरता पुरस्कार राशि होगी दोगुनी



मेरठ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मेरठ के कुलवंत सिंह स्टेडियम में आयोजित पूर्व सैनिक सम्मान रैली को संबोधित करते हुए सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार की योजनाओं का ब्योरा दिया। उन्होंने शहीद सैनिकों के परिवारों को मिलने वाली अनुग्रह राशि 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये किये जाने, अग्निवीरों को विभिन्न विभागों में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण और पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार के अवसरों का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों और उनके परिवारों की चिंता करना किसी भी सरकार का पहला दायित्व होना चाहिए। वर्दीधारियों का सम्मान डबल इंजन सरकार का संकल्प है। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले शहीद सैनिकों के परिवारों को 20 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाती थी। प्रदेश सरकार ने इसे बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया है। उनके अनुसार, अब तक 150 शहीद परिवारों को 59 करोड़ 50 लाख रुपये की सहायता दी जा चुकी है। वर्ष 2018 में शहीद के आश्रित को सरकारी नौकरी देने की व्यवस्था भी लागू की गयी। मुख्यमंत्री ने शहीदों की स्मृति में किये गये कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में 200 स्मारक, 61 स्मृति द्वार और 78 प्रतिमाएं स्थापित की गयी हैं। इसके अलावा 21 विद्यालयों, 48 सड़कों और तीन स्टेडियम का नामकरण शहीद सैनिकों के नाम पर किया गया है। मुख्यमंत्री ने अग्निवीरों के लिए लागू आरक्षण व्यवस्था का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सेना में सेवा पूरी करने के बाद लौटने वाले अग्निवीरों को उत्तर प्रदेश पुलिस, कारागार विभाग, वन विभाग और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया गया है। सीएम ने कहा कि सेना के अनुशासन और प्रशिक्षण से तपकर आने वाले नौजवान उत्तर प्रदेश पुलिस और शासन की ताकत बनेंगे। उन्होंने पूर्व सैनिकों के अनुभव को भी प्रदेश के विकास में उपयोगी बताया। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2021 में समूह 'ख' के पदों पर पूर्व सैनिकों के लिए पांच प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया। उनके मुताबिक, पिछले तीन वर्षों में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से 647 पूर्व सैनिक सरकारी सेवा में चयनित हुए हैं। वहीं, सैनिक कल्याण निगम के माध्यम से वर्तमान में लगभग 31,700 पूर्व सैनिकों को रोजगार दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पावर कॉरपोरेशन, मेडिकल कॉलेजों और अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी पूर्व सैनिकों को सौंपने का निर्णय लिया गया है। नगर निकायों के प्रवर्तन दलों में भी पूर्व सैनिकों की तैनाती की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 से अब तक प्रदेश सरकार की सैनिक कल्याण योजनाओं के तहत 96 करोड़ 78 लाख रुपये की सहायता दी गई है। सैनिक पुनर्वास निधि से 15 हजार से अधिक लाभार्थियों को 115 करोड़ रुपये वितरित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों और उनकी पत्नियों को छह हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। कारगिल के शहीदों की वीर नारियों और माता-पिता को भी प्रदेश सरकार की ओर से मासिक पेंशन दी जा रही है। किर्की और मोहाली के पैराप्लेजिक केंद्रों में उपचार करा रहे प्रदेश के 100 प्रतिशत दिव्यांग सैनिकों की वार्षिक सहायता बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपये कर दी गयी है। सैनिकों के बच्चों की पढ़ाई के लिए भी शिक्षा अनुदान दिया जा रहा है।

बरेली संस्करण का 38वें वर्ष में प्रवेश

लखनऊ में वकीलों का प्रदर्शन

लखनऊ। लखनऊ में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग को लेकर शनिवार को बड़ी संख्या में वकीलों ने प्रदर्शन किया। हजरतगंज चौराहे पर नारेबाजी करते हुए विधानसभा की ओर बढ़ रहे अधिवक्ताओं ने पुलिस की एक बैरिकेडिंग तोड़ दी। इसके बाद कुछ वकील दूसरी बैरिकेडिंग पर चढ़ गए और आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे। अधिवक्ताओं का पैदल मार्च कैसरबाग स्थित न्यायालय परिसर से शुरू हुआ।

शुभकामना

'आज' हिन्दी दैनिक बरेली संस्करण के 38वें वर्ष में प्रवेश पर सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभेच्छुओं, समाचार पत्र अभिकर्ताओं बंधुओं को 'आज' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

व्यवस्थापक



भारत में 2014 में खत्म कर दिया गया था लोकतन्त्र-राहुल

हैदराबाद। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत सम्मेलन 2026 के समापन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव और निर्वाचन आयोग को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का भी जिक्र किया। राहुल गांधी ने कहा, 2024 के लोकसभा चुनाव में जिन 14 करोड़ लोगों ने वोट दिया था, कुछ महीने पहले उन्हें या तो ऐसा मतदाता बताया गया जिसका कोई अस्तित्व नहीं था या फिर ऐसा व्यक्ति बताया गया जिसने वोट ही नहीं दिया था। अगर निर्वाचन आयोग ने 14 करोड़ मतदाताओं को अवैध गैर-मतदाता घोषित कर दिया है, तो फिर वह चुनाव वैध कैसे हो सकता है? उन्होंने आगे कहा महाराष्ट्र इसका एक उदाहरण है। वहां पहले लोकसभा चुनाव हुआ। जब हमने इसकी बारीकियों को देखना शुरू किया, तो पाया कि दोनों चुनावों में हमें बिल्कुल बराबर वोट मिले थे। तीन महीने में 70 लाख नये मतदाता जुड़ गये। इसके बाद भाजपा चुनाव जीत गयी। राहुल गांधी ने कहा, 2014 में हमने एक बिल्कुल नया चुनाव देखा। ऐसा चुनाव हमने पहले कभी नहीं देखा था। राजनीतिक व्यवस्था में लाखों-करोड़ों डॉलर लगाये गये। जिस चुनावी व्यवस्था का इस्तेमाल करीबी मुकाबलों और गठबंधन की राजनीति के लिए किया जाता था, उसे अचानक पूरी तरह बदल दिया गया।

कहा-14 करोड़ मतदाता अवैध होनेपर वैध कैसे हो सकता है चुनाव





विदेशी कारोबार में भारत का 45 प्रतिशत बढ़ा वस्तु निर्यात

नयी दिल्ली। भारत के विदेशी कारोबार के लिए अक्टूबर का महीना शानदार रहा है. देश से विदेश भेजे जाने वाले सामान यानी वस्तु निर्यात में करीब 45 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई और यह अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 49.47 अरब डॉलर पर पहुंच गया. खास बात यह है कि वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर भारत का कुल निर्यात भी रिकॉर्ड 89.99 अरब डॉलर रहा. वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक सामान, रत्न-आभूषण और इंजीनियरिंग सामान की बढ़ती मांग ने निर्यात को नई ऊंचाई तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं, इस दौरान भारत का आयात भी बढ़ा है. अक्टूबर में वस्तुओं का आयात 89.35 अरब डॉलर रहा. हालांकि, पिछले साल के मुकाबले वस्तुओं का व्यापार घाटा कम हुआ है. आइए समझते हैं कि अक्टूबर में भारत के विदेशी कारोबार की तस्वीर कैसी रही और किन क्षेत्रों ने निर्यात को मजबूती दी। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर 2026 में भारत का वस्तु निर्यात सालाना आधार पर 45.06 फीसदी बढ़कर 49.47 अरब डॉलर हो गया. अक्टूबर 2025 में यह 34.11 अरब डॉलर था. यानी एक साल में भारत के सामानों की विदेशों में बिक्री में बड़ी बढ़ोतरी हुई है. वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि अक्टूबर में वस्तु निर्यात ने अब तक का सबसे ऊंचा मासिक स्तर हासिल किया है. साथ ही, पिछले पांच वर्षों में यह मासिक आधार पर सबसे ज्यादा 45.06 फीसदी की वृद्धि है। निर्यात के साथ भारत का आयात भी बढ़ा है. अक्टूबर 2026 में देश का वस्तु आयात 89.35 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले साल अक्टूबर में यह 76.69 अरब डॉलर था. हालांकि, व्यापार घाटे में कमी आई है. अक्टूबर 2026 में वस्तुओं का व्यापार घाटा 39.88 अरब डॉलर रहा, जबकि अक्टूबर 2025 में यह 42.58 अरब डॉलर था. दरअसल, जब किसी देश के आयात का मूल्य उसके निर्यात से ज्यादा होता है, तो दोनों के बीच के अंतर को व्यापार घाटा कहते हैं. अक्टूबर में निर्यात में तेज बढ़ोतरी के कारण इस घाटे में कमी देखने को मिली। अक्टूबर के विदेशी व्यापार आंकड़ों में सोने का आयात भी खास चर्चा में रहा. इस महीने सोने का आयात घटकर 5.51 अरब डॉलर रह गया, जबकि अक्टूबर 2025 में यह 14.72 अरब डॉलर था. यानी एक साल में सोने के आयात के मूल्य में काफी गिरावट आई है. यह बदलाव अक्टूबर के कुल आयात आंकड़ों वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, अक्टूबर में भारत के निर्यात को कई क्षेत्रों से मजबूती मिली. इनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं- पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक सामान, रत्न और आभूषण, ऑर्गेनिक और इनऑर्गेनिक केमिकल, इंजीनियरिंग सामान. इन क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन से भारत के कुल वस्तु निर्यात को बढ़ावा मिला. खास बात यह रही कि निर्यात में बढ़ोतरी किसी एक उद्योग या क्षेत्र तक सीमित नहीं रही। चालू वित्त वर्ष 2026-27 के पहले सात महीनों में भी भारत के वस्तु निर्यात में अच्छी बढ़त दर्ज की गई है. वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल से अक्टूबर 2026 के बीच वस्तु निर्यात 309.06 अरब डॉलर रहा।

पहली बार 89.99 अरब डॉलर पहुंचा एक्सपोर्ट

छठ महापर्व के दूसरे दिन हुआ खरना,निर्जला व्रत आज से



बरेली (आज समाचार सेवा)। पूर्वांचल के प्रमुख महापर्व छठ पूजा के दूसरे दिन आज शनिवार को व्रतियों महिलाओ ने व्रत रखकर शाम को खीर फल आदि का प्रसाद ग्रहण किया। कल रविवार को व्रती महिलाएं बेदी की पूजा कर दीपदान की रस्म पूरी करेंगी इसके अलावा कल रविवार से निरजला प्रारभ होगा जो सोमवार की प्रता: उगते सूर्य को अर्घ्य देकर समापन होगा। शाम को सूर्य को अर्घ्य देने के लिए कल व्रत रखने वाली महिलाएं घाटों पर चली जायेगी। खरना वाले दिन आज शनिवार को व्रत रखकर व्रती महिलाओं ने सूर्य देवता की पूजन अर्चन कर छठ मईया की पूजा की तथा शाम को खीर,पूरी आदि केले के पत्ते में रखकर गौ माता को अर्पण के उपरान्त महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महापर्व छठ पूजा के लिये यहां पर न्यू रेलवे मॉडल कॉलोनी सुभाष नगर कैंट आदि इलाकों में बड़े पैमाने पर छठ पूजा की तैयारी की गयी है। आज महिलाओं ने छठ पूजा से सम्बंधित गीत भी गाये। गौरतलब है कि छठ पूजा पूर्वांचल का प्रमुख त्यौहार है। पूर्वांचल मे यह त्यौहार बहुत ही धूमधाम से पूरी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया जाता है। तीन दिनों तक चलने वाली इस पूजा में महिलायेंव्रत रखकर छठ माता की पूजा अर्चना करती हैं। रूहेलखण्ड में पूर्वांचल से आकर बसे सैकड़ों परिवार भी यहां पर भी छठ मईया की पूजा अर्चना करते हैं। यहां पर पूर्वांचल समाज के तमाम लोग इज्जतनगर, राजेन्द्रनगर, धोपेश्वरनाथ व सुभाषनगर आदि इलाकों में रहते है। जिसमे अधिकतर परिवार पूर्वांचल की प्रमुख पूजा छठ पूजा यही मानते है। एयर फोर्स गेट पर स्थापित मंदिर में अस्थायी पोखर बनाकर महिलाओं ने छठ पूजा की। सुभाषनगर इलाके में तथा धोपेश्वरनाथ मंदिर में भी छठ मय्या की पूजा अर्चना की गयी। खरना के साथ आज से व्रती महिलाओं ने व्रत शुरू कर दिया। कल घाटों पर जाकर डूबते सूरज को अर्घ दिया जायेगा। मंगलवार को उगते सूरज को अर्घ देने के साथ व्रत पारयण होगा। पूर्वांचल के लोगों को पूरे वर्ष भर इस पर्व का इंतजार रहता है इस पर्व में सूर्य पूजन का महत्व इस लिए भी खास है कि वह प्रत्यक्ष दिखते हैं और सभी प्राणियों के जीवन के मूल आधार हैं। सूर्य के साथ ही छठ मैया की पूजा भी की जाती है। मान्यता के अनुसार, षष्ठी माता संतानों की रक्षा करती हैं और उन्हें स्वस्थ और दीर्घायु बनाती हैं। इस पर्व के दौरान भगवान सूर्य देव की पूजा-अर्चना और अर्घ्य देने का विधान है। इस व्रत को विवाहित महिलाएं विधिपूर्वक करती हैं। साथ ही पुरुष भी जीवन में आने वाले संकटों को दूर करने के लिए भगवान सूर्य देव की उपासना करते हैं।मीरगंज बरेली। छठ पूजा, सूर्यदेव और छठी मैया की भक्ति का अनुपम पर्व रविवार को विशेष उत्साह से मनाया गया। यह चार दिवसीय महापर्व नहाय-खाय से शुरू होकर उदय अर्ध्यर्ं तक चलता है। दूसरा दिन 'खरना' या 'लोहंडा' का है , जहां व्रती गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद बनाते हैं। लेकिन खास बात यह है कि प्रसाद मिट्टी के नए चूल्हे पर आम की लकड़ी जलाकर ही बनाया जाता है। खरना पूजा के साथ 36घंटे का निर्जला उपवास आरंभ हो गया। शाम को मिट्टी का नया चूल्हा तैयार किया जाता है, जिसमें पहले कभी कोई भोजन न पकाया गया हो। चूल्हे को जलाने के लिए आम की सूखी लकड़ी का उपयोग होता है।पीतल या मिट्टी के वर्तन में गुड़, चावल, दूध और घी से बनी खीर पकाई जाती है।

न्यूज अपडेट

भाई के साथ मीरगंज जा रही विवाहिता की बाइक से गिर कर मौत

मीरगंज (आज ब्यूरो)। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गाँव में भैया दूज मनाने आई विवाहिता की भाई के साथ मीरगंज जाते समय रास्ते में गिरकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम को भेजा है। स्थानीय थाना के गांव मोहम्मदगंज निवासी अशोक पाल माली की पुत्री सविता (28) का विवाह बरेली के मोहल्ला जगतपुर के मिश्रा पब्लिक स्कूल के पास निवासी पंकज के साथ हुआ था। बीते दिन विवाहिता अपने मायके भईया दूज करने आई थी आज शनिवार को वह अपने भाई सूरज के साथ दोपहर करीब 12 बजे बाईक पर बैठकर मीरगंज आ रही थी हुरहुरी मीरगंज के बीच बाईक असंतुलित होने के कारण वह चलती बाईक से नीचे गिर गई। और घायल हो गई। भाई अपनी बहिन को घायल अवस्था में लेकर स्थानीय सीएचसी पहुंचा। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीएचसी की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

जमीन विवाद में मारपीट,फायरिंग का आरोप

फतेहगंज पूर्वी (आज ब्यूरो)। थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर कुछ लोगों पर मारपीट करने,फायरिंग करने और मोबाइल फोन तोड़ने का आरोप लगा है।पीड़ित ने थाना फतेहगंज पूर्वी पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।ग्राम कजरौटा निवासी दुर्गेश शर्मा ने पुलिस को दिए गये शिकायती पत्र में बताया कि उनकी कृषि भूमि गाटा संख्या 0027 को लेकर विवाद चल रहा है।इस मामले में फरीदपुर सिविल कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है।आरोप है कि इसके बावजूद कुछ लोग उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया।मारपीट में उन्हें चोटें आई और कपड़े भी फट गए। शोर मचाने पर आसपास के लोगों के पहुंचने से उनकी जान बच सकी।आरोप है कि इस दौरान वहा मौजूद अज्ञात लोगों ने तमंचे से फायरिंग भी की थी।वहीं,घटना का वीडियो बनाने के दौरान उनका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया गया।वही दूसरे पक्ष प्रेम नारायण मिश्रा ने भी आरोप लगाते हुए तहरीर दी है कि उन्होंने जमीन खरीदी थी जिस पर गेंहू की बुवाई की जा रही थी उक्त लोगों ने मारपीट कर दी।थाना प्रभारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि दोनो पक्ष की तरफ से तहरीर आयी पुलिस जांच कर रही है।

बरेली रेंज में अब लापरवाह पुलिस कर्मियों की भी खैर नहीं: डी आई जी मुनिराज जी

बरेली(आज समाचार सेवा)। बरेली रेंज की कमान संभालने के बाद नए डी आई जी मुनिराज जी ने अपनी प्राथमिकताओं को लेकर सख्त रुख जाहिर कर दिया है। पुलिस लाइन में पत्रकारों के साथ आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने साफ संकेत दिए कि अब पुलिस की जवाबदेही सिर्फ अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि थानों में होने वाली सुनवाई, विवेचना की गुणवत्ता और पुलिसकर्मियों के व्यवहार की भी निगरानी होगी। जनता की शिकायतों को नजरअंदाज करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।मीडिया से बातचीत के दौरान डी आई जी ने पुलिस तथा मीडिया के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि करीब आठ साल बाद पत्रकारों से मुलाकात हो रही है। पुलिस और मीडिया के बीच संवाद बना रहना जरूरी है, जिससे आम लोगों की समस्याओं और जमीनी परिस्थितियों की जानकारी मिलती रहे।डी आई जीमुनिराज जी ने जनसुनवाई को अपनी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल किया है। उनका जोर इस बात पर रहेगा कि पीड़ितों की शिकायतों पर निष्पक्ष जांच हो और उन्हें न्याय मिले। किसी मामले में पुलिस की भूमिका संदिग्ध पाई जाती है या शिकायत के निस्तारण में जानबूझकर लापरवाही की जाती है तो संबंधित पुलिसकर्मी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। यानी कार्रवाई की कसौटी पर केवल आरोपी ही नहीं, बल्कि पुलिस का अपना अमला भी रहेगा।बदलते दौर में सोशल मीडिया कानून-व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है। इसे देखते हुए सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक खबरों, अफवाहों और माहौल बिगाड़ने वाली पोस्ट पर निगरानी रखने पर जोर रहेगा। पुलिस ऐसी गतिविधियों को गंभीरता से लेते हुए कानून के दायरे में कार्रवाई करेगी। संवेदनशील मुद्दों पर किसी भी तरह की अफवाह फैलने से रोकना भी पुलिस की प्राथमिकता होगी।बरेली रेंज के अंतर्गत आने वाले बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर में पुलिस की कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाएगी। अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था और पुलिसकर्मियों की सक्रियता पर लगातार नजर रहेगी। प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। किसी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर जवाबदेही तय की जाएगी।आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संवेदनशील इलाकों, चुनावी गतिविधियों और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। पुलिस की तैयारियों का आकलन कर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।



रंजिश में युवक से 30 हजार रुपये छीनने व तमंचे से फायरिंग

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला तहसील के भमोरा थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने जमीन छुड़ाने के लिए रुपये लेकर जा रहे एक युवक से 30 हजार रुपये लूट लिए। विरोध करने पर आरोपियों ने युवक के साथ मारपीट की और घर तक पीछा कर तमंचे से फायरिंग की। मामले में चौकी पुलिस की ओर से कार्रवाई न होने पर पीड़ित की पत्नी ने एसएसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।गांव फिरोजपुर निवासी लाल देई पत्नी धर्मपाल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बीती 10 नवंबर की रात करीब आठ बजे उनके पति गांव के ही गुड्डू को गिरवी रखी जमीन छुड़वाने के लिए 30 हजार रुपये देने जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही कुछ दबंगों ने पुरानी रंजिश के चलते उन्हें घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने जबरन 30 हजार रुपये छीन लिए।पीड़िता के अनुसार, उनके पति किसी तरह जान बचाकर घर भागे, लेकिन आरोपियों ने पीछा करते हुए घर पर आकर तमंचे से फायरिंग कर दी। महिला का कहना है कि घटना के अगले दिन ही उन्होंने बल्लिया पुलिस चौकी में तहरीर दी

स्व-गणना के लिए आमजन को प्रेरित करें उचित दर विक्रेता-एडीएम

बरेली(आज समाचार सेवा)। भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) के अन्तर्गत 16 नवम्बर से 30 नवम्बर 2026 तक स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की प्रक्रिया संचालित की जाएगी।



अभियान को सफल बनाने तथा अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आमजन को जागरूक करने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में महानगर बरेली में कार्यरत समस्त उचित दर विक्रेताओं को स्व-गणना अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी(वि/रा) ने उचित दर विक्रेताओं को स्व-गणना की प्रक्रिया एवं उसके महत्व के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। सभी उचित दर विक्रेता 16 से 30 नवम्बर तक अपने प्रतिष्ठानों पर आने वाले राशन कार्डधारकों एवं आमजन को स्व-गणना के प्रति जागरूक करें तथा उन्हें निर्धारित अवधि में स्वयं अपनी गणना की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अधिकाधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाए, जिससे जनपद में स्व-गणना की प्रक्रिया में अधिक से अधिक नागरिक भागीदारी कर सकें। साथ ही स्व-गणना कार्य में लगी टीमों को भी आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने भी समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया कि वे इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए सक्रिय भूमिका निभाएं और जनसामान्य को स्व-गणना के लिए प्रोत्साहित करें। बैठक में समस्त उचित दर विक्रेता एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

एसडीएम ने कोटेदारों को स्व-गणना की जानकारी दी

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला में एसडीएम ने दी जानकारी में बताया कि जनगणना 2027 के दूसरे चरण में होने वाले स्व-गणना अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। तहसील सभागार में एसडीएम सुशील कुमार मिश्रा ने क्षेत्र के कोटेदारों को ऑनलाइन स्व-गणना की प्रक्रिया बताई।बैठक में जनगणना की तैयारियों और कार्ययोजना पर चर्चा हुई। एसडीएम ने कहा कि कोटेदारों का राशन कार्ड धारकों और आम लोगों से सीधा संपर्क रहता है, इसलिए वे अभियान की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं।उन्होंने कोटेदारों को अपनी दुकानों पर आने वाले राशन कार्ड धारकों और स्थानीय लोगों को स्व-गणना के महत्व और ऑनलाइन प्रक्रिया के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए। अभियान के तहत नागरिक घर बैठे अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

भाजपा चली गांव की ओर , ग्राम चौपाल शुरू

नवाबगंज (आज ब्यूरो)। पार्टी नेतृत्व के आवाहन पर भाजपा में ग्राम चौपाल लगाए जाने का कार्यक्रम आरम्भ हो गया है। इसी क्रम में आज ग्राम सतुइया में लगी चौपाल में सांसद व विधायक के साथ ही पार्टी नेताओं ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्यायों का संज्ञान लेकर इनके निराकरण का आश्वासन दिया । इस मौके पर पार्टी नेताओं ने केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकारों की जनहितकारी नीतियों का बखान भी किया । आयोजन में सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार व विधायक डा0 एमपी आर्य के अलावा भाजपा पिछडा वर्ग के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शैलेन्द्र विक्रम सिंह , क्षेत्रीय महामन्त्री जयपाल कश्यप, पालिकाध्यक्ष पति नीरेन्द्र सिंह राठौर , गन्ना चेयरमैन निर्भय गंगवार,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डा0 एके गंगवार, पूर्व प्रमुख धर्मेन्द्र गंगवार पिण्टू, पार्टी के भदपुरा मण्डल अध्यक्ष खेमकरन गंगवार, सुन्दरी मण्डल अध्यक्ष जयदीप सिंह व शक्ति केन्द्र संयोजक भानु गंगवार आदि शामिल रहे ।

फार्महाउस पर फायरिंग कर नगदी व जेवरात लूटे

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला तहसील के अलीगंज थाना क्षेत्र के गैनी गांव में एक बुजुर्ग किसान के फार्महाउस पर हमला कर लूटपाट की गई। आरोपियों ने फायरिंग की, ताले तोड़े और 50 हजार रुपए नकद, सोने के जेवर और एक घड़ी ले गए। किसान का आरोप है कि आरोपियों ने फार्महाउस पर अपना ताला लगाकर कब्जा भी कर लिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर 5 नामजद और 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की।गैनी गांव के 75 वर्षीय खेमकरण ने पुलिस को बताया कि उन्होंने ढाई साल पहले गुरचरण सिंह से 24 बीघा कृषि भूमि और उस पर बना मकान खरीदा था। लेखपाल जमीन की पैमाइश कर चुका है। दीपावली पर खेमकरण अपनी पत्नी के साथ बेटे के पास दिल्ली गए थे। मकान की देखरेख के लिए उन्होंने राणा उर्फ रंजीत और ब्रज किशोर को छोड़ा था।

विश्व मधुमेह दिवस पर मधुमेह से बचाव के बताए उपाय

मीरगंज (आज ब्यूरो)। विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर शनिवार को एफआरयू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएमओ डॉ. अजयफोटकल कुमार रहे। संगोष्ठी में चिकित्सकों ने मधुमेह के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि अनियमित खानपान, तनाव, मोटापा और शारीरिक श्रम की कमी मधुमेह के प्रमुख कारण हैं। समय पर ब्लड जांच और सही जीवनशैली से इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है।डिप्टीसीएमओ डॉ. अजय कुमार ने कहा कि मधुमेह को लेकर लोगों में जागरूकता की कमी है। 30 वर्ष से ऊपर के हर व्यक्ति को साल में एक बार शुगर की जांच अवश्य करानी चाहिए। मीठा, तला-भुना और जंक फूड से परहेज करें,सुबह रोज टहलें और योग करें।चिकित्साधीक्षक डॉ. वैभव राठौर ने कहा कि मधुमेह सिर्फ शुगर बढ़ना नहीं है, यह आंख, किडनी, हृदय और नसों को भी नुकसान पहुंचाता है। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र में आए मरीजों की निशुल्क शुगर जांच भी की गई और उन्हें खानपान को लेकर परामर्श दिया गया। चिकित्सक डॉ रोहन दिवाकर ,बीपीएम पुनीत कुमार सक्सेना,बीसीपीएम ,एलटी , स्टाफ नर्स, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में मरीज ,तीमारदार आदि मौजूद रहे।

स्कूलों मे मना पूर्व पीएम नेहरु का जन्मोत्सव, बाल दिवस

नवाबगंज (आज ब्यूरो)। पूर्व प्रधानमन्त्री चाचा नेहरू का जन्म दिन आज बाल दिवस के रूप में क्षेत्र के स्कूलों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर स्कूलों में बच्चों की प्रतियोगिताएं कराई गईं तो वहीं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डा0 ए के गंगवार , भाजपा महिला मोर्चे की जिलाध्यक्ष डा0 मीनाक्षी गंगवार तथा एशियन ला कालेज के एमडी नन्दकिशोर श्रीवास्तव ने स्कूली बच्चो को पुस्तकें व उपहार भेंट कर उन्हें पूर्व प्रधानमन्त्री के दृष्टांत सुनाते हुए संस्कारित शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया ।

हरिति पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया बाल दिवस

मीरगंज बरेली। एनएच-24 पर स्थित धनेटा के हरिति पब्लिक स्कूल में शनिवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य सौभाग्य चौधरी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक नरेंद्र चौधरी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वाल दिवस के उपलक्ष्य में लम्बी कूद,ऊँची कूद,दौड़ व वालीवाल प्रतियोगिताए आयोजित

शीशगढ़(आज ब्यूरो)। वाल दिवस के उपलक्ष्य में मानपुर स्थित स्वामी सोमनाथ इंटर कालेज में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन हुआ।जिसमें कालेज के छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया।छात्रों के प्रदर्शन को देख शिक्षक और अभिभावको ने तालियां बजाकर जोरदार स्वागत किया। अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को कालेज के प्रबंधक डॉ.धर्म सिंह पुरस्कृत कर सम्मानित किया।लम्बी कूद में बालक वर्ग में कक्षा 7 के संजय पुत्र राजकुमार प्रथम बालिका वर्ग में कक्षा 7 की अंजलि पुत्री प्रताप सिंह प्रथम ऊँची कूद में कक्षा 8 की अरीबा पुत्री शकील,कक्षा 9 की दीपा पुत्री चेतराम प्रथम रही।100 मीटर दौड़ में नितेश पुत्र सोमपाल प्रथम,लविश पुत्र धर्मपाल द्वितीय,तथा अक्षय पुत्र सत्यवीर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।200 मीटर दौड़ में अक्षय पुत्र सत्य वीर प्रथम,सुमित पुत्र बुद्धसेन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।400 मीटर दौड़ में लविश पुत्र धर्मपाल प्रथम,विवेक पुत्र राजकुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में लविश पुत्र ओमप्रकाश ने प्रथम तथा सुमित पुत्र राजपाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।वाली वाल प्रतियोगिता में विजेता टीम में आरिश, लविश, हिमांशु,अंकित,मोहित व अरुन आदि छात्र शामिल थे।

डंपर की टक्कर से बुजुर्ग का पैर कटा

आंवला। आंवला-भमोरा मार्ग पर पुरैना चौराहे के पास शनिवार शाम डंपर ने साइकिल से जा रहे 60 वर्षीय गंगा प्रसाद को टक्कर मार दी। हादसे में उनका दाहिना पैर कटकर अलग हो गया। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।आंवला थाना क्षेत्र के गुलेली गांव निवासी गंगा प्रसाद, दीनानाथ के बेटे हैं। वे जजमानी का काम करते हैं। शनिवार को वे साइकिल से पास के राजपुर खुर्द गांव जा रहे थे। पुरैना चौराहे के पास सामने से आ रहे डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी।हादसे के बाद राहगीर मौके पर जमा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने निजी एंबुलेंस से गंगा प्रसाद को आंवला सीएचसी पहुंचाया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल बरेली रेफर कर दिया।

सूचना

मैने अपने पुत्र मो0 रफीक के गलत चाल – चलन व हरकतों से परेशान होकर, उससे हर तरह के सम्बन्ध समाप्त कर अपनी समस्त चल – अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। जलील अहमद पुत्र जुम्मी बख्श निवासी ग्राम ईंध जागीर तह0 नवाबगंज जिला बरेली । पीसीनं. 8802

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक ओम प्रकाश शुक्ला एवं मुद्रक संजीव कृष्ण त्रिपाठी द्वारा **आज** हिन्दी दैनिक प्लाट संख्या ई.12, ई.13, रोड नं. 3, परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया बरेली से मुद्रित एवं प्रकाशित
वाराणसी-संत कबीर मार्ग,**गोरखपुर**-बैंक रोड,**प्रयागराज**-3 लीडर रोड,**कानपुर**-बांस मण्डी,**झांसी**-झॉकन बाग, **लखनऊ**-1 जापलिंग रोड, **आगरा**- महात्मा गांधी रोड, **पटना**-फ्रेजर रोड, **रांची**-नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**- न्यू काली माटी रोड साकची।

सम्पादकः
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय प्रबन्धक
संजीव कृष्ण त्रिपाठी

वर्ष-38 **पूर्ण संख्या**-*13290*

आर.एन.आई.पंजीयन संख्या-51068/90
पंजीकृत संख्या-बी.आर.189

दूरभाष
9412293665

ajbareilly@yahoo.com
aajbareilly@gmail.com

रजिस्ट्रेशन संख्या 205/99

पी.आर.बी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद बरेली न्यायालय के अधीन होंगे।

बरेली सिनेमा
जगत में
ता 13 से रोजाना 3 शो
रेट 30 50 एक और हिम्मतवाला
पात्र-चिरंजीवी की ऐक्शन फिल्म

इमरान की नज़्म पर फतवा जारी सार्वजनिक माफी की मांग


बरेली(आज समाचार सेवा)। तहरीक-ए-मदारियत काउंसिल के अध्यक्ष , सज्जादा नशीन, दरगाह जिन्दाशाह मदार के प्रबंधकसैयद इंतखाब आलम जाफरी ने इमरान प्रताप गढ़ी की वायरल नज़्म 'ऐ मेरे वालिदे मोहतरम' को लेकर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने दावा किया कि नज़्म में इस्तेमाल किए गए कुछ शब्दों से मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। इस मामले में जिंदाशाह मदार की ओर से उलेमा-ए-किराम से फतवा लिए जाने की बात भी कही।जाफरी ने कहा कि इस्लाम में तौहीद यानी अल्लाह की एकता और सर्वोच्चता ईमान की बुनियाद है। कुरान की सूरह इखलास सहित कई आयतों में स्पष्ट किया गया है कि अल्लाह का कोई साझीदार या बराबरी करने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि माता-पिता का सम्मान, उनकी सेवा और उनकी जायज़ बातों का पालन करना इस्लाम में बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन किसी इंसान की तुलना अल्लाह से करना स्वीकार्य नहीं है।उन्होंने आरोप लगाया कि नज़्म के एक शेर से इस्लामी मान्यताओं के विपरीत संदेश जाता है। जाफरी ने इमरान प्रताप गढ़ी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने, अल्लाह की बारगाह में सच्चे दिल से तौबा करने और कलमा पढ़कर तजदीदे ईमान करने की मांग की।उन्होंने कहा कि यह मांग किसी के अपमान के लिए नहीं, बल्कि धार्मिक आस्थाओं और ईमान की हिफाजत के लिए है।

जीडब्लूएस व खिदमत -ए-इंसानियत ने लगाया मोतियाबिन्द ऑपरेशन कैम्प

बहेड़ी । नगर मे जीडब्लूएस व खिदमत ए इंसानियत के द्वारा आयोजित 45वाँ मोतियाबिंद ऑपरेशन कैम्प 103 मरीजों की फ्री जाँच करके दवाई दी गई और 32 मरीजों को मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए पंजीकृत किया गय14 नवंबर को जीडब्लूएस व खिदमत ए इंसानियत की जानिब से एसआरएमएस श्री राममूर्ति स्मारक भोजीपुरा डॉक्टर्स टीम द्वारा गटूरी सेठ मार्केट मुंडिया गली बहेड़ी में 45ह्लद्ध मेडिकल हेल्थ कैम्प आयोजित किया गया,जीडब्लएस के सदर मीर सय्यद अफ़ज़ल अली, खिदमते ईंसानियत के जिम्मेदार मुहम्मद शादाब क़ादरी आदि मौजूद रहे।

श्री सनातन धर्म मंदिर में यीशु बजाज व लवी बहल के भजनों पर झूमे भक्त

बरेली(आज समाचार सेवा)। श्री सनातन धर्म मंदिर पंजाबी कॉलोनी मॉडल टाउन में चल रहे 11 दिवसीय वार्षिक कार्तिक महोत्सव के द्वितीय दिवस पर जगराओं पंजाब से पधारे युवा भजन गायक भैया यीशु बजाज और लवी बहल जी ने भजनों से पूर्व बताया कि कलियुग में श्री राधा नाम के जाप की महिमा को समस्त साधनाओं, तपस्याओं और मंत्रों में सर्वोपरि और अत्यंत दुर्लभ माना गया है। संतों और शास्त्रों के अनुसार, राधा नाम केवल एक शब्द नहीं, बल्कि साक्षात प्रेम, भक्ति और पूर्ण समर्पण का स्वरूप है। 'जहाँ राधा हैं, वहीं कृष्ण हैं।' जब कोई भक्त 'राधा' नाम का उच्चारण करता है, तो भगवान श्रीकृष्ण अति प्रसन्न होते हैं और बिना किसी कठिन नियम या विधि के भक्त पर अपनी कृपा बरसा देते हैं। जैसे ही कोई भक्त प्रेम और भाव से 'राधा' नाम का उच्चारण करता है, श्रीकृष्ण उसके



अनेक जन्मों के संचित पापों के लेखा-जोखा को समाप्त कर देते हैं भैया यीशु बजाज और भैया लवी बहल के द्वारा प्रस्तुत किए महफ़िल हो पागलों की तेरे नाम की हो चर्चास से भरा हुआ ये परिवार चाहिए राधा नाम गा सकूँ मैं तेरा प्यार चाहिए .मेरी एक ही रिश्तेदार बरसाने वाली मुझे मिला है उनका प्यार बरसाने वाली.तेनु हाल दिलां दे सुनवां मोढ़े उते सिर रख के श्यामा वे कुंडलां वालिया मैं तेरी हाँ आदि सुंदर सुंदर भजनों ने सभी को भाव विभोर और भक्ति में कर दिया कार्यक्रम की विश्राम से पूर्व राधा नाम के सत्संग पर सभी ने भव्य विभोर कर खूब आनंद लिया आज कि इस भजन संध्या के जजमान श्री अंकित सबलोक एवं श्री सौरभ खन्ना जी रहे आज के इस भजन संध्या में उमेश धमीजा, पवन चांदना,नवीन आनंद, बृजमोहन कक्कड़,राकेश भाटिया,यश दुसेजा, पुनीत अरोड़ा, जयदीप चांदना,सनी कक्कड़,मुदित बांगा ,सचिन नरूला आदि का विशेष सहयोग रहा।

युवक को वाहन ने रौंदा,मौत

फतेहगंजपूर्वी (आज ब्यूरो)।थाना क्षेत्र में देर रात नेशनल हाईवे मां वैष्णो ढाबा के सामने एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी घायल युवक को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर सबको शव का पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया मृतक युवक की पहचान राजीव निवासी ग्राम दलीनवादा थाना मीरानपुर कटरा शाहजहांपुर के रूप में हुई है मिली जानकारी के अनुसार राजीव फतेहगंज में ही एक प्राइवेट बस पर कंडक्टर का कार्य करता था शुक्रवार रात घर से बस पर जाने के लिए गया था लेकिन बस पर नहीं पहुंचा उसका हाईवे पर एक्सीडेंट हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल राजीव को बरेली उपचार हेतु एम्बुलेंस से भिजवाया।लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।थाना प्रभारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

बहेडी राइस मिल एसोसिएशन के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए भाजपा नेता नईम अहमद

बहेडी(आज ब्यूरो)। शुक्रवार की देर रात्रि पंडित राजा राम की की कोठी स्थित कम्पाउन्ड मे राइस मिल एसोसिएशन के चुनाव हुए। भाजपा नेता नईम अहमद को सर्व सम्मति से बहेडी राइस मिल एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी के सभी पदो पर निर्विरोध चयन हुआ । नई टीम बनने के बाद सदस्यो और व्यापारियो ने पदाधिकारियों को फूल मालाए पहनाकर स्वागत किया। और उन्हें बधाई दी। मो0 खालिद को उपाध्यक्ष, इन्तेखाब अहमद को महा सचिव, मो0 यासिन पप्पू को सचिव, अलीम अहमद को कोषाध्यक्ष, और नदीम अहमद को मीडिया प्रभारी, चुना गया। जलीस डायमण्ड और हाजी अब्दुल खालिद को संरक्षक बनाया गया। चुनाव का संचालन अलीम पप्पू ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष नईम अहमद ने कहा कि वे संगठन की जिम्मेदारी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएगे भाजपा नगर अध्यक्

रेलवे पुल के पास ट्रेन से कटकर युवक की मौत

फतेहगंज पश्चिमी (आज ब्यूरों)। शनिवार सुबह करीब सात बजे घर से रामपुर फैक्ट्री जाने के लिए निकले 28 वर्षीय सोवरन पुत्र रूपराम की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक के भाई कृष्णपाल ने बताया सोवरन रामपुर बैटरी निर्मित फैक्ट्री में मजदूरी करता था। शनिवार सुबह घर से रामपुर बैटरी फैक्ट्री जाने के लिए निकले थे। उनके साथ गांव दो लोग और थे। धनेटा फाटक पहुंचने पर अचानक वह रेलवे ट्रैक पर भाकड़ा नदी रेलवे पुल की ओर चल दिए साथ के लोगों ने रोका भी। लेकिन उन्होंने कह दिया बस अभी आया।पुल के पास पहुंचने पर वह दिल्ली से बरेली की ओर आ रही डाउन लाइन पर सवारी ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।सूचना मिलने पर घर में कोहराम मच गया। परिजन घटना स्थल पर पहुंच गए। पिता रूपराम, मां रुक्मणि देवी,पत्नी अनीता देवी, बेटी साक्षी और छोटे बेटे प्रशांत का रो-रोकर बुरा हाल है। भाई ने बताया की सोवरन के साथ गांव के छोटेलाल उर्फ जगन्नाथ और हरपाल भी थे। थाना प्रभारी प्रवीन कुमार ने बताया कि पुलिस ने सोवरन के शब को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम को भेजा है।

जमीन के विवाद में महिला को धमकाने व मारपीट का आरोप

क्योलड़िया (आज ब्यूरों)। जमीन के विवाद को लेकर एक महिला ने गांव के ही एक व्यक्ति पर गाली-गलौज, मारपीट, धमकी देने और जबरन कब्जा करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार, गांव भदपुरा निवासी धर्मपाल और उनकी पत्नी एवनकुमारी ने बताया कि उन्होंने करीब 68 वर्ग गज जमीन 50 हजार रुपये में खरीदी थी। आरोप है कि गांव के गोकरन पुत्र नन्हे लाल और उनकी पत्नी जमीन पर कब्जा करने की नीयत से आए दिन विवाद करते हैं। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ अभद्रता की और जमीन से सामान हटाने का प्रयास किया। विरोध करने पर जान से मारने तथा दुष्कर्म की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

भाई की शादी की तैयारी में जुटे युवक की गोली मारकर हत्या

सीबीगंज (आज समाचार सेवा)। अपने भाई की शादी की तैयारी में जुटे एक युवक की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। परिजन रात भर युवक को यहां वहां ढूंढते रहे लेकिन सुबह जब लोग टहलने निकले तो उन्होंने युवक के शव को सड़क किनारे झाड़ियों में खून से लथपथ पड़े देखा और परिजनों व पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसपी सिटी चिराग जैन थाना सीबीगंज पुलिस फॉरेंसिक टीम व परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजने के बाद घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्रित किए और जांच की। घटनास्थल से मृतक युवक की बाइक व 315 बोर का तमंचा बरामद किया है। घटना थाना सीबीगंज क्षेत्र के गांव बादशाह नगर की है। शनिवार को सुबह 6 बजे बादशाहनगर कॉलोनी में घाट के पास खाली पड़े प्लॉट में लोगों ने मिथुन मौर्य (22) पुत्र भूपराम मौर्य का शव पड़ा देखा। युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने की जानकारी सामने आते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर सीबीगंज पुलिस व फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। चिराग जैन पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और पुलिस अधिकारियों से वारदात के संबंध में कुछ सुराग मिल सके। मिथुन की हत्या के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वारदात



में जानकारी ली। पुलिस ने मौके से जरूरी साक्ष्य जुटाए और आसपास के लोगों से पूछताछ की। मृतक युवक की बाइक भी वहीं पास ही खड़ी थी। हत्यारों तक पहुंचने के लिए पुलिस ने जांच तेज कर दी है। पुलिस मृतक के सोशल मीडिया अकाउंट की भी बारीकी से जांच कर रही है। जिससे उसके आत्महत्या या फिर हत्या के बारे को किसने अंजाम दिया और हत्या के पीछे क्या रंजिश थी। घटनास्थल के आसपास की परिस्थितियों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर हत्यारों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। मिथुन की हत्या की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और वारदात का खुलासा करने के प्रयास किए जा रहे हैं।। मृतक युवक के पिता भूपराम मौर्या ने बताया कि मिथुन एक डॉक्टर के यहां कंपाउंड़ी करता था और शुक्रवार को वह अपने चचेरे भाई की शादी की दावत की तैयारी में जुटा था। शाम को 5 बजे वह नहा धोकर घर से दावत खाने के लिए चला गया था। लेकिन उसके बाद पूरी रात उसका कुछ अता-पता नहीं लगा। वे सारे लोग रात भर यहां वहां उसे ढूंढते रहे।

गोवर डालने गयी महिला को आधा दर्जन आरोपियों ने रास्ता रोक जमकर पीटा

सीबीगंज (आज ब्यूरों)। घर से बाहर गोबर डालने गई एक किशोरी को करीब आधा दर्जन आरोपियों ने रास्ते में रोक लिया और लात घुसों से जमकर मारा पीटा। जब वह इसकी शिकायत करने आरोपियों के पास गयी तो उसे भी गंदी-गंदी गाली देते हुए मारपीट करने लगे। पीड़ित ने थाना सीबीगंज पहुंचकर सभी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए कार्यवाही की मांग की है। थाना सीबीगंज के गांव रूपपुर निवासी किरन पत्नी स्व वीरपाल ने दर्ज मुकदमें में बताया कि कई दिनों से जब मेरी बेटी घर का गोबर डालने जाती है तो आरोपी सूरजपाल उसकी पत्नी सूरजमुखी उसकी बहू मोहिनी उसकी बेटी का रास्ता रोक लेते हैं और लड़के सुनील सचिन अजय मिलकर मेरी बेटी को गोबर डालने से रोकते हैं। 23 अक्टूबर को जब उसकी बेटी लक्ष्मी गोबर डालने गई तो वहां आरोपियों ने मेरी बेटी का रास्ता रोक कर उसे लात घूसों से जमकर मारा पीटा। वह रोती हुई घर आई और इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। जब वह शिकायत लेकर गई तो आरोपी सुनील सचिन अजय व सूरज पाल ने गंदी गंदी गालियां देते हुए उसके साथ भी मारपीट की और कहा कि अगर कहीं शिकायत की तो जान से मार देंगे। जब उसने डायल 112 पुलिस को सूचना दी तो मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर हमलावर फरार हो गए। पीड़िता थाना सीबीगंज पहुंची और लिखित तहरीर के माध्यम से आरोपियों पर मुकदमा पंजीकृत कराया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बास्केटबॉल पुरुष चयन ट्रायल 17 को

बरेली (आज समाचार सेवा)। 65वीं सीनियर पुरुष उत्तर प्रदेश स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2026 जो कि बरेली में आयोजित की जा रही है, बरेली बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव सोनू श्रोत्रिय के अनुसार यह प्रतियोगिता 24 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक आयोजित की जाएगी,जिसमें बरेली की पुरुष टीम भी प्रतिभागी करेगी, पुरुष टीम का चयन ट्रायल 17 नवंबर को शाम 4 बजे जूनियर बिशप कॉनरॉड स्कूल कैंट बरेली में आयोजित किया जाएगा इच्छुक खिलाड़ी अपना आधार कार्ड साथ लेकर आएंगे।

संस्कारों को संजीवनी है बाल रामायण :डॉ दीपंकर गुप्त

बरेली (आज समाचार सेवा)। आज के भौतिकवादी युग, उपभोक्तावादी प्रवृत्ति ,बनावटी और दिखावटी जीवन पद्धति, संस्कारहीनता से भरी व्यावहारिकता तथा स्वार्थवादी दृष्टि ने हमारे मानवीय मूल्यों , सद्भभावो , आदर्शों एवं सामाजिक जीवन आदि आदि को बहुत अधिक रूप से दुष्प्रभावित किया है। ऐसे परिवेश में, वर्तमान संदर्भ में आवश्यक है कि हम अपनी संस्कृति ,अपनी भाषा और राष्ट्र के हित में उनके संरक्षण एवं संवर्धन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं ,बच्चों में श्री राम के तप, त्याग ,आदर्शमयी जीवन से उन्हें जोड़ते हुए, उन्हें प्रेरित करते हुए, श्रेष्ठ मानव बनने की ओर प्रेरित करें। उन्हें श्री राम के जीवन के उच्च आदर्शों से परिचित कराते हुए उनमें संस्कारों का बीजारोपण करें। उन्हें शिक्षा के साथ संस्कार दें ताकि वे अपनी संस्कृति का अपने भविष्य का सुंदर निर्माण कर सकें । अपने गौरवशाली इतिहास का सम्मान और संरक्षण कर सकें। उपर्युक्त विचार बाल रामायण के रचयिता डॉ दीपंकर गुप्त ने आज राजकीय इंटर कॉलेज, घटपुरी की बालसभा में व्यक्त किए। बाल दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ दीपंकर गुप्त ने प्रधानाचार्य राजपाल सिंह, के साथ अन्य अध्यापकगण रजत कुमार सैनी, रितेश कुमार सिंह,बृजेश कुमार सिंह, मुंशीलाल, रिंकू यादव,अनिल यादव, सतीश,दुष्यंत एवं विद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया। साथ ही अपने उदबोधन से विद्यार्थियों को संबोधित किया।



पर्वतीय समाज का उत्तराखंड स्थापना दिवस आज

बरेली (आज समाचार सेवा)। पर्वतीय समाज बरेली द्वारा 26वें उत्तराखंड स्थापना दिवस रविवार 15 नवंबर को नेहरू युवा केंद्र में आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष देवेन्द्र देवलिया ने बताया कि दोपहर 02 बजे से रात्रि 09 बजे तक कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें मां नैना सांस्कृतिक एवं जनकल्याण समिति खटीमा की टीम लोकगायक पुष्कर महर के दिशा निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। लोकगायिका बबीता देवी भी अपनी धमाकेदार प्रस्तुति देंगी। महासचिव डॉ. नरेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि इस अवसर पर उत्तराखंड सेनानी गोपाल दत्त अमोला, भूपाल सिंह बजेठा, भुवन चंद्र हरबोला को सम्मानित किया जाएगा। युवा वैज्ञानिक रक्षित भट्ट को उत्तराखंड गौरव सम्मान प्रदान किया जाएगा। वरिष्ठ सलाहकार कुंवर सिंह बिष्ट ने कहा कि आकाशवाणी बरेली के कार्यक्रम प्रमुख मिथिलेश श्रीवास्तव, समाजसेवी नंदा रणा, फिल्म निर्देशक अभिनेता आर.जे.देवेन्द्र रावत आदि का सम्मान किया जाएगा। सांस्कृतिक लोकगायक प्रभारी पूरन दानू ने बताया कि एंट्री पूर्णतया निशुल्क रहेगी। उत्तराखंड के गीतों और नृत्य की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखेरेगी। मीडिया प्रभारी देवेन्द्र रावत ने बताया कि इस अवसर पर बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री नीतू पाण्डे मुंबई से आ रही हैं जिनका विशेष सम्मान होना है। नीतू पाण्डे ने सत्यमेव जयते, मैं मेरी पत्नी और वो, बाबर, अंदाज 2, श्रीमद रामायण, सावधान इंडिया, क्राइम पेट्रोल, इमली, मरूधर एक्सप्रेस, भोंसले, हैप्पी भाग जाएगी, अजीब दास्तान, शोरगुल, लोहारदग, तू थड़कन मैं दिल आदि फिल्मों और सीरियल में कार्य किया हुआ है। उपाध्यक्ष मदन सिंह बिष्ट पूर्व सभासद कैंट ने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में एकजुटता आती है और नई पीढ़ी का अपनी जड़ों से साक्षात्कार होता है।



खेल-कूद प्रतियोगिताओं के साथ मनाया गया बाल दिवस, चाचा नेहरु को किया याद

बरेली (आज समाचार सेवा)। बाल दिवस पर दिल्ली पब्लिक स्कूल, बरेली में बाल दिवस बड़े ही उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल, मनोरंजन और व्यावहारिक ज्ञान के माध्यम से सीखने के अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात:कालीन सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुब्रत कुमार द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने चाचा नेहरू के जीवन, विचारों और बच्चों के प्रति उनके विशेष स्नेह पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों को देश का भविष्य और राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति मानते थे। बच्चों के प्रति उनके असीम प्रेम और आत्मीयता के कारण ही बच्चे उन्हें प्यार से 'चाचा नेहरू' कहकर पुकारते थे। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। बाल दिवस के अवसर पर कक्षा 1 से 4 तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। बच्चों ने गांधी पार्क तथा बीएल एग्रो स्थित कामधेनु पार्क का भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने प्रकृति, पर्यावरण और अपने आसपास की दुनिया के बारे में अनेक नई जानकारियां प्राप्त कीं। साथ ही उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर खूब आनंद उठाया। वहीं कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय के प्रांगण में विभिन्न मनोरंजक एवं रोचक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ खेलों में भाग लिया। खेलों के माध्यम से बच्चों में टीम भावना, आपसी सहयोग, अनुशासन और खेल भावना का विकास हुआ। पूरा विद्यालय परिसर बच्चों की हंसी, उत्साह और उमंग से सराबोर रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की कोऑर्डिनेटर वैशाली पाठक, स्मिता बिष्ट, शिल्पी टंडन, हिना रिजवी, स्पोर्ट्स हेड विमल मिश्रा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। **द्रौपदी कन्या इंटर कॉलेज**, बरेली में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में भव्य बाल मेले का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. राम श्री ने पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं बाल मेले का फीता काटकर किया। उन्होंने छात्राओं को बाल दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों के मनोरंजन के लिए 'बच्चे मन के सच्चे', 'हम भी अगर बच्चे होते' एवं 'इंसाफ की डगर पर, बच्चों दिखाओ चल के' आदि प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किए गए। बाल मेले में कक्षा 8, 9, 10, 11 एवं 12 की छात्राओं द्वारा विभिन्न आकर्षक एवं संदेशपरक स्टॉल लगाए गए। प्रत्येक स्टॉल पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया। छात्राओं ने विभिन्न स्लोगन एवं पोस्टरों के माध्यम से स्वच्छता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, यातायात के नियमों एवं संचारी रोगों से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जनजागरूकता के संदेश दिए। स्टॉल प्रतियोगिता में कक्षा 12 'अ' ने प्रथम तथा कक्षा 8 'अ' ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बाल दिवस के अवसर पर छात्राओं के लिए नींबू-चम्मच दौड़, म्यूजिकल चेयर सहित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या डॉ. राम श्री ने स्टॉल प्रतियोगिता एवं विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए पॉलिथीन का प्रयोग न करने, यातायात के नियमों का पालन करने, स्वच्छता बनाए रखने एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि बच्चे ही देश के भावी नागरिक एवं राष्ट्र के निर्माता हैं। देश का भविष्य और विकास उन्हीं पर निर्भर करता है। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. नूतन नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। बॉल पास प्रतियोगिता में वैभव, प्रिया, वैष्णवी, अनुष्का एवं ईशा ने प्रतिभाग किया। फ्रॉग जंप प्रतियोगिता में तान्या, रिया, आशु, श्याम एवं शिवम राठौर ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में खुशी एवं आराध्या ने आकर्षक वेशभूषा में अपनी प्रस्तुति उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आलमगिरीगंज बरेली स्थित **वेदोजजीवनी विद्यालय में** बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। छात्र छात्राओं ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। छात्रों व शिक्षिकाओं ने बाल मेले में विभिन्न खाने-पीने की वस्तुओं तथा खिलौने के स्टाल लगाये, उन स्टालों पर छात्र-छात्राओं की भारी भीड़ लगी रही। विद्यालय के प्रबन्धक एवं राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शशि भूषण अग्रवाल ने फीता काट कर बाल मेले का उद्घाटन किया तथा छात्र छात्राओं को बाल दिवस की शुभकामनायें दी। बाल मेला छात्राओं ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। छात्रों के लिए बाल मेले में विभिन्न खाने-पीने की वस्तुओं तथा खेलो के स्टाल लगाये, खेलों के स्टालों पर छात्र-छात्राओं की भारी भीड़ लगी रही। स्कूल के प्रबंधक श्री प्रेम शंकर अग्रवाल, मंत्री श्री सुधीर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री संजय गोयल, समिति के सम्मानित सदस्यों तथा प्रधानाचार्य इं. धीरज अग्रवाल ने फीता काट कर बाल मेले का उद्घाटन किया तथा छात्र छात्राओं को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी। **सरस्वती शिशु मंदिर,** नैनीताल मार्ग, बरेली में बाल दिवस के अवसर पर विविध खेलकूद कार्यक्रमों का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया प्रतियोगिता में विराट प्रथम शिवाय द्वितीय कनक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया सभी को प्रबंधक सुधीर कुमार अग्रवाल द्वारा पुरस्कृत किया गया शिक्षिकाओं द्वारा अलग-अलग एक्टिंग करके व संगीत द्वारा बच्चों का मनोरंजन किया गया। अंत में प्रधानाचार्या मंजू खत्री ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सभी को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी। **सरस्वती शिशु मंदिर,** नैनीताल मार्ग, बरेली में बाल दिवस के अवसर पर विविध खेलकूद कार्यक्रमों का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया इस अवसर पर आयोजित विभिन्न खेल गतिविधियों में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। खेलों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा, फुर्ती, कौशल और टीम भावना का परिचय दिया। विद्यालय के आचार्यों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।कार्यक्रम की जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी श्री राजेश कुमार शर्मा ने दी। इस अवसर पर विद्यालय के सभी



नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने चाचा नेहरू के जीवन, विचारों और बच्चों के प्रति उनके विशेष स्नेह पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों को देश का भविष्य और राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति मानते थे। बच्चों के प्रति उनके असीम प्रेम और आत्मीयता के कारण ही बच्चे उन्हें प्यार से 'चाचा नेहरू' कहकर पुकारते थे। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। बाल दिवस के अवसर पर कक्षा 1 से 4 तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। बच्चों ने गांधी पार्क तथा बीएल एग्रो स्थित कामधेनु पार्क का भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने प्रकृति, पर्यावरण और अपने आसपास की दुनिया के बारे में अनेक नई जानकारियां प्राप्त कीं। साथ ही उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर खूब आनंद उठाया। वहीं कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय के प्रांगण में विभिन्न मनोरंजक एवं रोचक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ खेलों में भाग लिया। खेलों के माध्यम से बच्चों में टीम भावना, आपसी सहयोग, अनुशासन और खेल भावना का विकास हुआ। पूरा विद्यालय परिसर बच्चों की हंसी, उत्साह और उमंग से सराबोर रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की कोऑर्डिनेटर वैशाली पाठक, स्मिता बिष्ट, शिल्पी टंडन, हिना रिजवी, स्पोर्ट्स हेड विमल मिश्रा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। **द्रौपदी कन्या इंटर कॉलेज**, बरेली में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में भव्य बाल मेले का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. राम श्री ने पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं बाल मेले का फीता काटकर किया। उन्होंने छात्राओं को बाल दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों के मनोरंजन के लिए 'बच्चे मन के सच्चे', 'हम भी अगर बच्चे होते' एवं 'इंसाफ की डगर पर, बच्चों दिखाओ चल के' आदि प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किए गए। बाल मेले में कक्षा 8, 9, 10, 11 एवं 12 की छात्राओं द्वारा विभिन्न आकर्षक एवं संदेशपरक स्टॉल लगाए गए। प्रत्येक स्टॉल पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया। छात्राओं ने विभिन्न स्लोगन एवं पोस्टरों के माध्यम से स्वच्छता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, यातायात के नियमों एवं संचारी रोगों से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जनजागरूकता के संदेश दिए। स्टॉल प्रतियोगिता में कक्षा 12 'अ' ने प्रथम तथा कक्षा 8 'अ' ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बाल दिवस के अवसर पर छात्राओं के लिए नींबू-चम्मच दौड़, म्यूजिकल चेयर सहित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम का संचालन रुचि अग्रवाल और शिल्पी अग्रवाल के निर्देशन में खनक मौर्या एवं वंशिका यादव ने किया। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय केक्रीड़ विभाग का अतुलनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। अंत में बच्चों को चॉकलेट वितरित की गई।

दीक्षित एवं श्रीमती मीनू अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त परिवार उपस्थित रहा। **मानव सेवा** क्लब के तत्वावधान में शनिवार को बाल दिवस चाचा नेहरू की जयंती पर आर्य समाज अनाथालय में गुरुकुल के बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें 35 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भूपेंद्र प्रथम,सक्षम द्वितीय और सोम देव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी बच्चों को क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा,इन्द्र देव त्रिवेदी,मधु वर्मा,अरुणा सिन्हा, प्रकाश चंद्र सक्सेना ने हार,स्मृति चिन्ह और उपहार देकर पुरस्कृत किया। बच्चों ने देशभक्ति के गीत सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। बच्चों को मनपसंद की चीजें खिलाई गईं।इं. ए.एल.गुप्ता ने सभी का आभार जताया। प्रमुख रूप से बिपिन गर्ग, अजय कुमार,ए.एस.अग्रवाल,मंजू सक्सेना, निर्भय सक्सेना सहित कई लोग उपस्थित रहे। **रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली** द्वारा संचालित पंडित दीनानाथ मिश्र इंटर कॉलेज में आज 14 नवंबर 2026, को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के अवसर पर बाल दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं पंडित जवाहरलाल देकर सभी का मन मोह लिया। वहीं लेमन रेस प्रतियोगिता में नैनी, शीतल एवं नैना ने प्रतिभाग कर कार्यक्रम को और भी रोचक बना दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन, स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान तथा बच्चों के प्रति उनके विशेष स्नेह के बारे में बताया गया। उन्हें शिक्षा, अनुशासन, परिश्रम एवं अच्छे संस्कारों के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय की प्रेरणा एवं विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. ज्योति पाण्डेय के मार्गदर्शन में किया गया। विद्यार्थियों ने सभी प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक भाग लिया। खेलकूद प्रतियोगिताओं का संचालन एवं आयोजन अभिषेक चौधरी तथा अनुज बलियान के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में बेबी शर्मा, सुनीता भारती एवं ओमवीर गंगवार सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। विद्यालय की सांस्कृतिक प्रमुख मनप्रीत कौर ने कार्यक्रम के समन्वय एवं संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में प्रधानाचार्या डॉ. बिनिता प्रकाश ने सभी विद्यार्थियों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके प्रधानाचार्या प्रीति कुमारी (सीनियर) तथा प्रधानाचार्या रेनू सक्सेना (जूनियर) के नेतृत्व करते हुये मेले की प्रबन्धन व्यवस्था की देखरेख रही। दोनों प्रधानाचार्यों के नेतृत्व में शिक्षिका रिया और रेनू कश्यप ने फूट चाट और पानी पूरी, प्रतिमा शर्मा ने खिलौने, रीता शुक्ला ने छोले चाट और पेस्ट्री, खुशनुमा ने सेन्डविच-पापकिन, रेनू शर्मा और अवनी पंडित ने विस्कुट टॉफी, सलतनत ने मोमोज - पानी की बोतल, अन्जन सक्सेना ने कोल्डट्रिक पास्ता, आशना ने चाऊमीन, छात्रों में अनमोल प्रजापति ने पानी पूरी-चाट, नैतिक और यश कश्यप ने पानी पूरी, अनमोल रस्तोगी ने चिली पेटोटो, यश सक्सेना और मंगल ने छोले चाट, बन्टी और राज कश्यप ने कड़ी चावल, शिव और देवांश ने आलू टिक्की आदि के स्टाल लगाये। उपरोक्त में से अनमोल प्रजापति का स्टाल प्रथम तथा नैतिक सागर और यश कश्यप के स्टाल को द्वितीय पुरस्कार से पुरूस्कृत किया गया। इस अवसर प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष हरिओम अग्रवाल एवं सदस्य डॉ0 विशेष कुमार सक्सेना के साथ शिक्षक संतोष उपाध्याय, इन्द्रदेव सिंह, अरविन्द, तरुण कपूर, ब्योमकेश पाण्डेय तथा श्याम हरि अग्रवाल आदि उपस्थित कुमार रहे। **श्री विष्णु इंटरनेशनल स्कूल** में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। छात्र छात्राओं ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। छात्रों के लिए बाल मेले में विभिन्न खाने-पीने की वस्तुओं तथा खेलो के स्टाल लगाये, खेलों के स्टालों पर छात्र-छात्राओं की भारी भीड़ लगी रही। स्कूल के प्रबंधक श्री प्रेम शंकर अग्रवाल, मंत्री श्री सुधीर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री संजय गोयल, समिति के सम्मानित सदस्यों तथा प्रधानाचार्य इं. धीरज अग्रवाल ने फीता काट कर बाल मेले का उद्घाटन किया तथा छात्र छात्राओं को बाल दिवस की शुभकामनायें दी। बाल मेले में बच्चों को The Lion King मूवी को प्रसारित किया गया, जिसका सभी बच्चों ने बहुत ही आनंद लिया। मेले को व्यवस्थित बनाए रखने में समस्त शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा। **श्री विष्णु बाल सदन जूनियर हाई स्कूल में** बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू जी का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के चित्र पर प्रबंधक सुधीर कुमार अग्रवाल प्रधानाचार्या मंजू खत्री द्वारा माल्यार्पण करते ही खेलकूद प्रतियोगिताएं प्रारंभ हो गई। बच्चों की खुशी का ठिकाना ही न था, पूरी - पूरी कक्षा ने प्रतियोगिता में भाग लिया सभी को प्रोत्साहित करने के लिए हैंडवॉश के पाउच बांटे गए तो स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें निबंध प्रतियोगिता में कोमल प्रथम वंश वंशवाल द्वितीय साक्षी तृतीय कला प्रतियोगिता में सार्थक प्रथम नंदिनी द्वितीय निहारिका तृतीय क्राफ्ट प्रतियोगिता में आस्था प्रथम कुशाग्र द्वितीय राधा तृतीय डांस प्रतियोगिता में भव्या प्रथम अक्षिता द्वितीय देवांशी तृतीय गायन प्रतियोगिता में शौर्य प्रथम निधि द्वितीय वीरा तृतीय अंताक्षरी प्रतियोगिता में विनीय प्रथम लव द्वितीय शिवांश तृतीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सनी सोनकर प्रथम कृष्णा द्वितीय मोहित तृतीय फोकस गेम प्रतियोगिता में वैष्णवी प्रथम दिव्यांश द्वितीय प्रिन्सी तृतीय सुलेख गया। कार्यक्रम में विद्यालय के स

द वरडेन्ट पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस

विद्यालय के एम.डी. असद खान एवं प्रधानाचार्या देवेंद्र कौर ने ब्लू हाउस की कैप्टन मानतशा, प्रिंस तिवारी एवं उनकी टीम को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। द वरडेन्ट पब्लिक स्कूल में बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के एम.डी. असद खान एवं प्रधानाचार्या देवेंद्र कौर ने किया। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों के मनोरंजन, शारीरिक विकास एवं सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया तथा खेल भावना, अनुशासन एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयोजित प्रतियोगिताओं में वॉलीबॉल में ब्लू हाउस की टीम विजेता रही। वहीं टग ऑफ वॉर (बालक वर्ग) में भी ब्लू हाउस ने शानदार जीत दर्ज की। टग ऑफ वॉर (बालिका वर्ग) में येलो हाउस की टीम विजेता रही। सभी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्लू हाउस ने ओवरऑल खेल प्रतियोगिता की ट्रॉफी अपने नाम की। इस अवसर पर एम.डी. असद खान एवं प्रधानाचार्या देवेंद्र कौर ने ब्लू हाउस की कैप्टन मानतशा, प्रिंस तिवारी एवं उनकी टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कोऑर्डिनेटर फरहा खान, छात्रा फाजिया एवं खेल शिक्षक मानिंदर सिंह द्वारा किया गया। सभी ने अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए पूरे कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त शिक्षकों ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में आपसी सहयोग, नेतृत्व क्षमता, खेल भावना एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया। पूरे विद्यालय परिसर में दिनभर उत्साह, उमंग और खुशियों का माहौल बना रहा। यह बाल दिवस समारोह विद्यार्थियों के लिए यादगार एवं आनंदमय अनुभव साबित हुआ है।

पब्लिक इण्टर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। पब्लिक इण्टर कॉलेज में बाल दिवस बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक डॉ0 रजत सक्सेना एवं विद्यालय प्रधानाचार्य राजेश कुमार गौतम ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सभी छात्र छात्राओं को बाल दिवस पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंधक डॉ0 रजत सक्सेना ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिन को बाल दिवस के रूप मे मनाया जाता है। पंडित नेहरू स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे। वह बच्चों से बहुत प्रेम करते थे। सभी बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहते थे। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। बच्चों को उचित मार्गदर्शन, संस्कार एवं प्रोत्साहन देकर जीवन में सफलता की ओर अग्रसर किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों को जवाहरलाल नेहरू के आदर्शों पर चलने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रधानाचार्य राजेश कुमार गौतम ने कहा कि हर वर्ष 14 नवम्बर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती होती है। पंडित नेहरू को बच्चों से बहुत लगाव था। बाल दिवस मनाने का मकसद बच्चों की खुशियाँ, उनके अधिकारों और उनके उज्जवल भविष्य के लिए जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक और देश भक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधक डॉ0 रजत सक्सेना और विद्यालय प्रधानाचार्य राजेश कुमार गौतम ने नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर जीव विज्ञान प्रवक्ता साजिद खां, डॉ0 सुरेंद्र कुमार, सुशील कुमार मौर्य, हरीश कुमार, भानु प्रताप, रजनीश यादव, अजीत सिंह, शिवम पाण्डेय, रामबाबू, राकेश सक्सेना, अपूर्वा सक्सेना, चमन लता, निदा निसार, जोया नूरी, घासीराम, सरमेंद्र कुमार, रामवीर, विवेक, राजू तथा उमेश आदि उपस्थित थे।

इधर पंडित करुणा शंकर कृष्णा देवी एजुकेशनल अकादमी में बाल दिवस व मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्रा को विद्यालय के प्रधानाचार्य बनाया गया। जिसके अंतर्गत विद्यालय प्रशाशन, अनुशाशन आदि कार्यो विषयक जानकारी साझा की गई। उक्त कार्यक्रम में प्रधानाचार्य विनोद शर्मा, प्रद्युम्न, शिवशंकर, मुन्ना लाल, आकांक्षा गुप्ता, नीतू मिश्रा, रजनी वर्मा, नेहा सरोज, आरती, देवेंद्र, नीरज, ईशा आदि समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज में आयोजित हुई ग्राम चौपाल

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए गये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की मांग पर शीघ्र इंटर कॉलेज उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। भूमि संबंधी एवं विरासत के लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही डीएम ने जनगणना-2027 के अंतर्गत 16 से 30 नवंबर तक स्व-गणना करने की ग्रामीणों से अपील की। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने छठ पूजा के दृष्टिगत सुतिया घाट की व्यवस्थाओं का लिया जायजा तथा भारत-नेपाल सीमा चौकी कंबोज नगर का औचक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी आलोक कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव की अध्यक्षता में शनिवार को ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा गांव में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानी। चौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने पेयजल, विद्युत, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान सम्मान निधि, विरासत, प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन तथा आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। ग्रामीणों ने अवगत कराया कि गांव में लगे हैंडपंपों के पानी की गुणवत्ता ठीक नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पेयजल की गुणवत्ता की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस मौके पर ग्रामीणों ने डीएम को शिक्षा के संबंध में बताया कि आस-पास कोई इंटर कॉलेज नहीं है, जिसके कारण बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए लगभग 40 किलोमीटर दूर पलिया अथवा चंदिया हजारा जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में ही इंटर कॉलेज स्थापित कराने की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करते हुए शीघ्र इंटर कॉलेज उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि उपचार के लिए उन्हें पलिया जाना पड़ता है। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत एवं मोबाइल नेटवर्क की समस्या से भी अवगत कराया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आवास एवं शौचालय योजनाओं की समीक्षा के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पात्र परिवारों का सर्वे कराया गया है तथा गांव में शौचालय उपलब्ध हैं। राशन वितरण एवं आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियमित गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों को उनकी भूमि का भौमिक अधिकार दिलाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की जाए तथा विरासत से संबंधित सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पात्र किसानों से फार्मर आईडी बनवाने तथा विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से कराने की अपील की। चौपाल के दौरान जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) द्वारा संयुक्त रूप से पौधरोपण किया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म भी संपन्न कराई गई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने छठ पूजा के दृष्टिगत सुतिया घाट पर की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट पर साफ-सफाई, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत दोनों अधिकारियों ने भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सीमा चौकी कंबोज नगर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीमा क्षेत्र में स्थित सीमा स्तंभों (पिलर्स) का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), उपजिलाधिकारी पूरनपुर, खंड विकास अधिकारी, पंचायत सचिव, लेखपाल, ग्राम प्रधान सहित संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। बंडा हाईवे पर कलेनापुर के पास शुक्रवार रात लगभग आठ बजे किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से पूरनपुर निवासी युवक की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक अपने पीछे तीन बेटे और दो बेटियों को छोड़ गया है। जानकारी के अनुसार पूरनपुर के मोहल्ला रजागंज देहात निवासी मोहम्मद जकी पुत्र रफीउल्ला (40) को बंडा हाईवे पर कलेनापुर के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मोहम्मद जकी की मौत से उनके तीन बेटों और दो बेटियों के सिर से पिता का साया उठ गया। अचानक हुए इस हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।



थाना माधोटांडा में थाना दिवस पर उमड़ी फरियादियों की भीड़



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। थाना दिवस में करीब दो दर्जन फरियादियों ने शिकायतें कीं। जिसमें से अधिकारियों ने सात शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करवा दिया।

थाना माधोटांडा परिसर में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम कलीनगर परमेश कुमार और क्षेत्राधिकारी पूरनपुर विधि भूषण मौर्य ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं। थाना दिवस में कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 07 शिकायतों का अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण करा दिया, जबकि शेष शिकायतों के शीघ्र निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम कलीनगर परमेश कुमार ने राजस्व से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति की जांच करने और निष्पक्षता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें यह प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर विधि भूषण मौर्य ने पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुना और संबंधित पुलिसकर्मियों को निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ किया जाना चाहिए ताकि शिकायतकर्ताओं को न्याय मिल सके। थाना दिवस के माध्यम से प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने फरियादियों को भरोसा दिलाया कि उनकी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज में जिलाधिकारी ने जागरूकता अभियान के तहत वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। जागरूकता वाहन क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर लोगों को सरकारी योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और संबंधित विषयों के प्रति जागरूक करेंगे। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों तक आवश्यक जानकारियां पहुंचाने और उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाना जरूरी है, जिससे ग्रामीण जागरूक होकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

ट्यूलिप चिल्ड्रनस एकैडमी में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया

पुवायां शाहजहांपुर। नगर के ट्यूलिप चिल्ड्रन्स एकेडमी में शनिवार को बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के फूड और गेम्स के आकर्षक स्टॉल लगाकर अपनी रचनात्मकता, प्रतिभा और उद्यमशीलता का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों के उत्साह और उमंग से पूरा विद्यालय परिसर एक खूबसूरत मेले में तब्दील नजर आया।

बच्चों ने जहां स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल सजाए, वहीं मनोरंजक खेलों के माध्यम से सभी का खूब मनोरंजन किया। अभिभावकों और शिक्षकों ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

विद्यालय की चेयरपर्सन वर्षा गोस्वामी एवं प्रधानाचार्या शिवानी सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनके सर्वांगीण विकास के लिए किताबी शिक्षा के साथ रचनात्मक और व्यावहारिक गतिविधियों में भागीदारी भी आवश्यक है। ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सहयोग और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करते हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रेया मिश्रा, दीपु शुक्ला, प्रिया मिश्रा, अदिति गुप्ता, जसकीरत कौर, अर्पिता सिंह, शगुन गुप्ता, रिमझिम गुप्ता, नम्रता अवस्थी, बुदल मिश्रा, छाया गुप्ता, कल्पना शर्मा, ज्योतिका पांडेय और ललिता देवी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

अंत में सभी ने बच्चों के साथ बाल दिवस की खुशियां साझा कीं। यह आयोजन बच्चों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ अपनी प्रतिभा को निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने का यादगार अवसर साबित हुआ।

शान-ओ-शौकत से निकाला गया उर्स-ए-क़ासमी की चादर शरीफ का जुलूस



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। उर्स-ए-क़ासमी की चादर शरीफ का जुलूस बड़े ही शान-ओ-शौकत से निकाला। जिसमें हजारों अकीदतमंदों में शिरकत की।

जिला एटा मे स्थित मारहरा शरीफ मे होने वाले उर्स-ए-क़ासमी मे पूरनपुर से एक चादर शरीफ जो हर साल की तरह बजमे शाहे बरकात की जानिब से मारहरा शरीफ जाती है। बताते चलें कि मारहरा शरीफ हसनी हुसैनी घराने से ताल्लुक रखती है। यहाँ सय्यद घराना एक ज़माने से रहता है। पैगाम ऐ अमन कौंसिल के सदर तौफ़ीक़ अहमद क़ादरी ने बताया कि मारहरा शरीफ में ताजदार-ए-अहले सुन्नत इमाम अहमद रज़ा बरेलवी के पीरों मुर्शिद सय्यद शाह आले रसूल मरहरावी की दरगाह शरीफ है। यह ऐसी एक वाहिद खानकाह है, जहाँ सात कुतुब आराम फरमा है। उसें क़ासमी मे पेश होने वाली चादर का जुलूस पूरनपुर देहात स्थित जामिया गरीब नवाज़ दुखतराने इस्लाम से निकल कर बैंड बाली गली स्टेशन रोड शेरपुर रोड होते हुए पुनः मदरसे मे खतम हुआ। चादर शरीफ मे यह चादर शरीफ बजमे शाहे बारकत की जानिब से निकाली गई। चादर शरीफ मे मुख्य रूप से मौलाना याकूब हुसैन बरकाती, शकील अहमद बरकाती, लारा बरकाती, नूर हसन बरकाती, हाफिज नदीम अहमद बरकाती, इरशाद अहमद, नादिर रज़ा बरकाती, अब्दुल रव एडवोकेट, हाफिज अब्दुल हसीब, हाफिज मक़सूद, जमील अहमद इत्यादि शामिल रहे।

एसआरएम टीम ने सीएचसी का किया निरीक्षण, चार दिन चलेगा अभियान

-आज समाचार सेवा



पूरनपुर (पीलीभीत)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर में एसआरएम टीम ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं और उपलब्ध व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। टीम ने अस्पताल परिसर में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, उपचार व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी भी जुटाई गई। बताया गया कि एसआरएम टीम का निरीक्षण अभियान चार दिनों तक चलेगा। इस दौरान टीम पूरनपुर क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और स्वास्थ्य उपकेंद्रों (सब सेंटर) पर पहुंचकर व्यवस्थाओं को परखा जाएगा। निरीक्षण के जरिए स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध संसाधनों और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता की जानकारी जुटाई जाएगी। टीम में डॉ0 प्रशांत सिंह, डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट रामपुर और मोहम्मद अनादिल, अर्बन कोऑर्डिनेटर शामिल रहे। टीम के निरीक्षण से स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का आकलन किया जा रहा है।

दलित युवती को पुलिस ने किया बरामद

पुवाया शाहजहांपुर।। दलित युवती बरामद, लेकिन ड्यूटी को भगा ले जाने वाला गैर संप्रदाय का आरोपी युवक अभी भी फरार चल रहा है पुवायां पुलिस हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र के द्वारा पुलिस क्षेत्राधिकारी पुवायां कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी के कुछ घंटे बाद ही 3 नवंबर को लव जिहाद का शिकार हुई दलित युवती को पुवायां पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया। अनुसूचित जाति की विधवा की बेटी को बहला फुसलाकर दूसरे समुदाय का युवक भगा ले जाने की शिकायत विधवा ने बजरंग दल के जिला संयोजक और नगर संयोजक शिव लखन कश्यप एवं अन्य बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साथ थाना आकर की गई कोतवाल राजेंद्र रावत ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है

किसान सहकारी चीनी मिल, पुवायां का भव्य शुभारम्भ

पुवाया शाहजहांपुर। किसान सहकारी चीनी मिल, पुवायां के नवीन पेराई सत्र 2026-27 का भव्य शुभारंभ हुआ सहकारी चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक एवं जिला गन्ना अधिकारी डॉक्टर अनिल भारती के द्वारा चीनी मिल में हवन पूजन किया गया। शाहजहांपुर के द्वारा नवीन पराई लेकिन जिलाधिकारी के द्वारा कारण उनके स्थान पर अपर काफी देरी से आए। जब हवन विधायक शकुंतला देवी एवं मिश्रा एवं सहकारी चीनी मिल ब्लॉक प्रमुख खुटार नमित चीनी मिल को प्रथम बार गन्ना माला पहनकर और बैलों को अंग वस्त्र पहना चुके थे तब का स्वागत और अपर इसके बाद चीनी मिल के प्रधान सभी अतिथियों के साथ केंद्र में शुभारंभ किया गया समस्त किसान इस शुभ अवसर पर सभी वर्तमान चीनी मिल संचालक क्षेत्रवासी एवं किसान भाई मौजूद रहे।



आज 12 नवंबर को जिलाधिकारी सत्र का शुभारंभ किया जाना था अन्य कार्यों में व्यस्त होने के जिलाधिकारी अरविंद कुमार पूजन निपट गया और पूर्व भाजपा जिलाअध्यक्ष कृष्ण चंद्र उपाध्यक्ष देवेंद्र अवस्थी और दीक्षित आदि की मौजूदगी में आपूर्ति करने वाले किसान को गुड़ खिलाकर तथा किसान को विलंब से पहुंचे विधायक चेतराम जिलाधिकारी के द्वारा किया गया प्रबंधक डॉ अनिल भारती के द्वारा गन्ना डालकर प्राय सत्र का क्षेत्रवासियों एवं सम्मानित

सरकारी चीनी मिल के चीफ केमिस्ट गोविंद सिंह ने बताया कि पिछले साल गन्ना पेराई की रिकवरी 9.68 प्रतिशत रही थी। तथा पिछले वर्ष की बनाई हुई सारी चीनी की बिक्री हो चुकी है वर्तमान में सहकारी चीनी मिल को ठेके पर चलाया जा रहा है उन्होंने बताया कि 26 जूनवर्ष 1985 को तत्कालीन मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी के द्वारा शिलान्यास किया गया था यह सहकारी चीनी मिल को कृप्रबंधन के चलते कई 100 करोड़ के घाटे में चली जाने के कारण सरकार द्वारा कई सालों तक इस चीनी मिल को बंद रखा गया और उसके बिक्री करने की चर्चाएं चल रही थीलेकिन वर्ष 2011 में चुनाव से पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के द्वारा आकर बंद पड़ी हुई घाटे वाली चीनी मिल पुवायां को कॉन्ट्रैक्ट बेस पर संचालित करने की घोषणा की गई थी कब से यह चीनी मिल चलती आ रही है वर्तमान में सहकारी चीनी मिल ठीक-ठाक चल रही है प्रतिदिन 21000 कुंतल गन्ना पे करने की क्षमता बताई गई है इस चीनी मिल को 5 दशक पुरानी कबाड़ हो चुकी मशीनों से संचालित किया जा रहा है जबकि आज के युग में ऑटो मिशन प्लांट वाली मशीनों से निजीचीनी मिल चलाए जा रहे हैं जो बढ़िया रिकवरी के साथ अन्य सह उत्पाद भी बना रहे हैं और करोड़ो का लाभ भी कमा रहे हैं

दहेज में दो लाख नहीं मिलने पर पत्नी को दो बच्चों के साथ मारपीट कर निकाला

शाहजहांपुर। थाना कोतवाली दिए गए शिकायती पत्र में पीड़िता मीनू पत्नी धर्मेन्द्र कुमार पुत्री शिव कुमार हाल निवासी ग्राम सिरखिडी, थाना पुवायाँ, ने कहा है कि 30 अप्रैल 2018 को धर्मेन्द्र कुमार पुत्र ओमप्रकाश निठ्ग्राम ढकिया तिवारी, थाना निगोही के साथ हुई थी। उस के पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार शादी दान दहेज दिया था फिर भी पति धर्मेन्द्र कुमार पुत्र ओमप्रकाश, एवं ससुर ओमप्रकाश पुत्र बच्चूलाल, सास निर्मला पत्नी ओमप्रकाश, राजेन्द्र, जितेन्द्र पुत्रगण ओमप्रकाश, रीता देवी पत्नी विमलेश व विमलेश ,रमाकान्त दिये गये दान दहेज से सन्तुष्ट नही है और कम दहेज का ताना देकर आये दिनं लात घूसो से मारपीट करते रहते है तथा गन्दी 2 गालियों देते रहते है। कपडे व खाना की तंगी देते हैं और कहते है कि अपने पिता से दो लाख रू0 दुकान करने के लिए दिलवाओ नहीं तो जान से मार डालेगे और दूसरी शादी कर लेगे। और जितेन्द्र तथा राजेन शिवकुमार ने बचाया तब सभी विपक्षीगणों ने उनके पैर मे लाठी मारी जिससे उनके काफी गुम चोट आयी है तथा उस के भाई हिमांशु ने बचाया तब सभी विपक्षीगणों ने उसके दाहिने हाथ की कलाई पर डण्डा मारा शोर सुनकर कई लोग मौके पर आ गये तथा बचाया तब सभी विपक्षीगण माँ-बहन की गन्दी-2 गालियाँ देते हुए धमकी दी कि जब तक उपरोक्त दहेज की मांग पूरी नही हो जायेगी तब तक ऐसे ही घर आकर मारेगे। और जान से मार डालेगे और दूसरी शादी कर लेगे। उसके वाद विपक्षीगण वापस चले गये। पीड़िता मीनू अपनी मां के साथथाना पर आयी तथा विपक्षीगणों के खिलाफ रिपोर्ट लिखवाना चाहती हैधर्मेन्द्र कुमार पर रि पोर्ट लिखकर सभी लोगों की डाक्टरी करवाकर विपक्षीगणों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की कृपा की जावे। आपकी महान कृपा होगी।

बाल दिवस उत्सव 2026 पर ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में सजा मस्ती और मनोरंजन का संसार



पीलीभीत। ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, टनकपुर रोड, पीलीभीत में बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के मनोरंजन, रचनात्मकता और आनंद को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के खेलों के स्टॉल, रोमांचक झूले, स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार व्यवस्था की गई। पूरा विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे गुब्बारों, आकर्षक सजावट और बच्चों की खिलखिलाहट से उत्सवमय हो उठा। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 14 नवम्बर को बाल दिवस मनाया जाता है। बच्चों के प्रति उनके विशेष स्नेह और प्रेम के कारण उन्हें स्नेहपूर्वक चाचा नेहरू कहा जाता है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए विद्यालय ने इस दिन को बच्चों के लिए यादगार बनाने का विशेष प्रयास किया। बाल मेले का मुख्य आकर्षण विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों के स्टॉल रहे। इनमें लकी स्लिप, द शार्पन योर मेमोरी ड्रू द हायर योर स्कोर, हाउजी, रोल एंड विन, थ्रेट ट्रेल चैलेंज, मटकी, म्यूजिकल चेयर, कैन यू ब्रिंग द फेस, बॉल ऑन द टारगेट, क्रेज़ी बॉल ट्रेल, नंबर निंजा, मड चैलेंज, बज़ वायर, द अल्टीमेट बॉटल फ्लिप, पपेट और बॉलिंग जैसे खेल शामिल रहे।

इन खेलों में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। कहीं बच्चों ने अपनी एकाग्रता और स्मरण शक्ति का प्रदर्शन किया, तो कहीं निशाना लगाने, संतुलन बनाने और चुनौतीपूर्ण गतिविधियों को पूरा करने का रोमांच अनुभव किया। प्रत्येक खेल के स्टॉल पर बच्चों की उत्सुकता और उमंग देखते ही बन रही थी। खेलों के साथ-साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए फेरिस व्हील, मेरी-गो-राउंड और जंपिंग कैसल जैसी रोमांचक राइड्स की भी व्यवस्था की गई। इन आकर्षक राइड्स का विद्यार्थियों ने भरपूर आनंद उठाया। झूलों और मनोरंजक गतिविधियों ने मेले के उत्साह को और भी बढ़ा दिया। खाने-पीने के शौकीन बच्चों के लिए विशेष खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाए गए, जिनमें गोलगप्पे, फ्रेंच फाइज़, चाउमीन, स्प्रिंग रोल, मोमोज, पिज्जा, पास्ता, कोल्ड ड्रिंक, पॉपकॉर्न और कैंडी फ्लॉस जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की गई। बच्चों ने अपने पसंदीदा व्यंजनों का आनंद लेते हुए मेले की खुशियों को दोगुना कर दिया।

इसके अतिरिक्त विद्यालय परिसर में नृत्य, संगीत और आकर्षक सेल्फी पॉइंट जैसी सांस्कृतिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ उत्सव में सहभागिता करते हुए इस आयोजन को और अधिक यादगार बनाया। कक्षाध्यापकों ने अपनी-अपनी कक्षाओं में विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएँ दीं तथा उनके साथ इस विशेष दिन को उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा छाबड़ा जी ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बच्चे किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूँजी और उसका उज्ज्वल भविष्य होते हैं। उन्होंने बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, शिक्षा के महत्व को समझने तथा जीवन में सकारात्मक सोच, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति उनके विचारों और योगदान को याद किया। विद्यालय के प्रबंधक देवेन्द्र सिंह छाबड़ा ने अपने संदेश में कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू का मानना था कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके सपने राष्ट्र के विकास की आधारशिला हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए तथा एक जिम्मेदार, जागरूक और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनकर देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में योगदान देना चाहिए। समग्र रूप से ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल का बाल दिवस समारोह मनोरंजन, उत्साह, रचनात्मकता और खुशियों का अद्भुत संगम रहा। इस आयोजन ने न केवल बच्चों को पढ़ाई की नियमित दिनचर्या से हटकर आनंद और मनोरंजन के अवसर प्रदान किए, बल्कि आपसी सहयोग, सहभागिता, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी प्रोत्साहित किया।

मंत्री संजय गंगवार से पीलीभीत की जनता मांग रही 10 साल का हिसाब- सपा नेता मोहम्मद आरिफ आरिफ

पीलीभीत। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आरिफ आरिफ ने एक प्रेसवार्ता के दौरान जिले के मंत्री संजय गंगवार पर निशाना साधते हुए उनके कार्यकाल के 10 वर्षों का हिसाब मांगा। उन्होंने कहा कि पीलीभीत की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधियों को दो बार विधानसभा चुनाव में जीत दिलाकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी, लेकिन जनता की उम्मीदों के अनुरूप जिले का विकास नहीं हो सका। मोहम्मद आरिफ ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान जनता ने उम्मीद जताई थी कि नए नेतृत्व के आने से जिले में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी, लेकिन आज भी कई बुनियादी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय जनता से किए गए वादों को पूरा नहीं किया गया और आम लोगों को निराशा हाथ लगी है। सपा नेता ने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि धान खरीद के सीजन में किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनके मुताबिक, धान खरीद केंद्रों और मंडियों में बिचौलियों की सक्रियता के कारण किसानों का शोषण हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों से 400 से 500 रुपये तक की दलाली वसूली जा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश दोनों जगह भाजपा की सरकार होने के बावजूद जिले का किसान परेशान है। गन्ना किसानों का करोड़ों रुपये का भुगतान लंबित होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भुगतान न मिलने से किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार खराब हो रही है। किसानों को अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मोहम्मद आरिफ ने जिले की ग्रामीण सड़कों की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि गांवों में सड़कें जर्जर हैं और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। उन्होंने मोहनिया सहित कई क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि विकास के दावों के बावजूद बुनियादी सुविधाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं है। सपा नेता ने बंद पड़ी चीनी मिल का मुद्दा उठाते हुए कहा कि चुनाव के दौरान इसे दोबारा चालू कराने की बात कही गई थी लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया है। उन्होंने सवाल किया कि जब केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है तो फिर चीनी मिल को शुरू कराने में देरी क्यों हो रही है? उन्होंने कहा कि चीनी मिल चालू होने से क्षेत्र के किसानों और स्थानीय लोगों को रोजगार एवं आर्थिक लाभ मिल सकता है। प्रेसवार्ता के दौरान मोहम्मद आरिफ ने मंत्री संजय गंगवार की राजनीतिक कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता के बीच दिए गए बयानों और वास्तविक कार्यों में अंतर है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मंचों पर भाईचारे और विकास की बातें करने के बजाय जनसमस्याओं के समाधान पर ध्यान दिया जाना चाहिए। सपा नेता ने कहा कि पीलीभीत की जनता अब अपने जनप्रतिनिधियों से विकास कार्यों का हिसाब चाहती है। किसानों का बकाया भुगतान, धान खरीद में पारदर्शिता, ग्रामीण सड़कों का निर्माण और बंद चीनी मिल को चालू कराना जिले की प्रमुख जरूरतें हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जनता अपने जनप्रतिनिधियों को उनके कामकाज के आधार पर जवाब देगी।

ललौरीखेड़ा स्थित गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में वार्षिक उत्सव का हुआ भव्य आयोजन



पीलीभीत। ललौरीखेड़ा स्थित गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर निशांत गोस्वामी एवं अन्य गणमान्यजनों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात चेयरपर्सन डॉ. सोनिया गोस्वामी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन एवं कुशल संचालन से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में विभिन्न क्लबों द्वारा सामाजिक जागरूकता पर आधारित आकर्षक स्किट प्रस्तुत की गईं। सुप्रीम क्लब ने से नो टू सोशल मीडिया के माध्यम से सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव, अत्यधिक स्क्रीन टाइम और इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। विक्टर्स क्लब से नो टू प्लास्टिक के जरिए प्लास्टिक के बढ़ते प्रयोग से पर्यावरण को होने वाले नुकसान और इसके उपयोग को कम करने का संदेश दिया। एलिट्स क्लब ने पेपर लीक विषय पर स्किट प्रस्तुत कर पेपर लीक जैसी समस्या से शिक्षा व्यवस्था एवं विद्यार्थियों के भविष्य पर पड़ने वाले प्रभाव को दर्शाया। वहीं लेजेंड्स क्लब ने द परफेक्ट रिपोर्ट कॉर्ड के माध्यम से बच्चों पर अच्छे अंकों की चाह, मानसिक स्वास्थ्य और माता-पिता की अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाए रखने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

कार्यक्रम का कुशल एवं आकर्षक मंच संचालन विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों वैष्णो, प्रांजल पटेल, आयुष्मान राय एवं हिमांशी ने किया। चारों विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास, स्पष्टता और शानदार संवाद शैली के साथ मंच संचालन कर उपस्थित दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सबसे पहले सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, जिसमें मां सरस्वती को नमन किया गया। इसके पश्चात वेलकम सॉन्ग के माध्यम से देश के वीर जवानों को याद किया गया। क्लास से चल तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कक्षा 2 के विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं जन्माष्टमी के गीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 3 के बच्चों ने अपने नृत्य के माध्यम से देश के शहीद जवानों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कक्षा 4 के विद्यार्थियों ने एकजुट होकर हर जंग जीतने और मिलकर आगे बढ़ने का संदेश अपने नृत्य के माध्यम से दिया। वहीं कक्षा 5 के बच्चों ने अपने नृत्य के माध्यम से विविधता में एकता की भावना को खूबसूरती से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बिंदु, कामिनी, अक्षत पटेल, शिवन्या सिंह, आयुष्मान राय, शिव गौर, हिमांशी एवं माही आर्या सहित कई विद्यार्थियों ने अत्यंत सराहनीय एवं अद्भुत प्रदर्शन किया। उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास और शानदार प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया तथा दर्शकों से खूब सराहना प्राप्त की। कार्यक्रम की सभी सांस्कृतिक एवं नृत्य प्रस्तुतियों को आकर्षक, व्यवस्थित एवं यादगार बनाने में कोरियोग्राफर श्री अभिषेक शुक्ला जी का विशेष योगदान रहा। उन्होंने अपनी रचनात्मकता, मेहनत और कुशल मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को सभी नृत्य प्रस्तुतियों के लिए विशेष रूप से तैयार किया। उनकी बेहतरीन कोरियोग्राफी और बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम के बीच-बीच में नन्हे विद्यार्थियों ने मनमोहक कविताएं प्रस्तुत कीं, जिनकी मधुर आवाज ने उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण उत्साह, उमंग और तालियों की गूंज से सराबोर रहा।

कार्यक्रम का समापन डायरेक्टर श्री निशांत गोस्वामी जी के प्रेरणादायी संबोधन के पश्चात राष्ट्रगान के साथ हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम चेयरपर्सन डॉ. सोनिया गोस्वामी जी के कुशल संचालन एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की अकादमिक इंचार्ज प्रियंका शुक्ला, स्वप्निल शर्मा, राधिका, संतोष गंगवार, प्रज्ञा, सुधांशी जायसवाल, काजल, स्वाती सिंह, रुपाली सिंह एवं रतन शुक्ला सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

इनीशियम ग्लोबल स्कूल में बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया बाल दिवस

पीलीभीत। इनीशियम ग्लोबल स्कूल में बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। बच्चों के इस विशेष दिन को यादगार बाल दिवस के उद्देश्य से विद्यालय में कार्निवल थीम पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के मनोरंजन, उत्साह और रचनात्मकता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के खेलों एवं गतिविधियों के स्टॉल लगाए गए।बड़े बच्चों के लिए क्रेजी फेस चैलेंज, ब्रेन एंड रिफ्लेक्स बैटल, बॉटल बैटल, ब्रेन बूस्टर, कलर रस, फ्लिप एंड मैच तथा मैजिक फेस स्टूडियो जैसे आकर्षक स्टॉल लगाए गए। वहीं छोटे बच्चों के मनोरंजन के लिए बाउंसी, जंपिंग बॉल, फिशिंग पॉन्ड, मैजिक हैंड्स मूव,रिंग ड्रॉप और बैलून शूटिंग सहित अनेक मनोरंजक गतिविधियों की व्यवस्था की गई। सभी बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में फोटो बूथ और टैटू मेकिंग के स्टॉल बच्चों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यालय की ओर से सभी विद्यार्थियों के लिए जलपान की भी विशेष व्यवस्था की गई। बच्चों के उत्साह को दोगुना करने के लिए शिक्षकों ने भी विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती रितिका धमेजा ने विद्यार्थियों को बाल दिवस के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 14 नवंबर को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में बाल दिवस मनाया जाता है। नेहरू जी को बच्चों से विशेष प्रेम था और बच्चे उन्हें प्यार से %चाचा नेहरू% कहकर पुकारते थे। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि बचपन जीवन का सबसे अनमोल समय है, जिसे सीखने, खेलने और नई प्रतिभाओं को विकसित करने में लगाना चाहिए।

लिटिल एंजेल्स स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस



पीलीभीत। स्थानीय लिटिल एंजेल्स स्कूल में बाल दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ बच्चों के बीच मनाया गया, सर्वप्रथम विद्यालय प्रबंधक डॉक्टर संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन सी पाठक, उपप्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मल्होत्रा आदि ने चाचा नेहरू की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की तत्पश्चात शिक्षकों और शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों के मनोरंजन हेतु कई प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जैसे मनोरंजक समाचार, संक्षिप्त नाटक, गीत प्रस्तुतियां, चुटकुले आदि जिससे बच्चे गुदगुदाते रहे । कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधक डॉ संजीव अग्रवाल नें सभी बच्चों को बाल दिवस की बहुत-बहुत बधाइयां दी । विद्यालय प्रांगण में बच्चों के लिए फूड स्टॉल्स भी लगाए गए जिसमें बच्चों ने अपनी पसंद की भोज्य सामग्रियां खरीदी और खाईं इस प्रकार पूरा दिन आज बच्चों के मनोरंजन के नाम रहा।

यातायात नियमों के प्रति जागरूकता हेतु ऑटो, टैक्सी एवं ट्रक संचालकों तथा यूनियन पदाधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर किया गया जागरूक

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक हिमांशु गौरव की अध्यक्षता में पुलिस लाइन स्थित पुलिस सभागार में ऑटो, टैक्सी, ट्रक आदि वाहन संचालकों एवं संबंधित यूनियन के अध्यक्षों, पदाधिकारियों के साथ यातायात जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई इस दौरान वाहन संचालकों एवं यूनियन पदाधिकारियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए निर्धारित गति सीमा का पालन करने, वाहनों के आवश्यक प्रपत्र पूर्ण रखने, ओवरलोडिंग न करने तथा सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सभी वाहन संचालकों से यातायात नियमों का स्वयं पालन करने तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करने की अपील की गई, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी यातायात, पीटीओ परिवहन विभाग एवं प्रभारी यातायात उपस्थित रहे।

जनगणना जागरूकता रैली को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दिखाई हरी झंडी, उपाधि महाविद्यालय में हुआ समापन

पीलीभीत। जनपद पीलीभीत में जनगणना-2027 एवं स्व-जनगणना के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ गांधी स्टेडियम से हुआ। जिलाधिकारी आलोक कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज पीलीभीत, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पीलीभीत, आर्य कन्या इंटर कॉलेज पीलीभीत, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज पीलीभीत, उपाधि महाविद्यालय पीलीभीत की छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया इस अवसर पर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने सभी छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों व प्रधानाचार्य प्रधानाचार्या को आने वाले विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2027 में जनपद में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता शपथ ग्रहण कराकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु अपील की इस अवसर पर सभी को जनगणना में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने एवं सहयोग करने का आग्रह किया रैली में



विभिन्न जागरूकता नारों और संदेशों के माध्यम से लोगों को स्व-जनगणना के महत्व से अवगत कराया। रैली गांधी स्टेडियम से प्रारंभ होकर निर्धारित मार्ग से होते हुए उपाधि महाविद्यालय पीलीभीत पहुंची। इस अवसर पर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि जनगणना देश के विकास की योजनाओं के निर्माण एवं प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। स्व-जनगणना के माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने जनपदवासियों से इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने भी जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आमजन से अभियान में सहयोग करने तथा अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र ने भी छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को जनगणना के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि एक दिसंबर से घर जाकर प्रगणक जनगणना करेंगे जनगणना में उनका सहयोग करें। रैली के उपाधि महाविद्यालय पहुंचने पर जिला विद्यालय निरीक्षक विजय सिंह यादव ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने जनगणना की महत्ता बताते हुए सभी से इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। जिला विद्यालय निरीक्षक के संबोधन के उपरांत उपाधि महाविद्यालय परिसर में जागरूकता रैली का विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी इंतजार खान ने भी छात्र छात्राओं को अपने संबोधन में जनगणना एवं स्व जनगणना के महत्व को बताते हुए कहा कि जनगणना देश के विकास की एक कड़ी है इसमें सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने हेतु प्रेरित करना है। इस अवसर पर ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनुपम शर्मा, शिक्षक चंद्र प्रकाश, जयहिंद मौर्य गुंजन पांडेय, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस आयोजन के माध्यम से जनपदवासियों को स्व-जनगणना के प्रति जागरूक करने तथा जनगणना-2027 को सफल बनाने के लिए जनसहभागिता का संदेश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी ने भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत सुकीर्ति माधव एवं जिलाधिकारी पीलीभीत आलोक कुमार ने भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की।



इस दौरान अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संवेदनशील स्थानों एवं सीमावर्ती मार्गों का निरीक्षण किया। पैदल गश्त के दौरान सशस्त्र सीमा बल (स्स्क) के अधिकारियों एवं जवानों के साथ सीमा सुरक्षा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा आपसी समन्वय एवं सहयोग से सीमावर्ती क्षेत्र में सतर्क निगरानी बनाए रखने पर जोर दिया गया। संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने, सीमा क्षेत्र में नियमित गश्त एवं प्रभावी निगरानी बनाए रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को देने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस एवं एसएसबी के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। पीलीभीत पुलिस एवं एसएसबी द्वारा भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने हेतु आपसी समन्वय के साथ निरंतर सतर्कता बरती जा रही है।

मंत्री संजय गंगवार से पीलीभीत की जनता मांग रही 10 साल का हिसाब, सपा नेता मोहम्मद आरिफ आरिफ

प्रेसवार्ता में किसानों की समस्याओं, गन्ना भुगतान, सड़कों की बदहाली और बंद चीनी मिल का मुद्दा उठाया बोले. आने वाले समय में जनता देगी जवाब



पीलीभीत। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आरिफ आरिफ ने एक प्रेसवार्ता के दौरान जिले के मंत्री संजय गंगवार पर निशाना साधते हुए उनके कार्यकाल के 10 वर्षों का हिसाब मांगा। उन्होंने कहा कि पीलीभीत की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधियों को दो बार विधानसभा चुनाव में जीत दिलाकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपीए लेकिन जनता की उम्मीदों के अनुरूप जिले का विकास नहीं हो सका। मोहम्मद आरिफ ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान जनता ने उम्मीद जताई थी कि नए नेतृत्व के आने से जिले में विकास की नई इबारत लिखी जाएगीए लेकिन आज भी कई बुनियादी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय जनता से किए गए वादों को पूरा नहीं किया गया और आम लोगों को निराशा हाथ लगी है। सपा नेता ने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि धान खरीद के सीजन में किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनके मुताबिकए धान खरीद केंद्रों और मंडियों में बिचौलियों की सक्रियता के कारण किसानों का शोषण हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों से 400 से 500 रुपये तक की दलाली वसूली जा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश दोनों जगह भाजपा की सरकार होने के बावजूद जिले का किसान परेशान है। गन्ना किसानों का करोड़ों रुपये का भुगतान लंबित होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भुगतान न मिलने से किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार खराब हो रही है। किसानों को अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मोहम्मद आरिफ ने जिले की ग्रामीण सड़कों की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि गांवों में सड़कें जर्जर हैं और जगह.जगह बड़े.बड़े गड्ढे होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। उन्होंने मोहनिया सहित कई क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि विकास के दावों के बावजूद बुनियादी सुविधाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं है। सपा नेता ने बंद पड़ी चीनी मिल का मुद्दा उठाते हुए कहा कि चुनाव के दौरान इसे दोबारा चालू कराने की बात कही गई थीए लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया है। उन्होंने सवाल किया कि जब केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार हैए तो फिर चीनी मिल को शुरू कराने में देरी क्यों हो रही हैघ् उन्होंने कहा कि चीनी मिल चालू होने से क्षेत्र के किसानों और स्थानीय लोगों को रोजगार एवं आर्थिक लाभ मिल सकता है। प्रेसवार्ता के दौरान मोहम्मद आरिफ ने मंत्री संजय गंगवार की राजनीतिक कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता के बीच दिए गए बयानों और वास्तविक कार्यों में अंतर है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मंचों पर भाईचारे और विकास की बातें करने के बजाय जनसमस्याओं के समाधान पर ध्यान दिया जाना चाहिए। सपा नेता ने कहा कि पीलीभीत की जनता अब अपने जनप्रतिनिधियों से विकास कार्यों का हिसाब चाहती है। किसानों का बकाया भुगतानए धान खरीद में पारदर्शिताए ग्रामीण सड़कों का निर्माण और बंद चीनी मिल को चालू कराना जिले की प्रमुख जरूरतें हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जनता अपने जनप्रतिनिधियों को उनके कामकाज के आधार पर जवाब देगी।

स्वर्ण पदक विजेताओं के सपनों को मिले पंख, प्रोत्साहन समिति ने भेंट किए वेटलिफ्टिंग शूज

पीलीभीत। बाल दिवस के अवसर पर शनिवार सुबह गांधी स्टेडियम स्थित वेटलिफ्टिंग हॉल में जिला खेल एवं प्रोत्साहन समिति, पीलीभीत की ओर से दो होनहार वेटलिफ्टिंग खिलाड़ियों को वेटलिफ्टिंग शूज वितरित किए गए। यह कार्यक्रम वेटलिफ्टिंग कोच श्री महेश जी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। यूनिवर्सिटी स्तर पर स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीतकर जिले का नाम रोशन करने वाले प्रतिभावान खिलाड़ी शालिनी और अर्जुन को आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए वेटलिफ्टिंग शूज की तत्काल आवश्यकता थी। कोच महेश द्वारा इस आवश्यकता से अवगत कराए जाने तथा दोनों खिलाड़ियों की कमजोर पारिवारिक स्थिति को देखते हुए समिति के सदस्यों ने आगे आकर सहयोग का निर्णय लिया। समिति के पांच प्रमुख सदस्यों— अनूप अग्रवाल (जिला अध्यक्ष, व्यापार मंडल), रवि शर्मा, स्वतंत्र देवल, हरिपाल यादव एवं जगदीश सक्सेना के सामूहिक सहयोग से दोनों खिलाड़ियों को एक-एक जोड़ी वेटलिफ्टिंग शूज प्रदान किए गए। जूते पाकर दोनों खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने समिति के सभी सदस्यों एवं कोच के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आर्थिक अभाव के कारण जिले की किसी भी खेल प्रतिभा को रुकने नहीं दिया जाएगा और भविष्य में भी खिलाड़ियों को हर संभव प्रोत्साहन व सहयोग मिलता रहेगा।

पीलीभीत पुलिस की बड़ी कार्रवाई, साइबर ठगी के 8 मामलों में पीड़ितों को वापस कराए 1.11 लाख रुपये

पीलीभीत। साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के बीच पीलीभीत पुलिस ने पीड़ितों को राहत दिलाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के विभिन्न थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क द्वारा साइबर ठगी के शिकार लोगों की धनराशि वापस कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना बीसलपुर और थाना अमरिया की साइबर टीम ने कुल आठ मामलों में पीड़ितों के खातों में 1 लाख 11 हजार 519 रुपये 3 पैसे वापस कराने में सफलता हासिल की है।

प्रधान के प्रयास से लगवाए जा रहे बिजली के पोल, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

-आज समाचार सेवा-



पूरनपुर (पीलीभीत)। लम्बे समय से आबादी में बिजली आपूर्ति न मिल पाने से ग्रामीण काफी परेशान थे। कई बार ग्रामीणों ने आबादी क्षेत्र में विधुत पोल लगाकर विधुत आपूर्ति दिए जाने की मांग की। सालों के इंतज़ार के बाद अब ग्राम प्रधान के प्रयासों से विधुत पोल लगना शुरू हो गये हैं। जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। तहसील क्षेत्र के गांव सिमरिया तालुके महाराजपुर के हसनी हुसैनी नगर में बिजली के पोल न होने की समस्या का समाधान शुरू हो गया है। ग्राम प्रधान नाबिर के प्रयास से गांव में नए विद्युत पोल लगवाए जा रहे हैं। लंबे समय से ग्रामीणों को बिजली के खंभों की कमी के चलते परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस संबंध में ग्राम प्रधान से समस्या के समाधान की मांग की गई थी। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए प्रधान नाबिर ने पहल करते हुए संबंधित विभाग से संपर्क किया और पोल लगवाने का प्

तकनीकी संकटका दंश

दुनिया जितनी तेजीसे डिजिटल होती जा रही है, उतनी ही तेजीसे उसकी निर्भरता कुछ बड़ी प्रौद्योगिकी कम्पनियोंपर बढ़ती जा रही है। शुक्रवारको माइक्रोसाफ्टकी सेवाओंमें आयी तकनीकी गड़बड़ीने एक बार फिर इस निर्भरताके खतरोंको उजागर कर दिया है। सर्वरमें खराबीके कारण ७४ देशोंमें माइक्रोसाफ्टकी सेवाएं प्रभावित हुईं। इसका असर सरकारी विभागों, बैंकों, अदालतों, विमानन सेवाओं और उद्योगोंके कामकाजपर पड़ा। माइक्रोसाफ्ट ३६५, आउटलुक टीम्स और कोपायलट जैसी सेवाओंके ठप होनेसे करोड़ों लोगोंको परेशानी उठानी पड़ी। यह घटना डिजिटल व्यवस्थाकी विश्वसनीयतापर गम्भीर सवाल खड़ा करता है। इस घटनाका सबसे चिन्ताजनक पहलू यह है कि एक कम्पनीके सर्वरमें आयी तकनीकी खराबीने दुनियाके अनेक देशोंकी सामान्य गतिविधियोंको प्रभावित कर दिया। भारत सहित अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलियामें भी इसका असर दिखायी दिया। विमानन सेवाओंमें देरी हुई और संस्थानोंका नियमित कामकाज बाधित हो गया। इससे स्पष्ट है कि डिजिटल तकनीकने सुविधाएं तो बढ़ायी हैं, लेकिन इसके साथ ही निर्भरताका जोखिम भी पैदा किया है। जिस व्यवस्थाको समय और श्रम बचानेका माध्यम माना गया, वही व्यवस्था बाधित होनेपर कामकाज ठप करनेका कारण बन सकती है। कम्पनीने इस समस्याके पीछे साइबर हमलेके बजाय तकनीकी गड़बड़ीको कारण बताया है, लेकिन इससे समस्याकी गम्भीरता कम नहीं होती है। जब करोड़ों उपयोगकर्ता और हजारों संस्थान किसी एक सेवा प्रदातापर निर्भर हों तो उसकी छोटी-सी चूक भी वैश्विक संकटका गम्भीर रूप ले सकती है। ऐसेमें केवल सेवाएं बहाल करना पर्याप्त नहीं है। गड़बड़ीके कारणोंकी समीक्षा और भविष्यमें इसकी पुनरावृत्ति रोकनेके उपाय भी जरूरी हैं। भारत जैसे तेजीसे बढ़ते देशके लिए यह घटना एक सबक है। सरकारी संस्थानों, बैंकों, न्यायालयों और विमानन कम्पनियोंको एक ही तकनीकी मंचपर निर्भर रहनेके बजाय वैकल्पिक व्यवस्था विकसित करनी चाहिए। सुरक्षित आंकड़ा भण्डारण, स्थानीय बैकअप और आपातकालीन संचालनकी व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए। डिजिटल विकासका अर्थ केवल नयी तकनीक अपनाना नहीं, बल्कि उसे सुरक्षित और भरोसेमंद बनाना भी है। तकनीक मनुष्यकी सुविधाका माध्यम होनी चाहिए उसकी विवशताका नहीं। माइक्रोसाफ्टकी घटनासे सबक लेकर डिजिटल व्यवस्थाको और अधिक मजबूत और आत्मनिर्भर बनानेकी दिशामें गम्भीर प्रयास करने होंगे।

प्रतिबन्ध नहीं, प्रत्यर्पण

मलयेशियामें रह रहे भगोड़े इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइकके नेतृत्व वाले रिसर्च फाउंडेशन (आईआरएफ) पर प्रतिबन्ध पांच वर्षके लिए बढ़ा दिया गया है। वैमनस्यता और साम्प्रदायिक विचारधाराकी पोषक इस संघटनपर प्रतिबन्धकी सीमा १४ नवम्बरको समाप्त हो रही थी। आईआरएफपर प्रतिबन्धकी सीमा बढ़ाना केन्द्र सरकारकी आतंकवाद एवं राष्ट्रविरोधी गतिविधियोंके प्रति जीरो टालरेंसकी नीतिके प्रति दृढ़ताको दर्शाता है। स्वराष्ट्र मंत्रालयके अनुसार यह संघटन भारतविरोधी गतिविधियोंमें शामिल रहा है। इसपर साम्प्रदायिक घृणा फैलानेके साथ ही आतंकवादको बढ़ावा देनेका आरोप है। आईआरएफका मूल उद्देश्य अलगाववादी विचारधाराका प्रचार करना और हिंसात्मक घटनाओंके बलबूते देशका माहौल खराब करनेके साथ ही फरार और बिखरे आतंकियोंको फिरसे संघटित करना रहा है, जो भारतकी शान्ति, सद्भाव और सम्प्रभुताके लिए बड़ा खतरा बन चुका है। आईआरएफपर प्रतिबन्धकी समय-सीमा बढ़ाना स्वराष्ट्र मंत्रालयका कदम उचित और सामयिक है लेकिन एक यक्ष प्रश्न अब भी जेहनमें उठ रहा है कि क्या प्रतिबन्धकी समय-सीमा बढ़ा देनेसे 'जीरो टालरेंस' की प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीकी नीतिके सार्थक परिणाम सामने आ सकेंगे? आज स्थिति यह है कि आईआरएफसे जुड़े अनेक आतंकी संघटन देशके विभिन्न हिस्सोंमें सक्रिय हैं। जरूरत है इन टुकड़े-टुकड़े आतंकी संघटनोंपर अंकुश लगानेकी, जिन्हें विदेशोंसे फण्डिंग होती है। जाकिर नाइकके प्रत्यर्पणके लिए गम्भीरतासे प्रयास किया जाना चाहिए। हालांकि मलयेशियाकी सरकारसे उसके प्रत्यर्पणकी बात चल रही है लेकिन अबतक कोई प्रगति नहीं हुई, जो चिन्ताकी बात है। अभी कुछ ही महीने पहले मलयेशियाके राष्ट्रपति अनवर इब्राहिमने भारत यात्राके दौरान जाकिर नाइकके प्रत्यर्पणका भरोसा दिया था लेकिन साथ ही इसमें समय लगनेकी बात भी कही थी। भारतको उसके प्रत्यर्पणका प्रयास लगातार जारी रखना चाहिए और वैश्विक स्तरपर दबाव बनानेकी कोशिश भी की जानी चाहिए।

लोक संवाद

जीवनशैलीमें सुधारकी जरूरत

महोदय,- आज हमारी गलतियोंके कारण बहुत-सी जानलेवा बीमारियोंका दायरा बढ़ता जा रहा है। इन्हींमेंसे एक बीमारी है डायबिटीज जिसे मधुमेह भी कहा जाता है। दुनियाभरमें बढ़ते मधुमेहके आंकड़ोंपर चिन्ता करते हुए इंटरनेशनल डायबिटीज फाउंडेशनने डायबिटीज रोकथाम दिवस मनानेका फैसला वर्ष १९९१ में किया था। डायबिटीजका कहर खान-पान और जीवनशैलीकी तरफ ध्यान देकर रोका जा सकता है। इस बीमारीके शिकार युवा भी हो रहे हैं। यह बीमारी हमारे देशमें भी तेजीसे बढ़ती जा रही है। इस बीमारीका मुख्य कारण गलत खानपान और जीवनशैली भी है। इसलिए जीवनशैलीको दुरुस्त करनेकी सख्त जरूरत है। **-राजेश कुमार, वाया ईमेल।**

बढ़ता बैंक ऋण चिन्ताजनक

हालमें मौद्रिक नीति समीक्षाके दौरान आंतरिक चर्चामें आरबीआईके गवर्नर संजय मल्होत्राने कहा था, इसी तरह मुद्रा एवं ऋण संबंधी आंकड़ोंमें वृद्धिको देखते हुए मांग पक्षसे जुड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं। सार्वजनिक चर्चाओंसे कुछ समयतक दूर रहनेके बाद नकदीकी मात्रा फिर अहमियत बटोरने लगी है।

❐ टी. प्रसन्ना

आरबीआई स्वयं ब्याज दरें तय करता है और मुद्रास्फीतिका लक्ष्य निर्धारित करता है तो क्या हमें इसपर ध्यान देना चाहिए। भारतमें इसका जवाब हां है। आंकड़े इसकी वजह बताते हैं। व्यापक मुद्रा (ब्रॉड मनी जिसे एम३ भी कहा जाता है) में मुख्य रूपसे नकदी और बैंक जमा शामिल होते हैं। वर्ष २०२४-२५ में इसकी वृद्धि दर लगभग ९.३ फीसदी थी जो २०२५-२६ में बढ़कर १५.३ फीसदी हो गयी। इसी दौरान नॉमिनल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में नौ फीसदीसे भी कमकी वृद्धि हुई। १५ अक्तूबरको सालाना मुद्रा वृद्धिकी दर १६ फीसदीपर थी। हमारे आंकड़ोंके मुताबिक मार्चमें व्यापक मुद्रा जीडीपीका लगभग ९१ फीसदी थी और सितंबरतक (अनुमानित जीडीपीके आधारपर) यह लगभग ९३ फीसदी हो गयी। १८ महीने पहले यह अनुपात लगभग ८६ फीसदी था। यह आयके मुकाबले मुद्राके काफी बड़े विस्तारको दर्शाता है। हालांकि नीति-निर्माणमें मुद्रा आपूर्तिमें वृद्धिको एक स्वतंत्र भूमिका देनेके खिलाफ एक गम्भीर तर्क भी मौजूद है। हालमें नोबेल पुरस्कार जीतने वाले अर्थशास्त्रियों से जुड़े नव कीनेसियनढांचेके मुताबिक खर्चका स्तर वर्तमान और भविष्यकी वास्तविक ब्याज दरोंपर निर्भर करता है। वास्तविक दरका मतलब है नॉमिनल दरमेंअनुमानित मुद्रास्फीति घटा देना। जब वास्तविक दर कम होती है तो लोग अधिक खर्च करनेके लिए प्रेरित होते हैं और भविष्यके लिए उपभोग टालनेकी वजह कम हो जाती है। जब कीमतें धीरे-धीरे समायोजित होती हैं तो बढ़ती मांग अंतत: मुद्रास्फीति ऊपर धकेल देती है। इस नजरियेसे देखें तो मौद्रिक नीति ब्याज दरों, लोगोंकी उम्मीदों और वित्त पोषणकी स्थितियोंके जरिये काम करती है। यदि इन माध्यमोंसे नीतिगत रुख स्पष्ट हो जाता है तो केन्द्रीय बैंकको अलगसे मुद्रा आपूर्ति लक्षित करनेकी जरूरत नहीं पड़ती। मुद्रा आपूर्तिमें विस्तार इसलिए भी हो सकता है कि बैंक अधिक कर्ज देते हैं और नयी जमा जुटाते हैं। इस तरह यह किसी स्वतंत्र कारणके बजाय आर्थिक फैसलोंका एक परिणाम बन जाता है। साथ ही वित्तीय नवाचारोंके मुद्राको परिभाषित करना मुश्किल हो गया है और केन्द्रीय बैंक भी व्यापक मुद्राको पूरी तरह सटीक रूपसे नियंत्रित नहीं कर सकता। इसके अलावा बैंक भंडार बनानेसे अतिरिक्त ऋणकी गारंटी नहीं मिलती। बैंक तरल परिसंपत्तियोंको इसलिए रोक सकते हैं कि उन्हें नुकसानका डर होता है, पूंजीकी कमी होती है या उन्हें ऋण देने योग्य ग्राहक नहीं मिल पाते। कर्जधारक नये ऋण लेनेके बजाय पुनर्भुगतानको प्राथमिकता दे सकते हैं। वैश्विक वित्तीय संकटके बाद अमेरिकी अनुभव यह दर्शाता है कि भंडार निर्माणका सीधा असर मुद्रा, ऋण या मुद्रास्फीतिपर नहीं पड़ता।उल्लेखनीय है कि यह नीति-निर्माताओंकी सही ब्याज दर निर्धारित करनेकी क्षमतापर अत्यधिक भरोसा दिखाता है। नॉमिनल दर प्रतिबंधात्मक प्रतीत हो सकती है जबकि अपेक्षित मुद्रास्फीतिको ध्यानमें रखनेपर वह विस्तारवादी हो सकती है। जनताकी मुद्रा धारण करनेकी इच्छासे परे मुद्रामें निरन्तर वृद्धि व्यय और परिसंपत्तियोंकी खरीदके माध्यमसे समायोजनको प्रोत्साहित करती है। लिहाजा मुद्रा ऐसी जानकारी प्रदान करती है जो ब्याज दरोंके विश्लेषणसे नहीं मिल पाती। यह संबंध न तो तात्कालिक है और न ही यांत्रिक रूपसे आनुपातिक। वांछित मुद्रा रखने और व्ययकी गति भी बदलती रहती है। भारतके पास इस चेतावनीको गम्भीरतासे लेनेके दो कारण हैं। पहला, जब ऋण आवंटन पहले ही तेजीसे बढ़ रहा हो तो यह संभावना कम आश्वस्त करने वाली है कि अतिरिक्त नकदीका ऋण आवंटनसे सीधा संबंध नहीं रहता है। पिछले दिनों बैंक ऋण २२७.४३ लाख करोड़ रुपयेतक पहुंच गया, जो पिछले वर्षकी तुलनामें १८.२ फीसदीकी वृद्धि है जबकि एक वर्ष पहले यह वृद्धि ११.६ फीसदी थी। इससे यह सिद्ध नहीं होता कि भंडार निर्माणके कारण ही प्रत्येक अतिरिक्त ऋण दिया गया। इससे यह सिद्ध होता है कि हम प्रचुर नकदी भंडारके साथ बैंक ऋण आवंटनमें स्थिरता नहीं देख रहे हैं। मुद्रा और ऋण दोनों साथ बढ़ रहे हैं। दूसरा और अधिक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि भारतमें व्यय, बचत और मूल्य निर्धारण प्रभावित करने वाली मुद्रास्फीतिकी अपेक्षाओंका पर्याप्त विश्वसनीय माप उपलब्ध नहीं है। घरेलू सर्वेक्षणकी अपेक्षाएं लगातार बादके राष्ट्रीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-आधारित मुद्रास्फीतिसे अधिक रहती हैं। कुछ विसंगति परिवारोंकी विभिन्न उपभोग श्रेणियों को दर्शाती है। सर्वेक्षणमें होने वाले बदलाव अब भी जानकारियोंसे भरे हो सकते हैं परन्तु वास्तविक दरकी गणनाके लिए इन संख्यात्मक अपेक्षाओंका उपयोग करना अब भी समस्याग्रस्त है। रिपोर्ट की गयी मुद्रास्फीतिका अनुमान लगानेमें मदद करते हैं परन्तु वे वेतन संबंधी वार्ता, किराये, स्कूल फीस और अनुबंध नवीनीकरण नियंत्रित करने वाली अपेक्षाओंको समझनेका विकल्प नहीं हो सकते। ये निर्णय निर्धारित करते हैं कि अनुमानित मुद्रास्फीति भविष्यकी कीमतोंमें कैसे शामिल होती है। हमें बेहतर सर्वेक्षणों और अनुबंधोंसे सबूतोंकी जरूरत है जो सभी पक्षोंको भविष्यके भुगतानोंके लिए प्रतिबद्ध करते हैं। तब तक मौद्रिक भंडार सचाई टटोलनाका एक अहम जरिया प्रदान करते हैं। यहांतक कि जो व्यक्ति यह मानता है कि मुद्राकी कोई स्वतंत्र कारणात्मक भूमिका नहीं है उसे भी यह पूछना चाहिए कि क्या इसकी वृद्धि मुद्रास्फीतिके पूर्वानुमानोंमें सुधार करती है। भविष्यवाणीके लिए यह साबित करना आवश्यक नहीं है कि भविष्यका स्वतंत्र रूपसे परिणामका कारण बनता है। यदि मुद्रा वृद्धि मुद्रास्फीतिका अनुमान लगानेमें मदद करती है तो कार्य-कारण संबंध विवादित होनेके कारण इसकी अनदेखा करना उपयोगी जानकारीको खारिज करना होगा।यह नये कीनेसियन ढांचेके अनुकूल है। यदि अपेक्षित मुद्रास्फीतिका त्रुटिपूर्ण निर्धारण किया जाता है तो वास्तविक दरका हमारा अनुमान गलत होगा। तीव्र मौद्रिक और ऋण वृद्धिसे पुनर्मूल्यांकनकी आवश्यकता होनी चाहिए। क्या नीति नॉमिनल रीपो दरसे अधिक प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। सभी मौद्रिक वृद्धि खतरनाक भी नहीं होती। एक बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाको अधिक धनकी आवश्यकता होती है और वित्तीय सुदृढ़ीकरण उच्च मुद्रा-जीडीपी अनुपातको उचित ठहरा सकता है। इससे आय वृद्धिसे कहीं अधिक विस्तार होने, जबकि वांछित मुद्राके व्यापक विस्तार नहीं होनेका प्रमाण मिलता है। भारतका ऐतिहासिक अनुभव बताता है कि जीडीपीका ८०.८४ फीसदी व्यापक मुद्राके लिए एक उपयोगी संदर्भ सीमा है, न कि वैज्ञानिक रूपसे स्थापित इष्टतम स्तर। धीरे-धीरे इस स्तरपर लौटनेके लिए मुद्रा वृद्धि नॉमिनल आय वृद्धिसे पीछे रखनी होगी बजाय कि अचानक मौद्रिक संकुचनके। रीपो दर प्रमुख जरिया बनी रहनी चाहिए और मुद्रास्फीति लक्ष्य। परन्तु मुद्रा वृद्धिको पूर्वानुमानों, अहम एवं सूक्ष्म बातों और संचारमें स्पष्ट स्थान मिलना चाहिए। जब अपेक्षाओंका सटीक आकलन न हो तो ब्याज दर ढांचेकी अधिक जांच-पड़तालकी आवश्यकता होती है।



बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाको अधिक धनकी आवश्यकता होती है और वित्तीय सुदृढ़ीकरण उच्च मुद्रा-जीडीपी अनुपातको उचित ठहरा सकता है। इससे आय वृद्धिसे कहीं अधिक विस्तार होने, जबकि वांछित मुद्राके व्यापक विस्तार नहीं होनेका प्रमाण मिलता है। भारतका ऐतिहासिक अनुभव बताता है कि जीडीपीका ८०.८४ फीसदी व्यापक मुद्राके लिए एक उपयोगी संदर्भ सीमा है, न कि वैज्ञानिक रूपसे स्थापित इष्टतम स्तर। धीरे-धीरे इस स्तरपर लौटनेके लिए मुद्रा वृद्धि नॉमिनल आय वृद्धिसे पीछे रखनी होगी बजाय कि अचानक मौद्रिक संकुचनके।

वैश्विक परिदृश्य में भारतीय संस्कृति का महत्व

भारतीय संस्कृतिका उद्भव इतिहासके जन्मसे भी पुराना है। सारी दुनियाके विद्वान और ज्ञान अभिलाषी भारतीय संस्कृति और धर्मसे प्रेरित रहे हैं। इस संस्कृतिके प्रतीक और प्रतिमान भारतके लिए स्वाभिमानका विषय हैं।

❐ हृदयनारायण दीक्षित

बीते ५ नवंबरको इण्डोनेशियाकी राजधानी जकार्तामें आयोजित यूनेस्कोकी ग्यारहवीं बैठकसे उत्साहवर्धक सूचना आयी है। इस बैठकमें भारतके महाकाव्य महाभारत, कौटिल्यका अर्थशास्त्र, कल्हड़की राजतरंगिणीकी प्राचीन पाण्डुलिपियोंको मेमोरी ऑफ दि वर्ल्ड एशिया रजिस्टरमें सम्मिलित करनेकी घोषणा की गयी है। इसके पहले २०२४ में रामचरितमानस, पंचतंत्र और सहृदयालोक लोचनको इसी सूचीमें शामिल किया गया था। दुर्भाग्यसे राजनीतिक कारणोंसे देशका वातावरण कलहपूर्ण हो गया है। भारत और भारतके मनको आनंदित करने वाली ऐसी सूचनाओंपर कोई उत्सव नहीं है। इस महत्वपूर्ण सूचनाको राष्ट्रीय विमर्श और आनन्दका विषय नहीं बनाया गया। अच्छा होता कि जनमानसमें भारतका राष्ट्रीय वैशिष्ट्याभिमान बढ़ाने वाली इस घोषणाकी चर्चा की जाती। तीनों ग्रंथ असाधारण रूपसे प्रतिष्ठित हैं। कौटिल्यका अर्थशास्त्र लगभग ३४० ईसापूर्वकी रचना है। यह दुनियाका प्राचीनतम अर्थशास्त्र है। भारतीय दर्शन और परम्पराको भाववादी बताने वाले पश्चिमी विद्वान और उनके समर्थक अर्थशास्त्रका भौतिकवाद नहीं देखते। कौटिल्यने अर्थशास्त्रकी शुरुआतमें ही शुक्राचार्य और बृहस्पतिको नमस्कार किया है। शुक्राचार्यके मतका उल्लेख भी हुआ है। अर्थशास्त्रकी सामग्री यथार्थवादी दर्शनसे भरी पूरी है। अर्थशास्त्रकी तुलना मेकियावली द्वारा लिखित 'प्रिंस' से की जाती है। राजपुत्रोंसे देशकी रक्षाका विषय मजेदार है। कहा गया है कि राजाको पुत्रोंकी गतिविधिपर ध्यान रखना चाहिए। ये केकड़ेकी तरह देशका नुकसान करते हैं। अर्थशास्त्रमें राजकोष, सैन्य संघटन, सीमा विस्तार और चुंगी जैसे कार्याधानकी चर्चा है। बड़ी बात है कि कौटिल्यने अर्थशास्त्रमें राजव्यवस्थाके सभी अंगों और उद्देश्योंपर ईसाके ३५० वर्ष पहले ही सम्यक विचार कर लिया था।महाभारतमें कुल लगभग १,१०,००० श्लोक हैं। एक लाखसे अधिक श्लोक होनेके कारण इसे शतसाहस्री संहिता भी कहा जाता है। इस ग्रंथका विकास तीन चरणोंमें हुआ था। महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित मूल ग्रंथ 'जय' में ८८०० श्लोक थे। महाभारतका संपादन लगातार होता रहा है। बादमें इसमें श्लोकोंकी संख्या २४००० हुई और यह 'भारत' कहलाया। अंतमें एक लाखसे अधिक श्लोक और १८ पर्व हो गये। यह 'महाभारत' के नामसे प्रसिद्ध हुआ। भारतीय दर्शनका प्रतिनिधि ग्रन्थ गीता महाभारतके भीष्म पर्वका ही हिस्सा है। महाभारतके इस हिस्सेको दुनियाके सैकड़ों विद्वानोंने बार बार पढ़ा है। गीता दर्शनके अलावा महाभारतमें राजनीति, अर्थशास्त्र, नीतिशास्त्र, इतिहास और धर्मशास्त्रपर तमाम सामग्री है। इसमें ऋग्वेदकी परम्परा है। उपनिषदोंका दर्शन है। पुराणोंका यथार्थ दार्शनिक भावबाद है। धर्मपर अनेक विचार हैं। ज्ञान और विवेकपूर्ण विमर्श है। यक्ष प्रश्नों वाला हिस्सा विवेकपूर्ण है। एक मजेदार प्रश्न है कि जीवन मार्ग क्या है-का: पंथा:। युधिष्ठिरका उत्तर है कि 'ऋषि अनेक हैं। वेद वचन भिन्न-भिन्न हैं। तर्कसे बात नहीं बनती। धर्मका तत्व गुहामें है। इसलिए महापुरुषों द्वारा अपनाया गया मार्ग ही सही मार्ग है। युधिष्ठिर धर्मराज होकर भी धर्मपर निर्णायक वक्तव्य नहीं देते। द्रौपदी जुएके खेलमें अपमानित हुई थी। उसने आरोप लगाया कि इन राजाओंका धर्म भ्रष्ट हो गया है। भीम कहते हैं कि जुआं खेलना राजधर्म है। महाभारत कालजयी रचना है। दुनियाके सभी विचार इस महाकाव्यमें हैं।' राजतरंगिणी कश्मीरी पंडित कल्हण द्वारा १२वीं शताब्दीमें संस्कृत भाषामें रचित एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक महाकाव्य है। इसका शाब्दिक अर्थ 'राजाओंकी नदी' होता है। यह ग्रंथ कुल आठ अध्यायों (तरंगों) में विभाजित है। प्रत्येक तरंग ज्ञानपूर्ण है। इसमें महाभारत कालसे लेकर कल्हणके समयतककके कश्मीरके राजाओंका क्रमबद्ध इतिहास दर्ज है। कल्हणने शिलालेखों और पुराने सिक्कोंके अध्ययनके आधारपर यह ग्रंथ लिखा था। यह पुस्तक केवल युद्धोंतक सीमित नहीं है, बल्कि तत्कालीन समाज, धर्म, संस्कृति और आम जनताकी दशापर भी प्रकाश डालती है। बिना किसी पक्षपातके राजाओंके गुणों और दोषोंका वर्णन करनेके कारण इसे भारतीय इतिहासका पहला प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है।ग्रंथका दार्शनिक पक्ष भी इसके ऐतिहासिक विवरण जितना ही गहरा और प्रभावशाली है और तथ्य और ज्ञानसे भरीपूरी है। कल्हणने सत्ताके लिए होने वाले रक्तरंजित संघर्षोंके माध्यमसे जीवनकी नश्वरताको दर्शाया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि सांसारिक वैभव, राजपाट और अहंकार सब कुछ क्षणभंगुर हैं। इस महाकाव्यका मुख्य रस 'शांत रस' है। ये पाठकोंको वैराग्य और आत्मचिंतनकी ओर ले जाता है। कल्हणके अनुसार मनुष्यके कर्म ही उसके उत्थान और पतनका असली कारण बनते हैं। राजाओंके पतनकी कहानियां सुनाकर वे यह संदेश देते हैं कि धर्म और नैतिकता ही शाश्वत सत्य हैं। यह पुस्तक इतिहासके दर्पणमें जीवनके अंतिम सत्य और शांतिकी खोज करती है। अपने इसी गहरे दार्शनिक संदेशको पहुंचानेके लिए कल्हणने एक प्रभावशाली साहित्यिक शैलीका सहारा लिया है। साहित्यिक दृष्टिसे भी राजतरंगिणी संस्कृत काव्य परम्पराकी एक अनुपम कृति है। कल्हणकी लेखन शैली अत्यंत सरल, प्रवाहपूर्ण और हृदयस्पर्शी है। उन्होंने कठिन ऐतिहासिक तथ्यों और जीवनके गूढ़ सत्योंको रोचक बना दिया है। उनकी भाषामें अनावश्यक आडंबर नहीं है। विचारोंकी स्पष्टता और गहराई है। प्रकृति वर्णन, मानवीय संवेदनाओंका चित्रण है। सूक्तियोंका प्रयोग है। ग्रंथ सुंदर है। यह रचना इतिहासके रूखेपनसे मुक्त है। ग्रंथकी शैली उसे एक जीवंत और पठनीय महाकाव्यका रूप देती है। इसी प्रकार ऋग्वेद, रामचरितमानस, पंचतंत्र आदि ग्रंथ भी यूनेस्को द्वारा सम्मानित किये गये हैं। भारत स्वयंमें एक महाकाव्य है। भारतके लिए यह गौरवका विषय है। भारतको विश्वगुरु बिलावजह नहीं कहा जाता। ऐसे अनेक महाग्रंथ भारतमें हैं। उन्हें पढ़ना चाहिए। जांचना और जानना चाहिए कि भारतकी अभिव्यक्तिका विराट समूचे अस्तित्वको कैसे समाहित करता रहा है। इसका अंतरंग लोकमंगल से भरा पूरा है।



सूर्योपासनाका पर्व

❐ रघोत्तम शुक्ल

सूर्योपासनाकी कठिन चारदिनी उपासनाका महापर्व छठ है। सूर्यदेव पृथ्वीपर जीवनके आधार हैं। ज्योतिष ग्रंथोंके अनुसार शरीरांगोंमें उनका अधिकार मुखपर है। हर जातककी कुण्डलीमें वे लग्न, भाग्य और कर्म जैसे सबसे महत्वपूर्ण भावोंके कारक होते हैं। वे जगतके कर्ता, परम तेजोमय, सभी पापोंका नाश करने वाले ज्ञान-विज्ञान और मोक्ष भी प्रदान करने वाले मान्य हैं। वे हनुमान जीके गुरु हैं। उनसे ही शिक्षा पाकर हनुमान जी ज्ञानिनामग्रगण्यम् बने। वे पराक्रमके ऐसे भण्डार हैं कि सर्वश्रेष्ठ शस्त्रधारी श्रीरामको भी रावण वध करनेके लिए उनकी आराधना करनी पड़ी। श्रीरामने युद्ध भूमिमें ही आचमन लेकर तीन बार उस स्तोत्रका पाठ किया और फिर अति शक्ति सम्पन्न होकर रावणसे युद्ध करनेको उद्यत हुए। ऐसे सूर्य भगवानकी उपासनाका जब षष्ठी तिथिसे योग हो जाय तो उसका फल विशेष है। छहका अंक अपना महत्व रखता है। ज्ञानके भण्डार आदि ग्रंथ वेदोंके छह ही अंग हैं, शिक्षा, कल्प, निरुक्त, छंद, व्याकरण, ज्योतिष। प्रकृतिके रस भी छह ही हैं। भगवान शंकरके पुत्र देवताओंके सेनापति कार्तिकेय छह मुखों वाले हैं, जिनके सेनापतित्वमें देवता तारकासुरको मार सके। योग मार्गमें छठा चक्र आज्ञा चक्र होता है, जो दोनों भृकुटियोंके बीचका स्थान है। छठ मैया सूर्यदेवकी बहन मानी गयी हैं। लोक गीतोंमें कहा गया है, 'सूरज देव के बहिनियां मैया, किरिन संग अंगना आय'। मान्यता है कि सूर्यदेवने अपनी इन बहनके घर आकर भोजन किया था। इस तिथिपर उनकी उपासना, व्रत, अनुष्ठानके विशेष फल हैं। मार्कण्डेय एवं ब्रह्मवैवर्त पुराणोंके अनुसार सृष्टि सृजन करते समय मूल प्रकृतिने अपनेको छह भागोंमें विभक्त किया। छठा भाग संतान प्रदाता एवं संतान रक्षक हुआ। यही छठ मैया हैं, जो ब्रह्मा जीकी मानस पुत्री हैं। कार्तिक शुक्ल छठका यह अनुष्ठान चार दिनी होता है, जो इस प्रकार मनाया जायगा। नहाय खाय-खरना-मुख्य छठ पूजा है। इस दिन व्रती दिनभर बिना अन्न जल उपवास रहेगा। घरमें ठेकुवा, चावलके लड्डू बनेंगे। सूपमें फल, ठेकुवा और पूजन सामग्री सजाकर सायंकाल व्रती जलाशयमें खड़े होकर पूजन और अस्ताचलगामी सूर्य देवको अर्घ्य देंगी। पारण- आगले दिन प्रात: सपरिवार व्रती पुन:जलाशयपर इकट्ठा होती हैं। व्रती जलमें खड़े होकर उदीयमान सूर्यको जलदान करके संतानप्राप्ति, रक्षाकी प्रार्थनाऔर व्रतकी पूर्णता करके पारण होता है। यह व्रतकी पूर्णता अथवा समापन होता है। सांतानिक व्रत होते हुए भी छठ माई अन्य सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। पुराणोंके अनुसार आदिकालमें राजा प्रियव्रतने यह व्रत किया था। उनकी पत्नी मालिनी थीं। महर्षि कश्यपने उनसे पुत्रेष्टि यज्ञ करवाया, जिससे संतान तो उत्पन्न हुआ, किन्तु मृत। इससे वे शोकमें डूब गये। तब वहां एक अद्भुत देवी प्रकट हुईं। राजाके पूछनेपर उन्होंने अपना परिचय छठ देवीके रूपमें बताया तथा स्वयंको ब्रह्मा जीकी मानस पुत्री कहते हुए प्रकृतिका छठा अंश प्रतिपादित किया।

कश्मीर में सुरक्षाबलों के लिए नयी चुनौती

❐ रोहित माहेश्वरी

जम्मू-कश्मीरमें हालमें घटी दो अलग-अलग और सनसनीखेज घटनाओंने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्थाको लेकर गम्भीर चिन्ताएं खड़ी कर दी हैं। पहली घटना दक्षिण कश्मीरके कुलगाम जिलेसे है, जहां ११ नवंबरको केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्सकी एक पेट्रोलिंग पार्टीको निशाना बनाकर हमला किया गया। इस हमलेमें सीआरपीएफके तीन जवान घायल हो गये थे। दूसरी घटना किश्तवाड़ जिलेके दूरदराज और घने जंगलों वाले दच्छन-मरवाह इलाकेसे सामने आयी, जहां स्थानीय पुलिसके स्पेशल आपरेशंस ग्रुपमें तैनात दो स्पेशल पुलिस अधिकारियोंकी गोली मारकर हत्या कर दी गयी। करीब चौबीस घंटेके भीतर हुई ये घटनाएं बताती हैं कि जम्मू-कश्मीरमें सुरक्षा हालात अब भी संवेदनशील बने हुए हैं। ५ अगस्त २०१९ को केन्द्र सरकार द्वारा अनुच्छेद ३७० को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीरको दो केन्द्रशासित प्रदेशोंमें विभाजित करनेका फैसला भारतीय इतिहासके सबसे बड़े भू-राजनीतिक मोड़ोंमें गिना जाता है। इस कदमके बादसे घाटी और पूरे प्रदेशमें सुरक्षाके मोर्चेपर बड़े बदलाव आये हैं, लेकिन हालिया घटनाओंने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवादका खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है, बल्कि उसके स्वरूपमें बदलाव आया है।सरकारी आंकड़ोंके मुताबिक ५ अगस्त २०१९ से लेकर मध्य २०२६ के बीच आतंकवादी घटनाओं और सड़कपर होने वाले प्रदर्शनों (जैसे पत्थरबाजी) में लगभग ९० प्रतिशततककी भारी कमी आयी है। पिछले वर्षोंकी तुलनामें आतंकी वारदातोंमें करीब ७५ प्रतिशतसे अधिककी गिरावट दर्ज की गयी है। इस अवधिके दौरान सुरक्षा बलोंने बड़ी संख्यामें आतंकवादियोंको ढेर किया है। हालिया घटनाएं एक बार फिर याद दिलाती हैं कि सामान्य स्थिति और स्थायी शांतिके दावोंसे इतर इलाकेमें आतंकवादके रक्तबीज मौजूद हैं। दुखद ही है कि लापता होनेके एक दिन बाद दो स्पेशल पुलिस अधिकारियोंके गोलियोंसे छलनी शव बरामद हुए हैं। वहीं दूसरी ओर सीआरपीएफकी चेकपोस्टपर हुए हमलेमें तीन जवान घायल हुए हैं। निस्संदेह यह हमारी खुफिया एजेंसियों और सुरक्षाबलोंके लिए नयी चुनौती है। इन दोनों घटनाओंको अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता, क्योंकि इनके पीछे कई गहरे रणनीतिक संकेत छिपे हैं। लम्बे समयतक शांत रहे चिनाब घाटी (किश्तवाड़, डोडा) के घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियोंका इस्तेमाल आतंकी सुरक्षित पनाहगाहके रूपमें करनेकी फिराकमें हैं। एसपीओ और ग्राम रक्षा गार्ड स्थानीय भौगोलिक स्थिति और लोगोंसे भली-भांति परिचित होते हैं। इन्हें निशाना बनाकर आतंकी स्थानीय लोगोंमें खौफ पैदा करना चाहते हैं, ताकि सुरक्षाबलोंको जमीनी स्तरपर मिलने वाली खुफिया जानकारी बाधित हो सके। इन हमलोंकी चौतरफा निन्दा हुई है। ग्रेटर कश्मीरकी खबरके अनुसार, डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टीके अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद सहित कई नेताओंने इन कायराना हरकतोंकी कड़ी आलोचना करते हुए आतंकवादके समर्थक नेटवर्कको पूरी तरह ध्वस्त करनेकी मांग की है।उल्लेखनीय है कि इससे ठीक एक साल पहले राजधानीमें लाल किलेके पास एक कार धमाकेमें ग्यारह लोगोंकी जान चली गयी थी। कालांतर राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईएकी व्यापक जांचके बाद पता चला था कि विस्फोटकी घटनामें जम्मू-कश्मीर स

सहारनपुर पुलिस ने लौटाई 335 लोगों के चेहरों की मुस्कान, दो साल पुराने मोबाइल पाकर झूम उठे लोग

CEIR पोर्टल की मदद से सर्विलांस सेल ने बरामद किए 335 गुमशुदा मोबाइल

मनोज मिड्ढा





सहारनपुर। तकनीक के बेहतर इस्तेमाल से सहारनपुर पुलिस ने 335 ऐसे लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी, जिनके मोबाइल फोन लंबे समय पहले गुम हो गए थे। किसी का मोबाइल एक साल तो किसी का दो साल पहले खो गया था। मोबाइल मिलने की उम्मीद लगभग छोड़ चुके लोगों को जब शनिवार को उनके खोए हुए फोन वापस मिले तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कई महिलाएं और पुरुष अपने पुराने मोबाइल हाथ में लेकर खुशी से झूम उठे और सहारनपुर पुलिस का दिल से आभार जताया। शनिवार को पुलिस लाइन स्थित नवीन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने उएक्क पोर्टल के माध्यम से बरामद किए गए 335 मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। इस दौरान सभागार में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष मौजूद रहे। मोबाइल वापस पाने वालों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दे रही थी। जैसे-जैसे लोगों को उनके मोबाइल सौंपे जा रहे थे, वैसे-वैसे सभागार में खुशी का माहौल बनता जा रहा था। एसएसपी अभिनंदन ने बताया कि भारत सरकार के संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित उएक्क पोर्टल के माध्यम से गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने प्रत्येक थाने पर टीम गठित कर वरिष्ठ उपनिरीक्षक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया था। साथ ही निर्देश दिए गए थे कि मोबाइल गुम होने संबंधी प्रार्थना पत्र मिलने पर संबंधित मोबाइल का विवरण तत्काल उएक्क पोर्टल पर अपलोड कराया जाए, जिससे उसकी तलाश कर बरामदगी की जा सके। एसपी सिटी व्योम बिंदल और एसपी ग्रामीण मयंक पाठक के पर्यवेक्षण में एएसपी सारिका चौधरी, सीओ क्राइम प्रिया यादव तथा सर्विलांस सेल प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। जनपद के विभिन्न थानों में प्राप्त शिकायतों के आधार पर गुम मोबाइलों का विवरण पोर्टल पर अपलोड किया गया। पुलिस टीमों ने तकनीकी सहायता से कार्रवाई करते हुए कुल 335 मोबाइल फोन बरामद कर लिए। पुलिस के अनुसार बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 50 लाख रुपये है। बरामद मोबाइलों में एक एप्पल, एक गूगल, एक नथिंग, 56 सैमसंग, 55 वीवो, 40 रेडमी, 44 रियलमी, 14 मोटोरोला, तीन लावा, 14 वनप्लस, 79 ओप्पो, 14 पोको, पांच इनफिनिक्स और आठ अन्य कंपनियों के मोबाइल शामिल हैं। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का धन्यवाद किया। खास बात यह रही कि कई लोगों को उनके दो-दो साल पुराने मोबाइल वापस मिले। लोगों ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि इतने समय बाद उनका खोया हुआ मोबाइल वापस मिल पाएगा। इस कार्रवाई में सीओ क्राइम प्रिया यादव, सर्विलांस सेल प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार, हेड कांस्टेबल सोनू शर्मा, आकाश नेहरा, नितिन त्यागी, कांस्टेबल ललित कुमार, जयवीर राठी तथा जनपद के सभी थानों की उएक्क पोर्टल टीमों का योगदान रहा।

भगवती देवी विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

आज समाचार सेवा



सहारनपुर। विहट तहसील क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर कला में स्थित भगवती देवी विद्या मंदिर स्कूल मे प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा,रचनात्मकता एवं कौशल का प्रदर्शन किया। शनिवार को प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया गया इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा नई चीजें सीखने का अवसर भी मिला। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण रहा। इस अवसर पर सरकारी होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ मीणा रावत,डॉ त्रिलोक सिंह,डॉ अभिमन्यु प्रसाद द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों का निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण किया गया। साथ ही बच्चों को आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं जरूरत के अनुसार दवाइयाँ भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। प्रबंधक राजकुमार शर्मा ने कहा कि हमारे देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप मे मनाया जाता है। पंडित नेहरू बच्चों से बहुत प्यार करते थे और बच्चे भी उन्हें प्यार से 'चाचा नेहरू' कहकर बुलाते थे। उनका यह मानना था कि आज के बच्चे ही कल के जिम्मेदार नागरिक और देश का भविष्य हैं। कहां कि बाल दिवस सिर्फ एक उत्सव नहीं है,बल्कि यह हमें याद दिलाता है कि हर बच्चे को सुरक्षित बचपन,अच्छी शिक्षा, प्यार और आगे बढ़ने के पूरे अवसर मिलने चाहिए। प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने कहा कि विद्यालय मे ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर अरुणा देवी,नेहा,अर्चना, सल्लोनी,राजकुमार, नीरज,आजाद,साहिल, प्रिंस,हिदायत,उजेफा, सोफिया,परी,बानी, देवांश,दीपांशु,दीपाली, कार्तिक,ऋतिक, लविश,अर्पित, तेजस्वी,अवनी,कुणाल, प्रिया,देवंशी,वंश, पावल,तन्नू,खुशी,वर्षा, ईशु,आर्यन,सुशांत, तबस्सुम,अली,हर्ष आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त डायरी

बाल दिवस के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



आज समाचार सेवा

चिलकाना। जे.पी.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रगतिशील सैनी सभा युवा विंग के जिला अध्यक्ष आशु सैनी,पूर्व प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद अबरार,समाजसेवी डॉक्टर मेहर सिंह ,ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र के सामने पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । प्रतियोगिता चार वर्गों में आयोजित की गई जिसमें ताजे फल खाओ, प्राकृतिक चित्रण, स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत की थीम पर बच्चों ने सुंदर कलाकृतियां व अपने भावों को कागज पर उकेरा प्रथम द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को मुख्य अतिथियों के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया साथ ही प्रत्येक वर्ग में दो-दो सांत्वना पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में दीपावली पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को भी मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों के द्वारा बच्चों को आशीर्वाद प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें मोबाइल व सोशल मीडिया से दूर रहने की सीख दी। इस अवसर पर अक्षय रोहिला,मयंक शर्मा, सुलेखा शर्मा, उषा शर्मा, रितिका, नाजिया, खतीजा, बबीता, सदफ,आरजू ,प्रीति, सपना, वंदना, आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आशु सैनी व संचालन शिवनंदन शर्मा ने किया

लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल एकेडमी में धूमधाम से मनाया बाल दिवस



गागलहेड़ी। लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल एकेडमी में शनिवार को बाल दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। नन्हे-मुन्नों की मनमोहक प्रस्तुतियों और आकर्षक रैम्प वॉक ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या प्रतिभा यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को बच्चों से विशेष लगाव था, इसलिए उनके जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, अच्छे संस्कार और मेहनत का महत्व समझाते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने भाषण, गायन और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास देखकर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में रैम्प वॉक विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें बच्चों ने विभिन्न अंदाज में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। अंत में प्रधानाचार्या प्रतिभा यादव ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास और छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सर्दी से बचने के लिए प्रगणक स्वगणना पर जोर दें: यादव

आज समाचार सेवा



सहारनपुर। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण में कार्य समय से पूरा करने के लिए प्रगणक एवं सुपरवाइजर लोगों को अधिक से अधिक स्वगणना के लिए प्रेरित करें, ताकि दिसंबर में डोर टू डोर सर्वेक्षण के दौरान जनगणना कार्य आसानी से हो सके। सहायक नगरायुक्त व चार्ज अधिकारी जेपी यादव तथा लखनऊ से आये असिस्टेंट डायरेक्टर जनगणना आशुतोष ने जनगणना प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को स्वगणना पर बल देते हुए यह बात कही। प्रमुख अपर जनगणना अधिकारी एवं नगरायुक्त शिपू गिरि के निदेशानुसार दिल्ली रोड स्थित डीपीएस स्कूल में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन को संबोधित करते हुए सहायक नगरायुक्त जेपी यादव ने कहा कि एक दिसंबर से 4 जनवरी तक घर-घर जाकर (डोर-टू-डोर) जनगणना व सर्वेक्षण कार्य करना है, चूंकि वह समय अधिक सर्दी व शीतलहर का समय होगा, और मौसम के साथ कई तरह की चुनौतियां आती है। उन्होंने सुझाव दिया कि उस समय किये जाने वाले जनगणना कार्य को आसान करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को स्वगणना के लिए प्रेरित करें। सहायक नगरायुक्त ने कहा कि प्रगणक व सुपरवाइजर 16 से 30 नवंबर तक होने वाली स्वगणना के लिए नागरिकों को प्रेरित कर अपना अधिकांश कार्य समय से पूरा कर सकते हैं।

नेहरू जयंती पर कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल ने साझा किए संस्मरण, नेताओं ने आधुनिक भारत के निर्माण में नेहरू के योगदान को किया याद

आज समाचार सेवा



सहारनपुर। पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर कांग्रेसजनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर देश के निर्माण में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल ने अपने संबोधन में नेहरू से जुड़े संस्मरण साझा किए। उन्होंने कहा कि नेहरू की दूरदर्शी सोच और मजबूत नेतृत्व ने देश को विकास की नई दिशा दी। उन्होंने शिक्षा, विज्ञान और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में बड़े संस्थानों की स्थापना की, जिनकी नींव पर देश आज भी प्रगति कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि नेहरू का जीवन आधुनिक भारत के निर्माण, लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना तथा देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए समर्पित रहा। उनके विचार आज भी देश को प्रेरणा देते हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अमरदीप जैन ने कहा कि नेहरू की दूरदर्शिता ने भारत के वर्तमान और भविष्य की मजबूत नींव रखी। वैज्ञानिक सोच, शिक्षा, औद्योगिक विकास और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने में उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा है। कार्यक्रम का संचालन इमरान कुरैशी ने किया। इस अवसर पर काजी शौकत अली, प्रवीण चौधरी, हरिओम मिश्रा, इकराम खान, मयंक शर्मा भारतीय, विपिनकांत शर्मा, अनूप ठकराल, आरिफ मंसूरी, राकेश वर्मा, नसीब खान, अजय कुमार त्यागी, मनोज शर्मा, सतीश कश्यप और शाहबाज अली सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नेहरू के आदर्शों पर चलने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का संकल्प लिया।

ब्राइट होम पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस,बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

आज समाचार सेवा



नानौता, सहारनपुर। नगर के ब्राइट होम पब्लिक स्कूल में गुरुवार को बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य मो. अहमद खान एवं श्रीमती मुमताज खान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मौहम्मद अहमद खान ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू को बच्चों से विशेष लगाव था, इसलिए उनका जन्मदिन पूरे देश में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, संस्कार और कड़ी मेहनत के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय में इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भाषण,गायन और नृत्य की प्रस्तुतियां हुईं। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न लोकप्रिय गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। साथ ही बच्चों द्वारा आत्मविश्वास के साथ की गई रैम्प वॉक आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षकों के प्रयासों की भी सराहना की इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का समापन मिठाई वितरण के साथ हुआ।

एक सप्ताह से चल रह प्रतियोगिताओं का समापन

आज समाचार सेवा



सहारनपुर। गंगोह- कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल एक सप्ताह से चल रही खेल कूद प्रतियोगिताओं का शनिवार को समापन किया गया। प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समापन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरुण गर्ग, नीरज गोयल, स्वाति गर्ग ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कक्षा 9 से 12वीं कक्षा के छात्रों की क्रॉस कंट्री रेस में बालक वर्ग में अर्पित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं बालिकाओं में अनोखी भी किसी प्रथम रही। अन्य कक्षावार रेस में नर्सरी के जैनब, साहिल, एलकेजी के असमद, आयरा, यूकेजी के अरहम, अस्बा कक्षा 1 के उज्जैर, आर्य, कक्षा 2 के सुहाना, मुनीर, कक्षा 3 के देव, अक्स, कक्षा 4 के देवयानी, आदित्य, कक्षा 5 के हर्षिता, विधि, वैभव, जतिन, कक्षा 6 के गर्वीक, नव्या, कक्षा 7 के यश, प्रीत और कक्षा 8 के अभी, अनमोल, रिद्धि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया क साथ ही कक्षा 3, 4, त तथा 7 के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वैष्णवी, अलीशा तथा मोहम्मदी ने योग तथा टाइल्स ब्रेकिंग का शानदार प्रदर्शन किया। सभी प्रतियोगिताओं को पदक एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर प्रधानाचार्य पूनम शर्मा तथा पत्रकार रमेश चंद गर्ग ने विद्यार्थियों के प्रयास एवं जोश की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

किसान पर हमले के मामले में धाराएं बढ़ाने की मांग, जाट समाज ने कोतवाली में दिया धरना

पुलिस पर राजनीतिक दबाव में कार्रवाई करने का आरोप, सीओ के आश्वासन पर समाप्त हुआ धरना; रविवार को गांव में पंचायत कर मामला निपटाने पर बनी सहमति

आज समाचार सेवा



नकुड़ (सहारनपुर)। कोतवाली क्षेत्र के गांव नाहर माजरा निवासी किसान पर हमले के मामले में जानलेवा हमले की धाराएं नहीं लगाए जाने से नाराज जाट समाज के लोगों ने शनिवार को कोतवाली में धरना दिया। ग्रामीणों ने पुलिस पर राजनीतिक दबाव में काम करने और आरोपियों के खिलाफ हल्की कार्रवाई करने का आरोप लगाया। देर शाम पहुंचे सीओ जितेंद्र कुमार सिंह के आश्वासन पर धरना समाप्त हो गया। गांव निवासी नरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि सात नवंबर की शाम करीब चार बजे वह ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना लेकर रामगढ़ गन्ना सेंटर जा रहे थे। उनके साथ संजीव भी था। आरोप है कि रामगढ़ के पास पीछे से मोटरसाइकिल पर आए कुछ लोगों ने साइड मांगने को लेकर गाली-गलौज की और वहां से चले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों का शांति भंग की आशंका में चालान किया था। पुलिस की कार्रवाई से नाराज जाट समाज के लोगों ने शुक्रवार को गांव में पंचायत कर शनिवार को कोतवाली में धरना देने का निर्णय लिया था। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सुबह से ही ग्रामीण कोतवाली पहुंच गए। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव में गंभीर धाराएं नहीं लगाई जा रही हैं। धरने के दौरान आरोपी पक्ष के कुछ जिम्मेदार लोग भी पहुंचे और बातचीत से मामला सुलझाने की अपील की। दोनों पक्षों में रविवार को गांव नाहर माजरा में पंचायत कर मामला निपटाने पर सहमति बनी। देर शाम सीओ जितेंद्र कुमार सिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी असंतुष्टि को देखते हुए मामले को दोबारा दिखवाया जाएगा। इसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया। इस दौरान कर्ण सिंह, सौरज प्रधान, लाखन सिंह, महिपाल, नीरज चौधरी, सुनील प्रधान, भूपेश प्रधान, पुष्पेंद्र चौधरी, राजकिशन, सुरेंद्र प्रधान, विजय प्रधान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान के तहत रेलवे पेंशनर्स को दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी

पीएनबी अधिकारियों ने बैंकिंग सुविधाओं और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के बताए तरीके, पेंशनर्स के डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र भी किए जमा

आज समाचार सेवा



सहारनपुर, । भारत सरकार के कार्मिक, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग की ओर से 1 से 30 नवंबर तक संचालित राष्ट्रव्यापी डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान-5 के अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक की ओर से रेलवे पेंशनर्स समाज के कार्यालय में बैंकिंग प्रोडक्ट एवं डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट विषय पर विचार संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में पीएनबी के मुख्य शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार ने पेंशनर्स को बैंक की विभिन्न सुविधाओं, सावधि जमा योजनाओं, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना और ऋण योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पेंशनर्स से बैंक की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। साथ ही आश्वासन दिया कि बैंक से संबंधित उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। उन्होंने बढ़ते साइबर अपराध और ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी के मामलों के प्रति पेंशनर्स को जागरूक करते हुए किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, अज्ञात फोन कॉल से सतर्क रहने और किसी के साथ ओटीपी साझा नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के महत्व को समझाते हुए सभी पेंशनर्स से नवंबर माह में अपना जीवन प्रमाण पत्र डिजिटल माध्यम से अथवा संबंधित बैंक शाखा में जमा कराने का आग्रह किया, ताकि उनकी पेंशन निर्बाध रूप से मिलती रहे। इस दौरान उन्होंने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया तथा उपस्थित पेंशनर्स के डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जमा कराए। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक आरसी शर्मा ने बैंक अधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर एवं संस्था की पत्रिका भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने संस्था की स्थापना, उद्देश्यों और पेंशनर्स के हित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत पेंशनर्स समाज का 71वां राष्ट्रीय अधिवेशन 6 दिसंबर 2026 को कोलकाता में आयोजित होगा। उन्होंने सदस्यों से अधिकाधिक संख्या में अधिवेशन में भाग लेने का आह्वान किया, ताकि पेंशनर्स की समस्याओं और अधिकारों से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेएन शर्मा ने की तथा संचालन संस्था के महामंत्री एनएस चौहान ने किया। संगोष्ठी में राम प्रकाश शर्मा, मूलचंद रांगड़ा, स्वतंत्र भारद्वाज, विनोद त्यागी, इकबाल अजीम, देवेंद्र कुमार, अमरनाथ त्यागी, निसार अहमद, विजय तलवार, आरके धींगड़ा, अशोक शर्मा, अजीत राणा, मीना कटारिया, जयदेव सिंह, एचसी राम, वेद प्रकाश, भूपेश बंसल, वसंत राम, राजकुमार सैनी, सुभाष शर्मा और मदनपाल सहित अनेक पेंशनर्स मौजूद रहे।

प्राथमिक विद्यालय में धूमधाम से मना बाल दिवस, चाचा नेहरू अमर रहे के नारों से गूंजा विद्यालय

बाल मेले में बच्चों ने काटा केक, शिक्षिका अंजली आर्य ने बताई नेहरू जी के जीवन की प्रेरक बातें

आज समाचार सेवा



छुटमलपुर : (सहारनपुर) प्राथमिक विद्यालय नंबर-दो में बाल दिवस बहुत ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरा विद्यालय परिसर बच्चों की चहचहाहट, तालियों और नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। शिक्षिका अंजली आर्य ने बच्चों को बताया कि पंडित नेहरू को बच्चों से बेहद प्रेम था, बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहते थे। उनकी जयंती 14 नवम्बर को हम बाल दिवस के रूप में मनाते हैं। उन्होंने नेहरू के जीवन से जुड़ी प्रेरक बातें बच्चों को बताईं। बाल दिवस पर विद्यालय में बाल मेले का आयोजन किया गया। विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां कराई गईं, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। बच्चों ने केक काटकर चाचा नेहरू का जन्मदिन मनाया और ह्लचाचा नेहरू अमर रहेह्व के नारे लगाए। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक कर्ण सिंह, मोहम्मद नसीम, मीनाक्षी कंबोज, कमलेश, सोनिया आदि मौजूद रहे। शिफा, नव्या, अयान, अर्शी, परवीन, हुमैरा, अबूजर, समद, अलीशा, रिया, अलीशान, जोया, फलक आदि बच्चों ने गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले की तैयारियां तेज, घाटमपुर में अधिकारियों ने किया संयुक्त निरीक्षण



रामपुर। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर घाटमपुर में लगने वाले गंगा स्नान मेले को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सदर एवं मेला मजिस्ट्रेट रश्मिका श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी सिटी अभिषेक श्रीवास्तव तथा जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी उज्ज्वल अंबेश ने राजस्व, पुलिस और जिला पंचायत की टीम के साथ मेला स्थल का संयुक्त भ्रमण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, आवागमन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मौके पर तैयारियों का खाका तैयार किया। मेले में आने और जाने के लिए अलग-अलग रास्तों की व्यवस्था, घाटों का निर्माण, महिलाओं के कपड़े बदलने के लिए चेंजिंग रूम, सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग और पर्याप्त संख्या में गोताखोरों की तैनाती जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को केंद्र में रखकर तैयारियां की जायेंगी।

इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खोया-पाया केंद्र स्थापित करने तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई। संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ समय से सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि गंगा स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी सदर रश्मिका श्रीवास्तव को कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले के लिए मेला मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

18 नवम्बर को ग्राम सभा और वार्ड कमेटी की बैठकों में पढ़कर सुनाई जाएगी मतदाता सूची

रामपुर। विधानसभा चुनाव की मतदाता सूची को सही और त्रुटिरहित बनाने के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत 17 नवम्बर 2026 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। इसके अगले दिन यानी 18 नवम्बर को जनपद की सभी ग्राम सभाओं और वार्ड कमेटियों की बैठकों में बीएलओ द्वारा मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाएगी।

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर होने वाली इस प्रक्रिया का उद्देश्य यह पता लगाना है कि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची में छूट तो नहीं गया है और किसी मतदाता के नाम या अन्य विवरण में कोई गलती तो नहीं है। बीएलओ संबंधित ग्राम सभा या वार्ड की बैठक में पूरी सूची पढ़कर सुनाएंगे। इस दौरान लोग अपना और अपने परिवार के सदस्यों का नाम मतदाता सूची में जांच सकेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस कार्य को अभियान के रूप में पूरा कराया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक ग्राम सभा और वार्ड के अधिक से अधिक मतदाता इस प्रक्रिया में शामिल हों और कोई भी मतदाता सूची का सत्यापन करने से छूटने न पाए।

बैठकों की तारीख और समय की जानकारी का प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाएगा। संबंधित ग्राम प्रधान, पार्षद, वार्ड सदस्य, बूथ लेवल एजेंट और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी बैठक की जानकारी देकर उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

बैठकों में मतदाता सूची पढ़े जाने के दौरान यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम छूटा हुआ मिलता है या किसी प्रकार की गलती सामने आती है तो नियमानुसार सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया का कार्यवृत्त तैयार कर सुरक्षित रखा जाएगा। साथ ही बैठक की फोटो सहित रिपोर्ट अधिकतम 22 नवम्बर 2026 तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला प्रशासन की अपील है कि सभी नागरिक 18 नवम्बर को होने वाली ग्राम सभा एवं वार्ड कमेटी की बैठक में पहुंचकर मतदाता सूची में अपना और अपने परिवार के पात्र सदस्यों का नाम जरूर जांच लें। नाम छूटने या विवरण में गलती होने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत दावा या आपत्ति दर्ज कराएं, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे।

रजा लाइब्रेरी को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का केंद्र बनना चाहिए - डायना मिकेविचिएने



रामपुर। लिथुआनिया की राजदूत डायना मिकेविचिएने कहा कि रजा लाइब्रेरी का संग्रह बहुत महत्वपूर्ण है। इस पुस्तकालय को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का केंद्र बनना चाहिए।

भारत में लिथुआनिया की राजदूत डायना मिकेविचिएने का नूर महल पहुंचने पर पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने स्वागत किया। राजदूत ने ऐतिहासिक गांधी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। यहां सामाजिक कार्यकर्ता नीना साहनी के नेतृत्व में महिलाओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद रज़ा लाइब्रेरी पहुंचीं राजदूत डायना मिकेविचिएने ने वरिष्ठ टेक्निकल रेस्टोरर अरुण सक्सेना को चार पुस्तकें भेंट कीं। इन पुस्तकों के नाम लिथुआनिया का इतिहास, इंडिया एन्ड लिथुआनिया, फर्स्ट लिथुआनियन ट्रेवलर्स इन इंडिया और संस्कृतलेतुवीयमाला हैं। राजदूत ने लाइब्रेरी का संग्रह देखाऔर बेगम नूरबानो के दहेज में मिले लोहारू कलेक्शन और हामिद मंज़िल की भव्यता को सराहा। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में आना सचमुच आनंददायक है। यह पुस्तकालय अद्भुत ऐतिहासिक संग्रहों से भरा हुआ है। इसके महत्व ने बहुत प्रभावित किया। यह युवा पीढ़ी के लिए महत्वपूर्ण है। रजा लाइब्रेरी इतिहास को संरक्षित करने और भारत तथा अन्य देशों के बीच वैश्विक संबंधों पर चर्चा करने का एक बेहतरीन स्थान है। इस पुस्तकालय को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का केंद्र बनना चाहिए। राजदूत ने आइडेंटिटी एजुकेशनल अकादमी में आयोजित हॉकी टूर्नामेंट में भी शिरकत की।

राजदूत ने खेमपुर गांव स्थित नूर हॉस्पिटल में इंटेक रुहेलखण्ड चैप्टर द्वारा आयोजित फ्री हेल्थ कैंप का उद्घाटन कर गरीबों को दवाएं वितरित कीं। इस मौके पर पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां, इंटेक रुहेलखण्ड सह संयोजक काशिफ खां, सबाहत खां, एडवोकेट तारिक़ मोहम्मद, डॉ मोहम्मद राशिद, डॉ मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद वक़ार भी मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत, कमरे में चारपाई पर मिला शव

बिलासपुर। एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव कमरे में चारपाई पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल की और आवश्यक नमूने एकत्र किए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है।जानकारी के अनुसार बरेली निवासी खड़क सिंह नगर स्थित एक बेकरी पर नौकरी करता था।वह पिछले करीब एक साल से मोहल्ला कायस्थान में अनुपम सक्सेना के मकान में किराए पर रह रहा था। मकान स्वामी के मुताबिक, खड़क सिंह शाम तक कमरे से बाहर नहीं निकला तो उन्हें चिंता हुई। इसके बाद उन्होंने खिड़की खोलकर अंदर देखा तो खड़क सिंह का शव चारपाई पर पड़ा था।यह देखकर उनके होश उड़ गए।सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह और कस्बा चौकी प्रभारी केशु शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने अपनी मौजूदगी में कमरे का दरवाजा खुलवाया। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।कस्बा चौकी प्रभारी ने हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका जताई है।मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।फिलहाल पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है।तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लिटिल किंगडम स्कूल में एलएनएस क्लब ने धूमधाम से मनाया बाल दिवस, बच्चों ने दी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति



रामपुर। एलएनएस क्लब ऑफ रामपुर ग्रेटर की ओर से 14 नवंबर 2026 को लिटिल किंगडम स्कूल में बच्चों के साथ बाल दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, गीत एवं मनोरंजक नाटकों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के शिक्षकों को भी बच्चों द्वारा विशेष सम्मान दिया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की सभी कक्षाओं के बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। खेलों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके अतिरिक्त एलएनएस क्लब की सभी सदस्याओं ने भी म्यूजिकल चेयर खेल में बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिक्षकों के लिए भी म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सभी ने खूब आनंद लिया। सभी विजेताओं को गीता अग्रवाल जी द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। क्लब की ओर से सभी बच्चों को स्नैक्स पैकेट भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्षा विभा मांगलिक, सचिव रजनी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मोहनी पाहवा, विनीता अग्रवाल, मधु गुप्ता, और विनीता सिंह, नंदिता गोयल, रेनू सक्सेना, मृदुल शर्मा, बीना रानी, गीता अग्रवाल, पूनम जैन सहित सभी सदस्याओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने बच्चों के साथ समय बिताकर इस दिन को यादगार बनाया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना, उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा उनके साथ खुशियों के पल साझा करना था। सभी बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

घाटमपुर के कंपोजिट स्कूल में धूमधाम से मना बाल दिवस, बाल मेले में बच्चों ने खूब की मस्ती



रामपुर। सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया।

विद्यालय की प्रार्थना सभा में शिक्षकों द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जीवन और उनके विचारों के विषय में विस्तार से बताया गया।

इस अवसर पर विद्यालय में लगे बाल मेले में बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधान पहन कर खूब आनंद लिया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

बच्चों के खाने के लिए विद्यालय के सभी शिक्षकों और ग्राम प्रधान की ओर से विशेष व्यंजन में पूरी, छोले एवं सब्जी आदि की व्यवस्था की गई थी। जिसका बच्चों ने खूब आनंद उठाया। बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चों को बिस्किट, टॉफी, पेन व गिफ्ट आदि का वितरण किया गया। इस अवसर पर कंपोजिट स्कूल घाटमपुर का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



बीते कुछ दिनों से पड़ रही ठंड के चलते शनिवार को मौसम ने करवट ली और सांय काल से ही कोहरे की धुंध छा गई। जिससे शहर के लोगों ने ठंड महसूस की।

सीएससी संचालकों को मिला फॉर्म-6 का प्रशिक्षण, पात्र मतदाता का नाम जोड़ने पर जोर



रामपुर। मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम शामिल कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिला सहकारी बैंक सभागार में अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने जनपद के सभी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) संचालकों को फॉर्म-6 भरने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण के दौरान सीएससी संचालकों को नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फॉर्म-6 भरने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। आवेदन करते समय किन-किन सावधानियों का ध्यान रखना है और किस प्रकार सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज करनी है, इसके बारे में विस्तार से बताया गया। अपर जिलाधिकारी आनंद कुमार सिंह ने कहा कि सीएससी संचालक नागरिकों को आवेदन करने में आवश्यक सहयोग प्रदान करें। विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया जाए कि फॉर्म-6 सही और त्रुटिरहित तरीके से भरा जाए, ताकि आवेदन निरस्त होने की स्थिति न बने और पात्र नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना प्रत्येक पात्र नागरिक के लिए महत्वपूर्ण है। सभी सीएससी संचालक अपने स्तर से लोगों को आवेदन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करें और पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने में सहयोग दें, जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न रह जाए। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कंट्रोल रूम आशुतोष कुमार, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर फैज़ान खां सहित संबंधित अधिकारी एवं जनपद के सीएससी संचालक उपस्थित रहे।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को लेकर बीएलओ और सुपरवाइजर्स को दिया गया प्रशिक्षण



बिलासपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को तहसील सभागार में विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ एवं सुपरवाइजर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम उप जिलाधिकारी आनंद कुमार कनौजिया की अध्यक्षता में बैचवार संपन्न कराया गया।इस दौरान प्रशिक्षक खालिद मोहम्मद,अंकुर एवं जयप्रकाश ने प्रोजेक्टर के माध्यम से पीपीटी और वीडियो ट्यूटोरियल के जरिए निर्वाचन संबंधी कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।प्रशिक्षण में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए फार्म-6, अपात्र, मृतक एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने के लिए फार्म-7 तथा मतदाता सूची में संशोधन के लिए फार्म-8 भरने की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रक्रिया समझाई गई।इसके अलावा बीएलओ ऐप के संचालन, घर-घर सत्यापन, डाटा अपलोडिंग और तकनीकी समस्याओं के समाधान की जानकारी दी गई।अधिकारियों ने डबल एंट्री और धुंधली फोटो जैसी त्रुटियों को दूर करने तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पात्र युवाओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया।एसडीएम ने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर्स को निर्धारित समय सीमा में पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ पुनरीक्षण कार्य संपन्न कराने के निर्देश दिए।इस मौके पर तहसीलदार अक्षय कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

बिलासपुर में बेकाबू ट्रैक्टर का कहर, तीन वाहनों को रौंदते हुए पेंट स्टोर में घुसा



बिलासपुर। एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने जमकर उत्पात मचाया। ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़े तीन वाहनों को रौंदता हुआ एक पेंट स्टोर की दुकान में जा घुसा।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई।गनीमत रही कि दुकान के आसपास उस समय अधिक भीड़ नहीं थी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।नगर के मोहल्ला बाजार कलां निवासी मोहित अग्रवाल माठखेड़ा रोड पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के निकट पेंट स्टोर की दुकान चलाते हैं। दुकान स्वामी के अनुसार शनिवार सुबह करीब दस बजे वह अपनी दुकान पर बैठे थे।इसी दौरान माठखेड़ा की ओर से मुख्य चौराहे की तरफ जा रहा एक अनियंत्रित ट्रैक्टर सड़क पर खड़े ई-रिक्शा, स्कूटी और उनकी बाइक को रौंदता हुआ सीधे दुकान में घुस गया।हादसे में दुकान का सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, एक युवती के चोटिल होने की जानकारी भी सामने आई है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी।सूचना मिलते ही कस्बा चौकी प्रभारी केशू शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने रेस्क्यू कर ट्रैक्टर को दुकान से बाहर निकलवाया और सड़क किनारे खड़ा कराया,जिसके बाद यातायात सुचारू हो सका।दुकान स्वामी मोहित अग्रवाल ने करीब एक लाख रुपये के नुकसान की बात कही है।उन्होंने बताया कि मामले में पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग करेंगे।

जीरो प्वॉइंट पर केंटर ने स्कूटी को रौंदा, एक की मौत, दूसरा गंभीर



बिलासपुर। हाईवे पर जीरो प्वॉइंट स्थित नवीन मंडी के सामने शनिवार को तेज रफ्तार केंटर ने आगे चल रही स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में स्कूटी सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई,जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।दुर्घटना के बाद केंटर चालक मौके से फरार हो गया।जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के हल्द्वानी शहर के बगीचा इंद्रानगर निवासी अमीरुद्दीन सस्ता गल्ला की दुकान चलाते हैं, जबकि इसी मोहल्ले के हाफिज आसिफ अली (50) मोटर वाईंडिंग का काम करते थे।बताया जाता है कि शनिवार सुबह दोनों दोस्त स्कूटी से सनकरा-मनकरा स्थित दरगाह पर जा रहे थे। इसी दौरान जीरो प्वॉइंट पर नवीन मंडी के सामने तेज रफ्तार केंटर ने उनकी स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर उपनिरीक्षक दीपा चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जहां चिकित्सकों ने हाफिज आसिफ अली को मृत घोषित कर दिया।घायल अमीरुद्दीन ने बताया कि वह हेलमेट पहने हुए थे और केंटर चालक गलत दिशा से आकर टक्कर मार गया।मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नेहरू, बिरसा मुंडा और सिंधुताई सपकाल की जयंती मनाई



चन्दौसी। महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सेमरटोला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में पंडित जवाहरलाल नेहरू, भगवान बिरसा मुंडा और पद्मश्री सिंधुताई सपकाल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने तीनों महापुरुषों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्षता स्कूल चेयरमैन राजेश कुमार ने की तथा संचालन ज्योति शर्मा ने किया। मुख्य वक्ता माधव मिश्र ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश की आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बने। भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध उलगुलान आंदोलन चलाया। वहीं सिंधुताई सपकाल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने कठिन परिस्थितियों के बावजूद 1500 से अधिक अनाथ बच्चों का पालन-पोषण कर उन्हें बेहतर भविष्य दिया। उनके त्याग और सेवा भावना से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों अनमोल शर्मा, गर्वित, रुद्रप्रताप शर्मा, सूर्यांश, पीयूष, अभय, लक्ष्य, अंश, अर्नव, हसनैन, दीपाली, काजल, परिधि, रानी और रितिका ने देशभक्ति गीत एवं कविताएं प्रस्तुत कीं। इस दौरान वर्षा गर्ग, प्रियंका गुप्ता, रामकिशोर अग्रवाल, दिव्यांशु वार्ष्णेय, मीरा कुमारी, रजनी वार्ष्णेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे। आयोजक पंडित सुरेश चंद्र शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



चन्दौसी। न्याय पंचायत मौलागढ़, गुमथल, कैथल और सरढ़ल की न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता शनिवार को मौलाना उं0 का0 मिनी स्टेडियम गुमथल में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान लक्ष्मी देवी ने फीता काटकर किया। इसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्राथमिक बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में मसावली के हिमांशु, 100 और 400 मीटर में अनुज तथा 200 मीटर में तुषार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ में नीलम, 100 मीटर में रजनी, 200 मीटर में नंदिनी और 400 मीटर में गुमथल की शिवानी प्रथम रहीं। उच्च प्राथमिक बालक वर्ग की 100 और 400 मीटर दौड़ में जयरोई हयातनगर के रोहित, 200 मीटर में रितेवा और 600 मीटर में अरुण कुमार ने बाजी मारी। गोला फेंक में मौमपुर काशी के जीशान और चक्का फेंक में बृहनगर खड़वा के हरवीर प्रथम रहे। बालिका वर्ग की 100 और 600 मीटर दौड़ में मुस्कान, 200 मीटर में गुलफिजा और 400 मीटर में बबिता प्रथम रहीं। गोला फेंक में ज्योति और चक्का फेंक में अमृता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन पर ग्राम प्रधान संघ बनियाखेड़ा और ब्लॉक अध्यक्ष नंदकिशोर ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। आयोजन में अनिल कपूर, डॉ. गौरव मिश्रा, अशोक पाठक, भूदेव शंखधार, प्रफुल्ल गुप्ता, अमित कुमार, अमित शर्मा, विजेंद्र यादव, शिशुपाल, प्रेमपाल सिंह सहित अनेक शिक्षकों का सहयोग रहा।

पड़ोसी के घर से नाबालिग बच्ची ने पार किए जेवर, बेचकर उड़ाए रुपये

चन्दौसी। लालच में आकर कभी-कभी लोग ऐसी गलती कर बैठते हैं, जिसका खामियाजा पूरे परिवार को भुगतना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला नगर में सामने आया है, जहां पड़ोस में रहने वाली एक नाबालिग बच्ची पर पड़ोसी के घर से जेवर चोरी करने का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि बच्ची का पड़ोसी शैलेंद्र शर्मा के घर आना-जाना था और परिवार के लोग भी उसे अपने परिवार की तरह मानते थे। इसी दौरान बच्ची ने घर में रखे जेवर पार कर दिए। बताया गया कि शैलेंद्र शर्मा की पत्नी शादी से लौटने के बाद अपने जेवर उतारकर घर में रख गई थीं। कुछ समय बाद जेवर गायब मिले तो परिवार में खलबली मच गई। पहले परिजनों ने आपस में ही मामले को सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन जांच-पड़ताल में पड़ोस की नाबालिग बच्ची पर संदेह हुआ। आरोप है कि जेवर बेचने के बाद रुपये खर्च किए जा रहे थे। मामला सामने आने के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और शिकायत कोतवाली तक पहुंच गई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

यातायात माह के बावजूद शहर में जाम से नहीं मिल रही निजात

चन्दौसी। संभल जिले में यातायात माह मनाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है, लेकिन चन्दौसी में यातायात व्यवस्था बदहाल बनी हुई है। नगर में पांच हजार से अधिक ई-रिक्शे सड़कों पर दौड़ रहे हैं। वहीं नाबालिगों के हाथों में बाइक और युवाओं की तेज रफ्तार भी यातायात व्यवस्था के लिए चुनौती बनी हुई है। इसके चलते नगर के प्रमुख बाजारों और मार्गों पर आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। नगर में कई युवा शौक के चलते बुलेट बाइकों में मॉडीफाइड साइलेंसर लगवाकर चलते हैं। इनसे पटाखों जैसी तेज आवाज निकलती है, जिससे राहगीरों को परेशानी होती है। हालांकि कोतवाली प्रभारी संत कुमार सिंह ने चेकिंग के दौरान चार बुलेट बाइकों के चालान किए और कई बाइकों से मॉडीफाइड साइलेंसर भी हटवाए, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में खास सुधार नहीं हुआ है। वहीं ट्रिपल राइडिंग और चार लोगों को बैठाकर बाइक चलाने के मामले भी सामने आ रहे हैं। तेज रफ्तार के कारण कई सड़क हादसों में लोगों की जान तक जा चुकी है। यातायात कर्मी विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों को जागरूक कर रहे हैं, लेकिन सड़कों पर वाहनों की बढ़ती संख्या और ई-रिक्शों के लिए रूट प्लान न होने से समस्या बनी हुई है। बिसौली गेट, ब्रह्म बाजार, सीता रोड और संभल गेट पर जाम लगना आम बात हो गई है। स्कूल खुलने और छुट्टी के समय सीकरी गेट व जारई गेट पर भी वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। नगरवासियों ने प्रशासन से ई-रिक्शों का रूट निर्धारित करने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर जाम से निजात दिलाने की मांग की है।

कुढ़फतेहगढ़ ओपीएस इंटरनेशनल एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

चन्दौसी। ओपीएस इंटरनेशनल एकेडमी में शनिवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर सुबह से ही बच्चों की चहल-पहल, रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के चेयरमैन कुलदीप चैहान गणेश ने पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को संबोधित करते हुए चेयरमैन कुलदीप चैहान गणेश ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से अत्यंत स्नेह करते थे, इसीलिए बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। उन्होंने कहा कि नेहरू जी का मानना था कि आज के बच्चे ही कल का भारत बनाएंगे। इसीलिए उनकी जयंती को पूरे देश में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने, अनुशासन में रहने और एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, कविता पाठ और खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कक्षा एक की छात्रा अविका ने बहुत सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं कक्षा 7 की छात्राओं वैष्णवी, नव्या, प्रतिज्ञा, भावना और आलशिफा ने सुंदर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया, जिस पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। आयुष्मान, अमृतंजय, रोहित और सुमित आदि छात्रों ने एक्टिंग की शानदार प्रस्तुति दी, जिससे पूरा परिसर उत्साह और हंसी से भर गया। ज्योति राजपूत ने मंच का संचालन किया। इस सफल आयोजन के दौरान विद्यालय का समस्त शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहा।

2027 के चुनाव की तैयारियों में अभी से जुटें कार्यकता- राज्यमंत्री गुलाब देवी

चन्दौसी। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चन्दौसी की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को सुभाष रोड स्थित नगर कैंप कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधानसभा प्रभारी दिनेश ठाकुर का प्रथम बार चन्दौसी आगमन पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। विशिष्ट अतिथि प्रदेश सरकार की शिक्षा मंत्री एवं चन्दौसी विधायक गुलाब देवी रहीं। गुलाब देवी ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ जुट जाएं। मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने को प्राथमिकता दें और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए मिलकर काम करें। विधानसभा प्रभारी दिनेश ठाकुर ने कहा कि वह प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे। कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान कराना और उनके सम्मान का ध्यान रखना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना होगा। पार्टी का लक्ष्य 2027 के विधानसभा चुनाव में फिर से भाजपा की जीत सुनिश्चित करना है। बैठक में जिला पदाधिकारी विकास वार्ष्णेय, अंकित जैन, विशाल चैहान, मदनलाल खड़ावंशी, मोक्षिका शर्मा, राजकुमार ठाकुर, भुवनेश राघव, आमोद वार्ष्णेय, मंडल अध्यक्ष हर्वेश राघव, ललित मोहन शर्मा, राजेंद्र मौर्य, हृदयेश राणा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद

थाना समाधान दिवस में फरियादियों का अभाव, चार घंटे में पहुंचीं सिर्फ दो शिकायतें

चन्दौसी। सरकार की ओर से लोगों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए थाना समाधान दिवस आयोजित किए जाते हैं, लेकिन चन्दौसी कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या बेहद कम नजर आ रही है। शनिवार को कोतवाली चन्दौसी में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक केवल दो शिकायतें दर्ज कराई गईं। इनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

थाना समाधान दिवस में कोतवाली प्रभारी संत कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। खास बात यह रही कि जहां संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की लंबी कतारें देखने को मिलती हैं, वहीं थाना समाधान दिवस में शिकायतकर्ताओं की संख्या काफी कम रहती है। औसतन चार से पांच शिकायतें ही दर्ज होने की बात सामने आती है। शासन की मंशा के अनुरूप थाना समाधान दिवस में पुलिस के साथ राजस्व विभाग के लेखपाल, कानूनगो और अन्य संबंधित कर्मचारी भी मौजूद रहते हैं, ताकि पुलिस और राजस्व से जुड़ी समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा सके। इसके बावजूद शिकायतकर्ताओं की कम संख्या सवाल खड़े कर रही है। थाना समाधान दिवस का व्यापक प्रचार-प्रसार होने के बाद भी लोगों की कम भागीदारी चर्चा का विषय बनी हुई है।

शराब पीने से मना करने पर महिला और बेटे के साथ मारपीट

चन्दौसी। कोतवाली के पीछे कंपनी बाग के पास ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करने वाली एक महिला ने कुछ लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज और लूटपाट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार, संभल गेट निवासी चम्पा देवी पत्नी स्वर्गीय चरण सिंह अपने बेटे के साथ कंपनी बाग के पास ठेला लगाती हैं। आरोप है कि 13 नवंबर की शाम करीब सात बजे कमल पुत्र रामकिशोर, जोनी पुत्र दाताराम और कन्हैया पुत्र चेतराम उनके ठेले के पास आकर शराब पीने लगे। महिला और उसके बेटे ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने अपने साथ अन्य महिलाओं और लोगों को बुला लिया। सभी ने मिलकर महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट की तथा उनकी भट्ठी और ठेला पलट दिया। पीड़िता का आरोप है कि हमलावर गल्ले में रखे पांच हजार रुपये भी निकालकर ले गए। मारपीट के दौरान उनकी नाक की लौंग भी गायब हो गई। शोर सुनकर मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। आरोप है कि जाते समय हमलावर भविष्य में भी ऐसा करने की धमकी देकर चले गए। पीड़िता के अनुसार, घटना के दौरान कुछ लोगों ने मोबाइल से वीडियो भी बनाई है, जो उनके पास उपलब्ध है। पीड़िता ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

परिवार परामर्श केंद्र में 16 दंपती फिर साथ रहने को हुए राजी

चन्दौसी। महिला थाना बहजोई में शनिवार को पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक थानाध्यक्ष डॉ. रुकमपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवादों और आपसी मतभेदों से संबंधित मामलों की काउंसलिंग की गई। काउंसलर्स ने दोनों पक्षों को समझाकर आपसी सहमति से विवादों का निस्तारण कराने का प्रयास किया। बैठक के दौरान कुल 161 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 51 का निस्तारण किया गया। इनमें 16 मामलों में पति-पत्नी के बीच आपसी सहमति और सुलह-समझौते के आधार पर परिवारों को दोबारा साथ रहने के लिए राजी कराया गया। वहीं 13 मामलों में परिस्थितियों को देखते हुए विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई। इसके अलावा 29 पत्रावलियों को आवेदक या आवेदिका के काउंसलिंग के लिए उपस्थित न होने और मामले में पैरवी नहीं करने के कारण बंद कर दिया गया। बैठक में काउंसलर लवमोहन वार्ष्णेय, कंचन माहेश्वरी, श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य और बबीता शर्मा के साथ परिवार परामर्श केंद्र में नियुक्त कांस्टेबल शहजाद मलिक, महिला आरक्षी विनीता और ज्योति सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

चन्दौसी। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत शनिवार को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी के निर्देशन में मिशन शक्ति केंद्रों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों ने गांवों और कस्बों में चैपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं को महिला संबंधी समस्याओं के निस्तारण की प्रक्रिया समझाई और किसी भी परेशानी की स्थिति में पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। वहीं एंटी रोमियो टीम ने प्रमुख बाजारों, चैराहों, स्कूल-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया। पुलिसकर्मियों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं और महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए। इनमें वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। साथ ही मोबाइल के पैनिक बटन और आपातकालीन कॉल की सुविधा का उपयोग करने की जानकारी भी दी गई। पुलिस का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक कर उनमें सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना है।

कोहरे की चादर में लिपटा शहर, सड़कों पर धीमे पड़े वाहनों के पहिए

चन्दौसी। मौसम में बदलाव के साथ ही नगर में कोहरे और धुंध का असर बढ़ने लगा है। शनिवार सुबह वातावरण में धुंध छाई रहने से सड़कों पर आवाजाही प्रभावित रही। करीब 150 मीटर दृश्यता होने के कारण वाहन चालकों को सामने का रास्ता देखने में परेशानी हुई। कई वाहन चालक दिन में भी हेडलाइट जलाकर चलते नजर आए। प्रमुख मार्गों पर वाहनों की गति धीमी रही। सुबह और शाम के समय ठंड का अहसास भी बढ़ रहा है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि वायु गुणवत्ता सूचकांक 250 तक पहुंच गया। इससे हवा की गुणवत्ता खराब बनी हुई है। मौसम के जानकारों के अनुसार शनिवार को आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। धुंध और प्रदूषण के चलते लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने और फॉग लाइट का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।

ग्रामीण जल साथी ऐप पर फोटो एवं वीडियो अपलोड कर दर्ज करा सकेंगे शिकायत; संबंधित अधिकारियों द्वारा की जाएगी आवश्यक कार्रवाई

सम्भल (बहजोई)- जनपद सम्भल के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल योजनाओं के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के दौरान यदि कहीं सड़क क्षतिग्रस्त हुई है और उसकी मरम्मत नहीं कराई गई है, तो ग्रामीण अब इसकी शिकायत जल साथी ऐप के माध्यम से दर्ज करा सकेंगे। इसके लिए ऐप पर संबंधित सड़क की मौके से फोटो एवं वीडियो अपलोड करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित अधिकारियों द्वारा सड़क की पुनर्स्थापना के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) अमित कुमार राजपूत द्वारा बताया गया कि जनपद में पेयजल योजनाओं के अंतर्गत अब तक 2,455 किलोमीटर सड़कों की पुनर्स्थापना कराई जा चुकी है। शेष सड़कों को भी निर्धारित मानकों के अनुरूप दुरुस्त कराने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पाइपलाइन बिछाने के लिए अब तक लगभग 2,473 किलोमीटर सड़कों की खुदाई की गई है। पाइपलाइन बिछाने के दौरान सड़कों को पूर्व की स्थिति में बहाल कराने की जिम्मेदारी संबंधित कार्यदायी एजेंसियों की है। पुनर्स्थापना कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जिन स्थानों पर अभी तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हो सकी है, वहां लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जा रहा है। पेयजल योजनाओं की गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ ही पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों की पुनर्स्थापना पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि उनके क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क क्षतिग्रस्त है और उसकी मरम्मत नहीं कराई गई है, तो वे जल साथी ऐप के माध्यम से फोटो एवं वीडियो अपलोड कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं, ताकि संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए सड़क को पूर्व की स्थिति में बहाल कराया जा सके।

हत्या का प्रयास करने वाले 01नफर वाछिंत अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



बदाय- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ के आदेशानुसार जनपद में चलाये जा रहे वांछित अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 14.11.2026 को थाना जरीफनगर पर पंजीकृत मु0अ0स0 177/26 धारा 191(2)/126(2)/115(2)/352/351(3)/109(1) बीएनएस मे वाछित 01 अभियुक्त ओमप्रकाश पुत्र चन्द्रकेश निवासी ग्राम रसूलपुर कलां थाना जरीफनगर जनपद बदायूँ को मुखबिर की सूचना पर ग्राम रसूलपुर कलाँ से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-
1.उ0नि0 श्री रिंकू कुमार थाना जरीफनगर बदायूँ

थाना वजीरगंज पर समाधान दिवस के अवसर पर सुनी गई जनमानस की समस्याएं



बदायूँ - अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बदायूँ द्वारा थाना वजीरगंज पर समाधान दिवस के अवसर पर सुनी गई जनमानस की समस्याएं। शिकायतों के निष्पक्ष व न्यायोचित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश। आज दिनाँक 14.11.2026 को थाना वजीरगंज पर समाधान दिवस पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बदायूँ द्वारा थाना वजीरगंज पर समाधान दिवस के अवसर पर उपस्थित रहकर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर अधिकांशत् शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा संबंधित को निष्पक्ष जाँच कर विधिक निस्तारण करने के आदेश-निर्देश दिए गए । इस अवसर पर थाना वजीरगंज प्रभारी श्री अश्वनी कुमार एवं अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

सड़क हादसे में नाना के यहां आए मासूम की पिकअप से कुचलकर दर्दनाक मौत



बदायूं-बिल्सी- स्टेट हाईवे पर ईखड़ा प्याऊ के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में नाना के यहां आए मासूम कार्तिक (पुत्र राजू) की पिकअप से कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई। कार्तिक कल ही अपने ननिहाल आया था, जहां ननिहाल में जागरण का कार्यक्रम था। सड़क पार करते समय तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और इसके बाद पिकअप सामने से आ राहे ट्रैक्टर से जा टकराई। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष उदयवीर सिंह और हल्का इंचार्ज रामेश्वर सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रो से कुल 05 वारंटी / शान्ति व्यवस्था भंग करने वाले अभियुक्तगणो को गिरफ्तार किया गया



बदायूँ - वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ के कुशल निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना फैजगंज बेहटा पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त रामचन्द्र पुत्र मेघ सिंह नि0 ग्राम सुरैनी पापड़ी थाना फैजगंज बेहटा जिला बदायूँ वाद संख्या 575/2024 धारा 60 आबकारी एक्ट को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

आज दिनांक 14.11.2026 को थाना उसावाँ पुलिस 04 नफर अभियुक्तगण 1. शिवमपाल पुत्र राजेशपाल सिंह 2.पिन्टूपाल पुत्र रामखिलाडी 3. सुधीर कुमार पुत्र नेक्सू नि0गण वार्ड नं0 08 कस्बा व थाना उसावां जनपद बदायूँ 4. विपिन कुमार पुत्र सत्यवीर नि0 वार्ड नं0 02 कस्बा व थाना उसावां जनपद बदायूँ को शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाकर 283 मामलों से 2,22,560/- का रेल राजस्व अर्जित



मुरादाबाद। मुरादाबाद मंडल में रेल यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने तथा रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरंतर विशेष टिकट चेकिंग अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 12.11.2026 को मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती विनीता श्रीवास्तव के निर्देशानुसार एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री महेश यादव के मार्गदर्शन में शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।

यह अभियान सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री हरि सिंह मीना के नेतृत्व में संचालित किया गया, जिसमें 13 टिकट चेकिंग कर्मचारियों एवं 09 रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की। अभियान के दौरान शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर कुल 20 गाड़ियों की सघन जांच की गई।

जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा के 75 मामले सामने आए, जिनसे ?71,695/- तथा अनियमित यात्रा के 208 मामलों से ?1,50,865/- का जुर्माना एवं किराया वसूल किया गया। इस प्रकार कुल 283 मामलों में ?2,22,560/- का रेल राजस्व अर्जित किया गया।

अभियान के दौरान चेक की गई गाड़ियां = 55364, 13151, 55351, 04335, 15910, 04661, 04615, 55060, 55354, 05576, 22453, 15128, 14236, 12392, 13307, 14308, 13005, 04664, 15119 एवं 12237।

मुरादाबाद मंडल द्वारा विशेष रूप से छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में यात्री सुविधाओं, सुरक्षा एवं सुचारु रेल परिचालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यात्रियों से अपील की जाती है कि वे सदैव उचित एवं वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें तथा यात्रा के दौरान रेलवे के नियमों एवं सुरक्षा निर्देशों का पालन करें।

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे स्टेशन परिसर एवं ट्रेनों में अनावश्यक भीड़ न लगाएं, चलती ट्रेन में चढ़ने-उतरने से बचें, ट्रेन एवं प्लेटफॉर्म पर अपने सामान का ध्यान रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा असुविधा की स्थिति में रेलवे सुरक्षा बल या रेल कर्मचारियों से संपर्क करें। रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 के माध्यम से भी सहायता प्राप्त की जा सकती है।

मुरादाबाद मंडल यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक एवं बेहतर रेल यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यात्रियों के सहयोग से ही सुरक्षित एवं अनुशासित रेल यात्रा सुनिश्चित की जा सकती है।

आँख शरीर का उत्तम अंग: डा० विराग



मुरादाबाद। आँख शरीर का एक अनमोल अंग है आँख का विशेष ध्यान रखे विटामिन ए विटामिन सी विटामिन ई जिंक से युक्त आहार का सेवन करे खाने मे ताजी हरी सब्जी ले बादाम शॉप का पाउडर फोम मे सुबह शाम एक एक चमच ले

तेज धूप मे अच्छी चस्मे को लगा कर रखे समय समय पर डॉ आँखों को चेक कराते रहे ओमेगा 3 ले सुबह शाम आँखों को पानी से अच्छे से साफ करे ज्यादा देर तक लगातार कंप्यूटर पर काम पर बचे आँखों की रोशनी गिरने पर डॉ को दिखाते रहे आपस मे हथेली को रगड़े गर्म होने पर आँखों पर लगाय इस से आँख को आराम मिलता है

डॉ विराग श्रीवास्तव

एसआरएम इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस



मिलक। 14 नवम्बर को एस.आर.एम. इंटर कॉलेज रौरा कलां में पं. जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ ने वंदना स्थल पर चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्पार्चन किया। बच्चों ने चाचा नेहरू के जीवन-चरित्र पर अपने-अपने भाषण दिए। कार्यालय प्रमुख विजय शर्मा ने बताया कि नेहरू जी का जन्म 14 नवम्बर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बने। 1930 में नमक आन्दोलन में उन्होंने 6 माह की जेल काटी और 1954 में भारत रत्न से सम्मानित हुए। अंग्रेजी प्रवक्ता गौरव शर्मा ने कहा कि नेहरू जी बच्चों से अत्यधिक प्रेम करते थे, इसलिए उनका जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने वैज्ञानिक व औद्योगिक विकास को बढ़ावा दिया। प्रबन्धक अक्षत सिंघल ने बताया कि नेहरू जी 9 बार जेल गए और जेल में ही "डिस्कवरी ऑफ इण्डिया" लिखी। उन्होंने "आराम हराम है" का नारा दिया। अंत में छात्रों को जलपान दिया गया और बच्चों ने खेलों का आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा

पेंशनर्स घर बैठे स्मार्टफोन के माध्यम से जमा कर सकेंगे डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। मुख्य कोषाधिकरी रेनू बौद्ध ने बताया कि कोषागार मुरादाबाद से पेंशन आहरित करने वाले समस्त पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों को राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान के अंतर्गत पेंशनरों को डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने की सुविधा प्रदान की जा रही है।

उन्होंने बताया कि समस्त पेंशनर एवं पारिवारिक पेंशनर अब बिना कोषागार आए अपने स्मार्टफोन के माध्यम से सुविधाजनक रूप से डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जमा कर सकते हैं। इसके लिए पेंशनर अथवा उनके पारिवारिक सदस्य के स्मार्टफोन में प्ले स्टोर से सर्वप्रथम ?डुब्द्धड्डुड्डद्मब्रड्डुष्द्मब्रष्ट्र श्रश्र तथा इसके पश्चात छ्वद्दद्व। ड्डुठ्ठक्कड्डुद्दड्डुड्डुठ्ठ श्रश्र करना होगा। दोनों ऐप इंस्टॉल करने के उपरांत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन कर अपना डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र ऑनलाइन भेजा जा सकता है।

डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जमा करते समय पेंशनरों को अपने बैंक खाते की संख्या, आईएफएससी कोड एवं पीपीओ संख्या आदि विवरण सावधानीपूर्वक भरने होंगे। इस प्रक्रिया के माध्यम से पेंशनर भविष्य में भी अपने घर से ही जीवन प्रमाण-पत्र को कोषागार में प्रेषित करने की सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्य कोषाधिकारी ने समस्त पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों से अपील की है कि डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता करते हुए निर्धारित प्रक्रिया का अनुसरण करें और इस सुविधा का लाभ उठाएं। यदि कोई पेंशनर स्वयं डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र बनाने में सक्षम नहीं है तो वह अपनी निकटवर्ती भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में जाकर बैंक कर्मचारियों की सहायता से ऑनलाइन डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जमा कर सकता है। यह सुविधा सभी पेंशनभोगियों के लिए उपलब्ध है, चाहे उनका पेंशन खाता किसी भी बैंक में संचालित हो।

पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की तीन बड़ी घोषणाएं, वीरता पुरस्कारों की राशि होगी दोगुनी



मेरठ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मेरठ छावनी स्थित कुलवंत सिंह स्टेडियम में आयोजित पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह में पूर्व सैनिकों और शहीद परिवारों के हित में तीन बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने परमवीर चक्र, महावीर चक्र, वीर चक्र, अशोक चक्र सहित सभी वीरता पुरस्कारों की एकमुश्त धनराशि और वार्षिकी दोगुनी करने का ऐलान किया। साथ ही शहीदों के आश्रितों को 50 लाख रुपये तक की संपत्ति खरीदने या बनाने पर स्टांप ड्यूटी में छूट तथा एक आश्रित को गृह जनपद या निकटवर्ती जिले में सरकारी नौकरी देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नया भारत अपने सैनिकों के शौर्य और बलिदान का सम्मान करता है। उत्तर प्रदेश वीरों की भूमि है। प्रदेश में अब तक 150 शहीद परिवारों को 59.50 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी जा चुकी है। पूर्व सैनिकों के लिए समूह 'ख' के पदों पर पांच प्रतिशत आरक्षण तथा अग्निवीरों के लिए पुलिस, कारागार और वन विभाग में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि पहले सैनिकों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ता था, लेकिन आज सेना को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उत्तर प्रदेश में लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण हो रहा है, जबकि एके-203 राइफल के अधिकांश पार्ट्स लखनऊ और कानपुर में तैयार किए जा रहे हैं। देश का रक्षा निर्यात भी बढ़कर 38 हजार करोड़ रुपये पहुंच गया है।

मुख्यमंत्री ने 27.50 करोड़ रुपये की लागत से औरैया, अमेठी, गोरखपुर, चंदौली, शामली, संत कबीर नगर, अंबेडकर नगर और सोनभद्र में नवनिर्मित जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालयों का लोकार्पण किया। उन्होंने शौर्य गाथा पुस्तक का विमोचन भी किया, जिसमें वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों की शौर्य गाथाएं संकलित हैं।

समारोह में मुख्यमंत्री ने शहीद सैनिकों के परिजनों और वीर नारियों को चेक एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पूर्व सैनिक लांस नायक प्रियपाल सिंह और राइफलमैन हरबीर सिंह को भी सम्मानित किया गया।

राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने कहा कि प्रदेश सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण और रोजगार के लिए लगातार प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में मध्य कमान के जीओसी-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल संजय मित्रा, सांसद अरुण गोविल, राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी, मंत्री दिनेश खटीक, महापौर हरिकांत अहलूवालिया सहित सेना के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

गढ़ गंगा मेले में पहुंचे सीएम योगी, बोले-कुंभ की तर्ज पर होगा आयोजन



गढ़मुक्तेश्वर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को गढ़मुक्तेश्वर के खादर क्षेत्र में आयोजित ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले का जायजा लेने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने मेले में श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और सदर बाजार में दुकानों के साथ एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने मेले को स्थानीय उत्पादों और स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने का माध्यम बनाने पर जोर देते हुए %लोकल फॉर वोकल% का संदेश दिया। इसके बाद मां गंगा की पूजा-अर्चना और आरती कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे मुख्यमंत्री को हेलीकॉप्टर से गढ़मुक्तेश्वर पहुंचना था। लेकिन क्षेत्र में धुंध के कारण उड़ान संभव नहीं हो सकी। इसके बाद वह गाजियाबाद से सड़क मार्ग के जरिए मेला स्थल पहुंचे। यहां प्रभारी मंत्री केपी मलिक, अमरोहा सांसद कंवर सिंह तंवर, विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष, कमिश्नर भानु चंद्र गोस्वामी, एडीजी भानु भास्कर, जिला पंचायत प्रशासक और जिलाधिकारी कविता मीना समेत जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

बाजार में दुकानों का निरीक्षण, बच्चों को दी चॉकलेट ---

मुख्यमंत्री सीधे सदर बाजार पहुंचे और दुकानदारों से उनके उत्पादों के बारे में जानकारी ली। ओडीओपी स्टॉलों पर प्रदर्शित स्थानीय उत्पादों को देखकर अधिकारियों से उनके प्रचार-प्रसार की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेले में स्थानीय कारीगरों, छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि उनके उत्पादों को व्यापक पहचान मिल सके। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों से बातचीत की और उन्हें चॉकलेट की टोकरी भेंट की। मुख्यमंत्री को अपने बीच देखकर बच्चे उत्साहित नजर आए।

पीपा पुल से गढ़ और तिगरी मेले का होगा संगम ---

मुख्यमंत्री ने गढ़ गंगा और अमरोहा के तिगरी मेले को जोड़ने की योजना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि गंगा नदी पर बन रहा पीपा पुल दोनों मेलों को आपस में जोड़ेगा। इससे गढ़ और तिगरी आने वाले श्रद्धालुओं को एक-दूसरे के मेले तक पहुंचने में आसानी होगी। साथ ही पर्यटन और स्थानीय कारोबार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि गढ़ गंगा मेला धार्मिक आस्था, संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। इसका आयोजन भव्य और सुव्यवस्थित तरीके से किया जाना चाहिए।

कुंभ की तर्ज पर आयोजन, सुरक्षा में चूक बर्दाश्त नहीं ---

गंगा आरती के बाद मुख्यमंत्री ने हापुड़ और अमरोहा के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले का आयोजन कुंभ की तर्ज पर किया जा रहा है। ऐसे में प्रत्येक श्रद्धालु की सुविधा, सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, ठहरने, खानपान और आवागमन की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। घाटों पर विशेष सतर्कता बरतने और पुलिस बल को लगातार निगरानी करने को कहा। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से काम करने और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी।

ठेकेदार से संघर्ष के बाद ठप हुआ था काम,गिरफ्तारी के बाद दोबारा शुरू कार्य ---

मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारी पूरे दिन अलर्ट मोड पर रहे। कार्यक्रम से पहले कई अधिकारी तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए दिन-रात भागदौड़ करते नजर आए। इसकी एक वजह मेले की तैयारियों के बीच दो दिन पहले ठेकेदार और कुछ लोगों के बीच हुआ खूनी संघर्ष भी रहा। घटना के बाद ठेकेदार ने काम करने से इनकार कर दिया था। जिससे प्रशासन की चिंता बढ़ गई। पुलिस कार्रवाई ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से काम करने और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी। दोबारा काम शुरू किया। हालांकि सूत्रों के हवाले से यह भी चर्चा है कि अब आरोपी को बचाने के लिए प्रदेश सरकार के एक कैबिनेट मंत्री की कथित एंट्री ने पुलिस-प्रशासन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इस संबंध में आधिकारिक स्थिति स्पष्ट होना बाकी है।

पालिका अध्यक्ष के पति का वीडियो वायरल, कार्यक्रम में शामिल नहीं होने पर जताई नाराजगी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के बीच नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी और उनके पति को लेकर भी राजनीतिक चर्चा गर्म रही। बसपा से निष्कासित होने के बाद भाजपा में शामिल हुईं पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल नहीं किए जाने से उनके पति नाराज नजर आए। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वह अपनी नाराजगी जाहिर करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। कुछ यूजर्स ने तंज कसते हुए %आसमान से गिरे, खजूर पर अटके% जैसी टिप्पणियां भी की हैं।

ये रहे मौजूद ---

इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर, गढ़ विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया, सदर विधायक विजयपाल आढ़ती, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, पूर्व विधायक कमल मलिक, केंद्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि, पूर्व जिला महामंत्री मोहन सिंह, जयभगवान शर्मा समेत अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

तीन बत्ती चौराहे पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, एसपी ने दिए यातायात नियमों के टिप्स, नि:शुल्क हेलमेट बांटे





मिलक, रामपुर। 14 नवंबर को उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति, लखनऊ के तत्वावधान में विशेष यातायात सुरक्षा माह - नवम्बर के अन्तर्गत जनहित एवं जनसुरक्षा को समर्पित विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन तीन बत्ती चौराहा, मेन रोड, मिलक पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक जनपद-रामपुर अनिल कुमार सिसोदिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अशोक कुमार सिंह ने की। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सिसोदिया ने उपस्थित लोगों को यातायात संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें, कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें और नशे की हालत में वाहन कभी न चलाएं। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना ही जीवन की सुरक्षा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा। इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों को नि:शुल्क हेलमेट का वितरण भी किया गया।सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस जगह-जगह मुस्तैद रही, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विमल मिश्रा, जी.के. पाठक, डॉ. अशोक कुमार, आलोक पाठक, ब्रह्मानंद मिश्रा, मिंटू तिवारी, मोनू शुक्ला, अंकुश मिश्रा, नितेश मिश्रा, राहुल मिश्रा, डॉ विकास शुक्ला पूर्व सभासद सुरेंद्र महिपाल सिंह यादव इंद्रजीत सिंह महेन्द्र गंगवार सहित समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, स्थानीय लोग व वाहन चालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

हेरिटेज चिल्ड्रेन एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस, शिक्षकों ने बच्चों को कराया मनोरंजक गतिविधियों का अनुभव

मिलक रामपुर। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 137वीं जयंती के अवसर पर हेरिटेज चिल्ड्रेन एकेडमी में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास, उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक मनोज पांडेय, प्रधानाचार्या डॉ. रीना दुबे एवं कोऑर्डिनेटर एल.आर. कुशवाहा ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने विभिन्न रोचक गतिविधियों और खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों के प्रति अपना स्नेह एवं आत्मीयता व्यक्त की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शिक्षिका ममता सिंह ने प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए, जबकि शिक्षिका नीरज कुमारी ने सुंदर कविता सुनाकर सभी का मन मोह लिया। शिक्षकों द्वारा आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिमांशु शर्मा, सुल्तान बेग एवं शालिनी सिंघल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बच्चों का मनोरंजन कराया तथा विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए।वहीं, फरहत उल्ला खान ने समाचार वाचन किया और राजवीर कुमार ने कुशलतापूर्वक मंच संचालन की जिम्मेदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान बिनोद कुमार, सोनिया छाबड़ा एवं ईशा गोस्वामी ने गीत प्रस्तुत कर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए बच्चों के लिए इस दिन को यादगार बनाने का प्रयास किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ. रीना दुबे ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनके सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, रचनात्मकता और नैतिक मूल्यों का विकास भी बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में कोऑर्डिनेटर एल.आर. कुशवाहा ने सभी शिक्षकों के सहयोग एवं सहभागिता की सराहना की। बाल दिवस का यह आयोजन बच्चों के लिए खुशियों, मनोरंजन और उत्साह से भरपूर रहा।



ट्रैक्टर-रोटावेटर की चपेट में आकर किसान की दर्दनाक मौत

मिलक। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम श्यामपुर में शुक्रवार शाम खेत की जुताई के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में 32 वर्षीय किसान की जान चली गई। ट्रैक्टर पर दोबारा चढ़ने की कोशिश करते समय पैर फिसलने से किसान चलते ट्रैक्टर के पीछे लगे रोटावेटर की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, श्यामपुर निवासी नौबतराम ने गांव के ही एक व्यक्ति का खेत बटाई पर ले रखा था। शुक्रवार शाम करीब सात बजे वह ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहा था। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने उसे आवाज दी। नौबतराम ट्रैक्टर से उतरकर उनसे बातचीत करने लगा। बातचीत के बाद जब वह दोबारा ट्रैक्टर पर चढ़ने लगा तो अचानक उसका पैर फिसल गया। बताया जाता है कि ट्रैक्टर गियर में होने के कारण आगे बढ़ गया और नौबतराम उसके पीछे लगे रोटावेटर की चपेट में आ गया। हादसा इतना गंभीर था कि किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल पर मौजूद उसके पांच वर्षीय भतीजे की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह ट्रैक्टर को रोका।



पुलिस ने चेकिंग के दौरान युवक को अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया

आज समाचार सेवा

नहटौर। पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देशानुसार, जनपद में अपराधों की रोकथाम और अवैध शस्त्रों की बिक्री व परिवहन करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक सोनू निगम, हेड कांस्टेबल दीपक राणा और कांस्टेबल जैकी संदिग्ध लोगों व वाहनों की जांच कर रहे थे। नूरपुर रोड पर चक मोड़ के पास सूचना मिली कि एक व्यक्ति नहटौर बाईपास पर मुस्लिम फंड के पीछे तमंचा बेचने के लिए खड़ा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की, और युवक को दबोच लिया। पकड़े गए युवक ने पूछताछ में अपना नाम उज्जवल जोशी, पुत्र यादराम जोशी, निवासी मौहल्ला जोशियां बताया। उसकी उम्र 22 वर्ष है। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से पैंट की कमर से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और दाहिनी जेब से 315 बोर के दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा उसके पास से 200 रुपये भी मिले। घ्रुवक हथियार का कोई लाइसेंस या वैध कागजात नहीं दिखा सका। इस संबंध में पुलिस ने आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर संबंधित धाराओं में आरोपी का चालान कर दिया है।

बिजनौर के नए डीएम बने जोगिंदर सिंह, उमेश प्रताप सिंह का तबादला

जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह का कुछ ही दिनों में हुआ तबादला, बनाए गए लोक निर्माण विभाग के विशेष सचिव

अधिवक्ताओं के प्रकरण के तूल पकड़ने एवम अपने सहयोगियों, नेताओं, जनता और मीडियावालों से दूरी बनाने को माना जा रहा ट्रांसफर का कारण

हालांकि चुनाव आयोग के निर्देश पर एसएसआर प्रक्रिया से पहले राज्य सरकार द्वारा तबादला किए जाने को बताया गया तबादले का कारण



आज समाचार सेवा

बिजनौर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य सरकार के निर्देश पर सरफ प्रक्रिया से पहले प्रशासनिक अधिकारियों में बड़ा फेरबदल किया गया है। विशेष सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जल आपूर्ति में तैनात जोगिन्दर सिंह को डीएम बिजनौर बनाया गया है।

जबकि उमेश प्रताप सिंह को विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग बनाया गया है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) से पहले 38 आईएएस अफसरों के स्थानांतरण के आदेश जारी किए गए हैं। इनमें पांच जिलाधिकारी सहित लखनऊ व मेरठ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, गाजियाबाद व वाराणसी के नगर आयुक्त और सात मुख्य विकास अधिकारी भी शामिल हैं।

आईएएस अधिकारियों के तबादले संबंधी दिशा-निर्देश के तहत शुक्रवार देर रात राज्य सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल की सूची जारी की है। वहीं बिजनौर में नवनियुक्त जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह के कुछ ही दिनों में बिजनौर से स्थानांतरण होने को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो चला है। अधिवक्ताओं के चर्चित प्रकरण को लेकर अधिकतर लोग कयास लगा रहे हैं कि इसी के चलते उनका स्थानांतरण किया गया है। वहीं जनपद के वरिष्ठ पत्रकारों का मानना है कि गलत व्यवहार के लिये डीएम बहुत चर्चित हो रहे थे। इसके अलावा अपने सहयोगियों, जनप्रतिनिधियों व मीडिया से दूरी और रुखापन व्यवहार को लेकर राजधानी तक चर्चा हो रही थी। यही दूरी उमेश प्रताप के ट्रांसफर का मुख्य कारण बनी है। हालांकि दैनिक आज इन चर्चाओं की कोई पुष्टि नहीं करता है। किंतु जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह का अचानक स्थानांतरण होना काफी सुर्खियों में आ गया है।

पांच जिलों के जिलाधिकारी का ट्रांसफर, उमेश मिश्रा विशेष सचिव नगर विकास



बिजनौर। शासन की ओर से पांच जिलों के जिलाधिकारी का ट्रांसफर किया गया है। जोगिन्दर सिंह को डीएम बिजनौर बनाया गया है। सुनील कुमार सिंह को डीएम मुजफ्फरनगर की जिम्मेदारी दी गई हैं। मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी उमेश मिश्रा को विशेष सचिव, नगर विकास बनाया गया है। वहीं, बिजनौर के जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह को विशेष सचिव, लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। राजागणपति आर को सीतापुर के जिलाधिकारी पद से हटाकर सूडा का निदेशक बनाया गया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सीतापुर के नए जिलाधिकारी बनाए गए हैं। महाराजगंज और सिद्धार्थनगर में भी जिलाधिकारियों की अदला-बदली की गई है। गौरव सिंह सोगरवाल डीएम महराजगंज से डीएम सिद्धार्थनगर, शिवशरणप्पा डीएम सिद्धार्थनगर से डीएम महराजगंज बनाए गए हैं। उधर गाजियाबाद के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को मेरठ विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

उमेश प्रताप 52 दिन रहे बिजनौर के जिलाधिकारी



बिजनौर। उमेश प्रताप सिंह बिजनौर के जिलाधिकारी के पद पर कुल 52 दिन तक रहे। उनकी बिजनौर में पहचान सख्त जिलाधिकारी के रूप में सामने आई। उन्होंने 23 सितंबर 2026 को पदभार संभाला था और 14 नवंबर 2026 को उनका तबादला कर दिया गया।

इससे उनके अल्प कार्यकाल को लेकर चर्चा तेज हो गई। हालांकि अधिवक्ताओं की घटना के बाद से उनके व्यवहार में काफी परिवर्तन आ गया था। किंतु फिर भी शासन की ओर से उनका स्थानांतरण कर दिया गया।

एमआईएम और आसपा ने की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस, गठबंधन को लेकर हुई चर्चा

आज समाचार सेवा



नजीबाबाद। एमआईएम और आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से की प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मजबूती के साथ विधान सभा चुनाव लड़ने का संकल्प लिया। विधानसभा क्षेत्र में एमआईएम (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्तिमीन) और आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस जलालाबाद मार्ग स्थित एमआईएम के कार्यालय पर विधानसभा अध्यक्ष आफताब अंसारी के नेतृत्व में आयोजित की गई। पत्रकारों से बातचीत करते हुए आसपा के मण्डल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी, नजीबाबाद चेयरमैन इंजी मुअज्जम, सांसद प्रतिनिधि फहीम अंसारी, मजलिस के विधानसभा अध्यक्ष आफताब अंसारी संयुक्त रूप से बताया कि आजाद समाज पार्टी वी ऑल इंडिया मजलिस इस तहत उल मुस्लिमीन के बीच विधानसभा चुनाव को लेकर जो गठबंधन हुआ है वह समय की जरूरत है। इस गठबंधन को सामाजिक परिवर्तन मोर्चा का नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि आज देश में मुसलमानों और दलितों की हालत बद से बत्तर है। भाजपा सरकार में धर्म जाति देखकर जुल्म किया जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी जिसको मुसलमान का 90 से 95 प्रतिशत वोट मिलता है आज इस पर खामोश है। दोनों पार्टियों के नेताओं ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में सामाजिक परिवर्तन मोर्चा बड़ी ताकत के साथ उभरेगा और सपा भाजपा को सबक सिखाने का कम करेगा। इस मोके पर एमआईएम के विधानसभा अध्यक्ष आफताब अंसारी, आजाद समाज पार्टी के मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी, इंजीनियर मौज्जम अहमद फहीम अंसारी एवं एमआईएम के जिला अध्यक्ष रिआज कासमी, अब्दुल्ला गुलजार, अहसान पेंटर के अलावा पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकरता मौजूद रहे।

गोल्डन बैल्स में हर्षोल्लास से बाल दिवस मनाया गया

आज समाचार सेवा



स्योहारा। ठाकुरद्वारा रोड स्थित गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। शनिवार को गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी में बाल दिवस बड़े उत्साह, हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह दिवस भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उन्हें बच्चों से बहुत प्रेम था और बच्चे उन्हें प्यार से श्चाचा नेहरूश्च कहकर बुलाते थे। बाल दिवस के इस अवसर पर प्रातरूकाल शिक्षकों ने प्रार्थना कार्यक्रम में अपनी, अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, गायन, खेलकूद एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिक्षकों ने भी बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विद्यालय का वातावरण खुशियों और उमंग से भर गया। बाल दिवस के अवसर पर स्कूल मैनेजमेंट की तरफ से बच्चों को फल, बिस्किट और फरूटी पैकेट का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधक सरदार गुरविंदर सिंह, निर्देशिका तवलीन कौर प्रधानाचार्य शेखर सिंह ने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएँ दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की इस अवसर पर सभी अध्यापकगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन मयंक भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर सीनियर कोर्डिनेटर शिवम ठाकुर, इलमा आफताब, आकांशा, सीमा, अनुज, गौरव, विनीत, आरिफ आदि मौजूद रहें।



बाल दिवस पर इनरव्हील क्लब द्वारा समग्र विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

आज समाचार सेवा

हल्दौर। बाल दिवस के अवसर पर इनरव्हील क्लब के सदस्यों द्वारा समग्र विद्यालय, कुम्हारपुरा में बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं आपसी सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर बालक एवं बालिका वर्ग के जूनियर एवं सीनियर स्तर पर कबड्डी, खो-खो, दौड़ एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी खिलाड़ियों में क्रमश प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब की ओर से सभी विद्यार्थियों के लिए खाद्य सामग्री एवं अल्पाहार की व्यवस्था की गई। साथ ही विद्यालय को बच्चों की खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल किट भी भेंट की गई। क्लब सदस्य गीता शर्मा, मीनाक्षी एवं अलका मारवाड़ी के सहयोग से की गई। कार्यक्रम का संपूर्ण आयोजन विद्यालय के स्टाफ द्वारा बहुत ही सुव्यवस्थित एवं सराहनीय ढंग से किया गया। क्लब की ओर से विद्यालय परिवार के प्रयासों की प्रशंसा की गई। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष रीना वर्मा, सचिव प्रियंका रस्तोगी, सीमा, आंचल, गीता शर्मा, अलका, मीनाक्षी सहित क्लब की अन्य सदस्य उपस्थित रही।

गोवंशीय पशु का अवशेष डालने के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार, चापड़ व छुरी बरामद

आज समाचार सेवा



स्योहारा। गोवंशीय पशु का अवशेष डालने के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार, चापड़ व छुरी बरामद हुई इस मामले में ग्राम प्रधान पति की तहरीर पर दर्ज हुआ था मुकदमा।

11 नवंबर 2026 को ग्राम प्रधान पति फुरकान अहमद पुत्र मुशताक अहमद निवासी ग्राम रवाना शिकारपुर थाना ने पुलिस को एक तहरीर देकर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध ग्राम रवाना शिकारपुर नहर पटरी के किनारे गोवंशीय पशु के अवशेष डालने के संबंध में दी गई, जिसके आधार पर पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम सहित अन्य धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया। 14 नवम्बर 2026 को पुलिस जांच में प्रकाश में आये अभियुक्त फैजान पुत्र यामीन निवासी ग्राम रसूलपुर चोहरा थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पशु काटने के उपकरण एक चापड़ एवं एक छुरी बरामद की गई पूछताछ के दौरान अभियुक्त फैजान ने बताया कि सात नवंबर 2026 को वह अपने मामा सद्दाम पुत्र मुन्ने निवासी ग्राम दौलतपुर थाना नूरपुर व उवैस पुत्र फय्याजुद्दीन निवासी मोहल्ला हजरतनगर थाना नूरपुर के साथ सद्दाम की मोटरसाइकिल से रवाना शिकारपुर के पास नहर की पटरी पर पहुंचा था। वहां एक आवारा गोवंशीय पशु (बछड़ा) को झाड़ियों की आड़ में ले जाकर काटकर उसका मांस बेचने की योजना बना रहे थे, तभी रवाना शिकारपुर के कुछ व्यक्ति मौके पर आ गये, जिन्हें देखकर तीनों बछड़े को छोड़कर भाग गये। अभियुक्त ने बताया कि भागते समय वह अपने साथ पशु काटने का चापड़ व छुरी ले गया था, जिन्हें नहर पटरी किनारे झाड़ियों में छिपा दिया था और पुलिस को बरामद करा दिया है। अभियुक्त फैजान की निशानदेही पर नहर की पटरी किनारे झाड़ियों में छिपाकर रखा गया पशु काटने का एक चापड़ व एक छुरी बरामद की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई अरुण कुमार, जितेन्द्र कुमार, विपिन, मोनू, सोनू आदि शामिल रहें।

किसान नेता और कृषक इताअत हुसैन ने गन्ना तुलवाकर केन्द्र का शुभारंभ किया

आज समाचार सेवा



नहटौर। क्षेत्र के महमूदपुर मिलक गांव में धामपुर शुगर मिल के गन्ना क्रय केंद्र की शुरूआत हुई। किसान नेता और कृषक इताअत हुसैन ने अपना गन्ना तुलवाकर केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सहायक गन्ना प्रबंधक आजेन्द्र पाल ने बताया कि यह केंद्र पहले बिलाई शुगर मिल के तहत आता था। किसानों ने शिकायत की थी कि बिलाई मिल समय पर गन्ने का भुगतान नहीं कर रही है। किसानों ने केंद्र को बिलाई शुगर मिल से हटाकर धामपुर शुगर मिल को सौंपने की मांग की थी। उनकी शिकायत और मांग पर शासन ने केंद्र को बिलाई मिल से हटाकर धामपुर शुगर मिल को सौंप दिया। इताअत हुसैन ने कहा कि किसानों की समस्या का समाधान होने से वे खुश हैं। घ्मौके पर ब्रह्मपाल सिंह और लिपिक चैधरी शुभम सिंह सहित अबरार, आफाक, नम्बर दार, जकी, जहीर अहमद, इजहार अहमद, बिद्दू त्यागी, सोनू आदि किसान मौजूद रहे।

विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत निवास करने वाले भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त सभी पदाधिकारियों के स्वागत एवं सम्मान का आयोजन

नजीबाबाद। भाजपा नेता अवनीश अग्रवाल टांडे वाले, जिला महामंत्री बलराज त्यागी, जिला मंत्री मोनिका, रुस्तम यादव, नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री निराला ने नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों का फूल मालाए व शॉल ओढाकर पुष्प वर्षा, ढोल नगाड़े एवं मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारी पिछड़ा वर्ग मोर्चा से क्षेत्रीय मंत्री पश्चिम क्षेत्र राजकुमार प्रजापति, अनुसूचीत मोर्चा से जिला महामंत्री दुष्यंत कुमार, जिला उपाध्यक्ष जयपाल सिंह, अमर सिंह जिला मंत्री अवनीश गौतम, सुभाष सिंह जिला सोशल मीडिया संयोजक कोमल सिंह हल्दिया जिला सहस्त्रौद प्रमुख सोनू सूद, जिला सहस्त्रोद प्रमुख संजीव भुईयार, जिला सहस्त्रोद प्रमुख राजू धाधट, जिला कार्यकारिणी सदस्य गोपीचंद पिछड़ा वर्ग मोर्चा से जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह जिला मीडिया संयोजक, अरविंद विश्वकर्मा जिला से मीडिया संयोजक रितेश सेन महिला मोर्चा से जिला उपाध्यक्ष शूरवीर सिंह, जिला मंत्री इंदु राजपूत, जिला मंत्री दीपिका गौड़ इन सभी नवनियुक्त पदाधिकारी का भव्य स्वागत एवं सम्मानित किया गया।

स्व जनगणना को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

नहटौर। ब्लॉक सभागार के अंतर्गत स्व0 जनगणना को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में जनगणना प्रक्रिया से जुड़े कार्यकताओं को प्रशिक्षित करना और उन्हें इसके हर पहलू से पूरी तरह अवगत कराना था।

आरएचएस इन्टर कालेज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

हल्दौर। राजा हरवंश सिंह इन्टर कालेज हल्दौर में भारतीय रेडक्रास सोसायटी बिजनौर के सौजन्य से स्व० कुंवर शिव महेंद्र सिंह एवं रानी पीताम्बरी राजलक्ष्मी हल्दौर की स्मृति में गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 580 मरीजों को देखा गया। शनिवार को राजा हरवंश सिंह इन्टर कालेज हल्दौर में स्व कुंवर शिव महेंद्र सिंह एवं रानी पीताम्बरी राजलक्ष्मी रियासत हल्दौर में बिजनौर रेडक्रास सोसायटी के सौजन्य से कुशल डाक्टरों की टीम द्वारा एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 580 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। और निःशुल्क दवाईयां और आंख टेस्ट करके चश्मे भी वितरित किये गये। इस कैम्प का आयोजन टीकम सिंह सैंगर, योगेन्द्र पाल योगी, सुभाष चन्द्र शर्मा भारतीय रेडक्रास सोसायटी बिजनौर द्वारा किया गया एवं कैम्प के आयोजन मे व्यवस्था में लगे सभी व्यक्तियों की सहभागिता रही। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक कुंवर प्रमोद सिंह, मेघराज सिंह राणा, संजय कुमार प्रधानाचार्य, रामकुमार प्रबंध समिति और विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

किसानों ने सौंपा स्टेशन मास्टर को ज्ञापन

स्योहारा। शुगर मिल के सामने रेलवे फाटक गेट संख्या 445 आठ दिन में सड़क ठीक नही हुई तो भाकियू रेलवे स्टेशन स्योहारा ट्रैक पर आंदोलन करेगी। भाकियू कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन मास्टर को दिया ज्ञापन शनिवार को भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष चैधरी गजेंद्र सिंह टिकैत के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने एक ज्ञापन गेट संख्या 445 के संबंध में दिया, शुगर मिल के सामने रेलवे लाइन उठने से सड़क काफी ऊंची नीची हो गई है जिसकों ठीक कराने को लेकर स्टेशन मास्टर को डीआरएम मुरादाबाद के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि शुगर मिल का पैराई सत्र प्रारंभ हो गया है गेट संख्या 445 रेलवे फाटक से 50 गांव के किसान गन्ना लेकर शुगर मिल पहुंचते हैं, रेलवे फाटक पर सड़क खराब होने से किसानों के साथ कोई भी दुर्घटना हो सकती है, ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को चेताया गया है बीस नवंबर तक रेलवे फाटक पर सड़क मरम्मत कार्य नहीं हुआ तो 22 नवंबर को भारतीय किसान यूनियन रेलवे स्टेशन ट्रैक पर तहसील स्तरीय आंदोलन होगा, जिसमें हजारों किसान भाग लेगें, जिसकी जिम्मेदारी रेलवे विभाग और प्रशासन की होगी। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालेंमें बर्लोक अध्यक्ष अवनीश कुमार, राजेन्द्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, सुखबीर सिंह, जसवंत सिंह अभिषेक कुमार, अशोक कुमार, मुकेश बादव, गजराज सिंह, मलखान गुर्जर आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

आठों विधानसभाओं में बूथ मजबूत करने की रणनीति तयः स0पा0

आज समाचार सेवा



बिजनौर। समाजवादी पार्टी जनपद बिजनौर की मासिक बैठक शनिवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव धनंजय सिंह यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से चांदपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक स्वामी ओमवेश जी एवं नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम अवतार सैनी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों विधायकों ने संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर कार्यकताओं की सक्रियता तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर अपने विचार रखे बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनपद की आठों विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया गया। बैठक में विशेष रूप से 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र युवाओं एवं युवतियों का मतदाता पंजीकरण कराने पर जोर दिया गया। इसके लिए गांव-गांव एवं बूथ स्तर पर अभियान चलाकर पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने तथा मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन कराने की जिम्मेदारी कार्यकताओं को सौंपी गई। बैठक में आगामी 22 नवंबर को समाजवादी आंदोलन के संस्थापक, देश के पूर्व रक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाने की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर उनके संघर्षपूर्ण राजनीतिक जीवन, समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान तथा समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने में उनके योगदान को याद करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक की विचारधारा, सामाजिक न्याय, समानता, भाईचारे एवं संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज के सभी वर्गों को संगठन से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन, सत्यपाल सिंह, अखलाक पप्पू, सरदार सुरेंद्र सिंह, डॉ. जमीरुद्दीन उस्मानी, शहजाद अंसारी, चिराग सेठी, डॉ. योगेंद्र चैधरी, शमशाद अंसारी, हाजी जावेद राईन, मनोज राजपूत, संसार सिंह, भुवनेश पाल, मदन लाल सैनी, सुहेल बाकर, शादाब हैदर, अशोक आर्य, अफजाल लालू, मुदित त्यागी, अयूब अंसारी, गुलफाम अंसारी, चैधरी ओमप्रकाश सिंह, डॉ. सरफराज, शहनवाज मंसूरी, मुकीम, नरेश बाला, इरफान अंसारी, महमूद कस्सार, डॉ. शिशुपाल, मास्टर लईक, आदिल एडवोकेट, तहजीब बाबू, ब्रह्मपाल सिंह, काविस खान, सरफराज, सलीम सलमानी, मोहम्मद मेराज, अरविंद पाल, नफीस अहमद, जरीफ अहमद, वसीम अंसारी, शेर सिंह भुईयार, संजय पाल, ठाकुर योगेंद्र सिंह, नवीन पवार, जोनी, राजकुमार यादव, महबूब, शारिक, धर्मपाल सैनी एवं अहमद खिजर खान सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ईशोपनिषद् का जीवनमें महत्व

❑ स्वामी निखिलेश्वरानन्द

ईशोपनिषद शुक्ल यजुर्वेदका अंश है। उपनिषदोंमें इसे प्रथम स्थान प्राप्त है। शंकराचार्यने भी इस उपनिषदकी विशेष प्रशंसा की है अपने भाष्यमें। इसे वेदांतका निचोड़ माननेमें शायद ही कोई जानकार आपत्ति कर सकता है। गागरमें सागरकी तरह है। लगता है इसके आधारपर सभी अन्य उपनिषदोंका विकाश हुआ, क्योंकि इसके सभी श्लोकोंके मूल विषय बहुत विस्तारके साथ दोहराया गया है। बृहदारण्यकोपमनिषद् ऋषियोंने इनको श्लोकोंको उद्धृत भी किया है। बादमें भगवद्गीताए यहांतककी लोकप्रिय रामचरितमानसमें भक्त शिरोमणि तुलसीदासने भी बहुत अच्छी तरह जगह-जगहपर इसके निष्कर्षोंका व्यवहार किया। इसलिए इसमें सभी उपनिषदोंका निचोड़ मिल जाता है। ईशोपनिषद्का पहला श्लोक महात्मा गांधीको बहुत ही प्रभावित किया था, उन्होंने अपने एक सभामें कहा था-मैं आपको हिन्दू धर्मके सम्पूर्ण सारके रूपमें एक श्लोक सुनाने जा रहा हूं। आपमेंसे कई ईशोपनिषद जानते हैं। मैंने इसे वर्षों पहले अनुवाद और टिप्पणीके साथ पढ़ा। मैंने इसे यरवदा जेलमें दिलसे सीखा। लेकिन इसने मुझे उतना आकर्षित नहीं किया, जैसा कि पिछले कुछ महीनोंके दौरान किया है और मैं अब अंतिम निष्कर्षपर पहुंचा हूं कि यदि सभी उपनिषद और अन्य सभी धर्मग्रंथ अचानकसे किसी कारणसे नष्ट हो गये होते और यदि ईशोपनिषदका केवल पहला श्लोक हिन्दुओंकी स्मृतिमें जिन्दा रहता, तब भी हिन्दू धर्म हमेशा जीवित रहता। गांधीने अपने पहले श्लोकके विचारको और स्पष्ट किया था, तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मेरे जीवनका रहस्य है जो ईशोपनिषद्के पहले श्लोकका अंश है। पूरा पहला श्लोक इस तरह है-ईशा वास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्। तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम्। अर्थात् विश्वकी सभी वस्तुओंमें ईश्वरका आवास है। इसलिए इन सबको अनासक्त भावसे उपभोग करना चाहिये, किसी दूसरेकी धन-सम्पत्तिपर ललचाई दृष्टि नहीं डालनी चाहिए। पहली पंक्तिमें है-ईशावास्यमिदं सर्वं-इस विश्वकी सब चीजोंके भीतरमें ईश्वर (आत्मा) ही है और सब कुछ उसी (ईश्वर) का है। यत्किञ्च जगत्यां जगत्, यह अन्तरमें रहनेवाला आत्मा (ईश्वर) जगतके चर एवं अचर सभीमें व्याप्त है। अर्थात् ईश्वर तुम्हारे अन्तरमें आत्माके रूपमें है। यही आत्मा विश्वके चर-अचर सबके भीतरमें है। दूसरी पंक्ति है-'तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा'-अनासक्त रहकर सब तरहकी कामनाओंका त्याग कर काम करो और जीवनका आनन्द लो। मा गृधः कस्यस्विद्धनम् अपने परिवार या किसी अन्यके धनका लोभ न रखो। भावार्थ है ईश्वरका दिया जो है उसमें प्रसन्न रहे। त्याग भावको प्रमुख रख हर काम करो एवं जीवन का आनन्द लो। ईशावस्यम् इदम् सर्वम्' सभी उपनिषदोंका महानतम उपदेश सबके लिए यही है, जिसे समझना हर आदमीके लिए अपनी पवित्रता एवं शक्तिका सही मूल्यांकनके लिए जरूरी है। उपनिषदोंके आत्मा ही परमब्रह्म या 'ब्राह्मण' भी है। अब ईशोपनिषदके पहले इस श्लोकके त्यागसे निर्देश है सभी कामनाओं-केवल संतान, धन, या अपने सुखके लिए किये कर्मोंका त्याग करना है, जो व्यक्तिको इस मायामय संसारसे बांधे रहती है और यही विचार अन्य उपनिषदोंमें भी व्यक्त किया गया है। यह अमरत्व दे सकता है। यही ज्ञानियोंके जीवन ध्येय रहता है।

बरेली संस्करण का 38वें वर्ष में प्रवेश

सेवा के 107 वर्ष

देशके स्वतंत्रता संग्राममें अपनी बहुआयामी भूमिका और स्वर्णिम भारतकी विकास यात्रामें वैचारिक योगदानके बीच हिन्दीके प्रतिष्ठित समाचारपत्र 'आज' का १०७वें वर्षमें पदार्पण हर्षित और गौरवान्वित करने वाला है। ईश्वरकी असीम अनुकम्पासे 'आज' अपनी अवरिल सेवा यात्राके १०७वें वर्षके पड़ावपर पहुंच गया है। यह 'आज' के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। हिन्दी पत्रकारिताके अतिरिक्त हिन्दी भाषा और साहित्यके लिए भी यह गर्व और रोमांचका विषय है। १०६ वर्षोंका कालखण्ड अनेक चुनौतियोंके साथ उपलब्धियोंका भी साक्षी है। सर्व विद्या, धर्म और संस्कृतिकी राजधानी पावन नगरी वाराणसीसे पांच सितम्बर, १९२० को राष्ट्र और मानवताकी सेवा भावनासे अनुप्राणित 'आज' के प्रकाशनका श्रीगणेश हुआ। यह विलक्षण संयोग है कि १९२० में जिस दिन 'आज' का जन्म हुआ उसी दिन योगेश्वर श्रीकृष्णकी जन्माष्टमी भी थी। आज हम 'आज' के १०७वें वर्षमें पदार्पणका उत्सव मना रहे हैं। 'आज' का प्रकाशन तत्कालीन भारतीय समाजके लिए उल्लेखनीय उपलब्धि थी और इसका व्यापक स्वागत भी हुआ था। जिन उद्देश्यों और शिव संकल्पोंकी पूर्तिके लिए 'आज' समाचारपत्रका प्रकाशन प्रारम्भ हुआ, उनमें देशकी आजादी सर्वोपरि थी और इसे प्राप्त करनेमें हम सफल भी रहे। इस अवसरपर हम 'आज' के संस्थापक श्रद्धेय राष्ट्ररत्न श्री शिवप्रसाद गुप्त का पुण्य स्मरण करते हैं, जिनके अनन्य राष्ट्रप्रेम और त्यागमय आदर्शोंका यह समाचारपत्र न केवल प्रतीक बन गया, अपितु भारत, भारती और भारतीयताकी सेवामें पूरी निष्ठाके साथ सदैव तत्पर भी रहा। आजका दिन लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और राष्ट्रपिता महात्मा गांधीके स्मरणका भी दिवस है, जिन्होंने समाचारपत्रकी मूल नीतिके निर्धारणमें अपना सहयोग और आशीर्वाद प्रदान किया। इसके लिए हम इन महापुरुषोंके प्रति विनम्रतापूर्वक कृतज्ञ हैं। हमारी सेवा यात्रामें हम उन आत्मीयजनोंके प्रति भी आभारी हैं, जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूपसे इसमें सहभागी या सहयोगी रहे हैं। भारतीय समाजको वैचारिक दिशा और देशवासियोंमें राष्ट्रीय चेतनाका संचार करनेमें अनेक विभूतियोंने 'आज' के माध्यमसे क्रान्तिकारी कार्य किया था। स्वतंत्रता संग्रामके दौरमें 'आज' क्रान्तिका सशक्त संवाहक बना। स्वतंत्रता आन्दोलनमें जन-जनको अनुप्राणित करनेमें 'आज' की भूमिका विशेष रूपसे उल्लेखनीय है। इसके लिए 'आज' ब्रिटिश शासकोंका कोपभाजन बना और साहसके साथ उत्पीड़न और यातनाओंका सामना भी किया लेकिन अपने संकल्पोंसे कभी नहीं डिगा। 'आज' की सेवा यात्रा स्वतंत्रता संग्रामका जीवन्त दस्तावेज है, जो अध्येताओंके लिए अध्ययनका विषय भी है। यद्यपि हिन्दी पत्रकारिताकी जन्मस्थली कोलकाता है, जहांसे ३० मई, १८२६ को हिन्दीका पहला समाचारपत्र 'उदन्त मार्तण्ड' साप्ताहिक स्वरूपमें प्रकाशित हुआ लेकिन हिन्दी पत्रकारिताकी तपोभूमि काशी है, जहां इसके शिल्प और संरचनाका विकास हुआ। इसमें 'आज' का अतुलनीय योगदान रहा। गांधी युगीन पत्रकारिताके कीर्ति स्तम्भ 'आज' ने १०६ वर्षोंके कालखण्डमें अनेक चुनौतियोंका सफलतापूर्वक सामना किया और अपनी सेवा भावना और स्वाभिमानके साथ कोई समझौता नहीं किया। हर प्रकारके दबावसे भी वह मुक्त रहा। परिणामस्वरूप 'आज' ने हिन्दी पत्रकारिताके उन्नयन और विकासमें विशिष्ट स्थान बना लिया। मूल्यपरक पत्रकारिताके ध्वजवाहकके रूपमें 'आज' की सेवाएं चिरस्मरणीय रहेंगी। 'आज' के मनीषी सम्पादकोंका योगदान भी अप्रतिम रहा, जिनके कुशल निर्देशनमें 'आज' ने स्वीकार्य मानक स्थापित करनेमें सफलता प्राप्त की और सम्पादकीय लेखनका जो स्वरूप 'आज' ने प्रस्तुत किया कालान्तरमें वह मानकके रूपमें प्रतिष्ठित हुआ, जिसका अन्य समाचारपत्रोंने भी अनुसरण किया। 'आज' को नयी ऊंचाईतक पहुंचानेमें यशस्वी प्रधान सम्पादक बहुमुखी प्रतिभाके धनी श्रद्धेय श्री सत्येन्द्र कुमार गुप्त का ऐतिहासिक योगदान रहा। आपकी विलक्षण दृष्टिने 'आज' को हिन्दीके सर्वप्रिय समाचारपत्रके रूपमें प्रतिष्ठा दिलायी। हिन्दी पत्रकारिताके अतिरिक्त हिन्दी साहित्यके उन्नयनमें भी 'आज' और उसकी प्रकाशन संस्था ज्ञानमण्डल लिमिटेडका उल्लेखनीय योगदान रहा। शब्दोंके सृजनमें 'आज' का महत्वपूर्ण योगदान अविस्मरणीय रहेगा। राष्ट्रपति, मुद्रास्फीति, अन्तरराष्ट्रीय, वातावरण, वायुमण्डल, सर्वश्री, श्री जैसे अनेक शब्दोंका सृजन 'आज' के विद्वान सम्पादकोंकी देन है और इन शब्दोंको भारत सरकारने भी स्वीकार किया, जो आज प्रचलनमें है। ज्ञानमण्डल लिमिटेडने अनेक उच्चस्तरीय ग्रंथों और शब्दकोशोंका प्रकाशन कर अतुलनीय योगदान किया है। स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्र भारतमें समय-समयपर उत्पन्न चुनौतियोंका सामना करने और देशकी विकास यात्रामें 'आज' का वैचारिक योगदान भी अविस्मरणीय है। राष्ट्रवाद, सामाजिक-सांस्कृतिक और आर्थिक विकास यात्रा तथा सर्वधर्म सद्भावको सुदृढ़ बनानेकी दिशामें 'आज' की बहुआयामी भूमिका उल्लेखनीय है और इसका क्रम निरन्तर बना हुआ है। १०६ वर्षोंके कालखण्डमें शुभेच्छुओं, सुधी पाठकों, लेखकों, ग्राहकों, अनुग्राहकों, अभिकर्ताओं और विज्ञापनदाताओंका सहयोग हमारा सबसे बड़ा सम्बल है और 'आज' परिवार इसके लिए विनम्रतापूर्वक कृतज्ञ है। विश्वास है भविष्यमें भी हमें उनका स्नेह और सहयोग पूर्ववत मिलता रहेगा।











































